दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज

ग्वालियर ■ मंगलवार 22 अप्रैल 2025 ■ वर्ष-26 ■ अंक-273 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04


**सुविचार**

जिस मनुष्य में आत्मविश्वास नहीं है, वह शक्तिमान होकर भी कायर है और पंडित होकर भी मूर्ख है।
-रामप्रताप

## 17वां लोक सेवा दिवसः पीएम मोदी ने नौकरशाहों को दिया विकास का मंत्र

# भाग्य भरोसे नहीं मिलती सफलता

**एमपी** के दो आईएएस को पीएम और 16 अफसरों को सीएम ने नवाजा

**पीएम बोले-** आज की नीतियां तय करेंगी एक हजार साल का भविष्य

**आईएएस** नेहा मीणा और डॉ. राहुल हरिदास फटिंग को मिला पुरस्कार

- वास्तविक प्रगति का मतलब छोटे बदलाव नहीं बल्कि बड़े पैमाने पर प्रभाव
- हर गांव के लिए डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ, यही है समग्र विकास
- देश प्रगतिशील बदलाव से आगे बढ़कर प्रभावशाली बदलाव का गवाह बना
- भारत शासन, पारदर्शिता और नवाचार में नए मानदंड स्थापित कर रहा
- शासन का मतलब प्रणालियों का प्रबंधन नहीं, बल्कि संभावनाओं को बढ़ाना
- सिविल सेवकों की क्षमता बढ़ानी होगी ताकि, सिविल सेवा तैयार कर सकें



सत्ता सुधार ■ नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 17वें लोक सेवा दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान डेढ़ दर्जन आईएएस को सम्मानित किया। मोदी ने मध्य प्रदेश के दो आईएएस अफसरों को भी प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। इन अफसरों में आईएएस राहुल हरिदास फटिंग और नेहा मीणा शामिल हैं। राहुल हरिदास फटिंग को यह पुरस्कार समग्र विकास श्रेणी में दिया गया, जो उनके बड़वानी जिले के समग्र विकास में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देता है। वहीं नेहा मीणा को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम श्रेणी में झाबुआ में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पीएम उत्कृष्टता पुरस्कार में विजेताओं को एक ट्रॉफी और 20 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। वहीं समारोह के दौरान पीएम ने 'लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए जिलों का समग्र विकास' और 'लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से चुनिंदा नवाचार' पर ई-कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाग्य के भरोसे सफलता नहीं मिलती है। हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वे एक हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं।



राहुल हरिदास फटिंग

### गांवों में भी दिख रहा प्रभाव

पीएम ने कहा कि बीते 10 सालों में भारत ने वृद्धिशील परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन का सफर देखा है। आज भारत का शासन मॉडल देश जनरेशन रिफॉर्म पर ध्यान दे रहा है। हम तकनीक, नवाचार और नवीन अभ्यास के जरिए सरकार और नागरिकों के बीच की दूरी समाप्त कर रहे हैं। इसका प्रभाव ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूर दराज के इलाकों में भी दिख रहा है।

### अनुशासन से भरे सिविल सेवक

मोदी ने कहा-इस बार का सिविल सर्विस डे कई वजहों से बहुत विशेष है। इस साल हम अपने संविधान का 75वां वर्ष मना रहे हैं और यह सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भी साल है। 21 अप्रैल, 1947 को सरदार वल्लभभाई पटेल ने आप सभी को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा था यानी ईमानदारी और अनुशासन से भरे सिविल सेवक।

### दुनिया बहुत तेजी से बदल रही

आज हम एक ऐसी दुनिया में हैं जो बहुत तेजी से बदल रही है। हमारी नौकरशाही और नीति-निर्माण पुरानी प्रणालियों पर काम नहीं कर सकते। यही कारण है कि 2014 से ही व्यवस्थागत बदलाव को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया गया है। हम बहुत तेजी से खुद को बदल रहे हैं। भारत का आकांक्षी समाज-चाहे वह युवा हो, किसान हो या महिलाएं-अभूतपूर्व सपने और महत्वाकांक्षाएं रखता है।

## मुरादाबाद को भी प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अवॉर्ड



इधर, दिव्यांगों को ज्ञान और संसाधनों तक समान पहुंच देने की मुरादाबाद प्रशासन की पहल को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। लोक सेवा दिवस पर पीएम मोदी ने डीएम अनुज सिंह को सुगम्य पुस्तकालय की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अवॉर्ड (नवाचार श्रेणी) से सम्मानित किया। इधर, एक्सीलेंस अवॉर्ड से नवाजे जाने पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसे 25 करोड़ प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान समाज के प्रत्येक वर्ग तक ज्ञान की सहज और समान पहुंच सुनिश्चित करने की उत्तर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता की एक झलक है। यह पहल न सिर्फ दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रेरणादायक है, बल्कि उन्हें नई आशा और आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर करती है।

**योगी बोले-पुरस्कार प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण**

**सुगम्य पुस्तकालय को देशभर में पहला स्थान**

## सीएम ने कहा- जनसेवा का प्रभावी माध्यम सिविल सेवा

### अधिकारियों को सीएम उत्कृष्टता पुरस्कार से किया सम्मानित



इधर, भोपाल में सोमवार को प्रशासन अकादमी में सीएम डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सिविल सेवा दिवस समारोह का शुभारंभ किया। पिछले दो साल के प्रदर्शन के आधार पर समारोह के दौरान 16 अफसरों को सीएम एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी अवार्डियों को उनके द्वारा किए गए नवाचारों के लिए बधाई देकर एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया। सीएम ने कहा कि सिविल सेवा सिर्फ एक पेशा नहीं, यह जनसेवा का प्रभावी माध्यम है। सिविल सेवकों का दायित्व है कि वे अपने अधिकारों का निःसंदेह सदुपयोग करें, लेकिन अपने कर्तव्यों से कदापि विमुख न हों। लोक प्रशासन एक वृहद विषय है। इसका मूल मंत्र है- लोगों की हर संभव तरीके से सेवा। सीएम ने कहा कि लोक सेवा एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे पूरी निष्ठा, समर्पण, मनोयोग के साथ निभाना आवश्यक है। एक कुशल सिविल सेवक वह होता है, जो न केवल शासन के नियमों, उपनियमों का पालन करे, बल्कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनता की कठिनाइयों एवं समस्याओं को समझे और उन्हें समुचित समाधान भी प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे कामों और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बेहद जरूरी है। इसीलिए सभी लोक सेवक शासन व्यवस्था में पारदर्शिता लाने और लोक जवाबदेही की भावना को और मजबूत करने की दिशा में कार्य करें।

**लोकसेवकों को प्रदान किया 1 लाख का चेक व प्रशस्ति-पत्र**

---

## ब्रीफ न्यूज

### कर्नाटक के पूर्व डीजीपी की हत्या पत्नी ने की थी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की हत्या के केस में सोमवार को नया खुलासा हुआ। पुलिस के अनुसार पत्नी पल्लवी ओम प्रकाश की हत्या की प्रमुख संदिग्ध है। दोनों के बीच झगड़ा हुआ। यह इतना बढ़ गया कि पत्नी ने उनकी हत्या कर दी।

### 34 खिलाड़ियों को मिला सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों में 34 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हो गई है। रोहित शर्मा, विराट और रविंद्र जडेजा ए+ में बरकरार रहेंगे। वहीं, जसप्रीत बुमराह भी ए+ ग्रेड में बने रहेंगे।

### तीन विमान कंपनियों को 1500 करोड़ का नोटिस

**नई दिल्ली।** इनकम टैक्स विभाग ने इंडिगो समेत तीन डोमेस्टिक एयरलाइन कंपनियों और उनसे जुड़े 15 इंटरनेशनल विमान लेसर्स को 1,500 करोड़ का टैक्स नोटिस भेजा है।

### बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट एक जवान शहीद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एक जवान मनोज पुजारी शहीद हो गए। जवान तोयनार-फरसेगढ़ मार्ग पर सड़क निर्माण की सुरक्षा में तैनात थे। मनोज पुजारी छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स के 19वीं बटालियन पर थे।

### एक पखवाड़े में मिल सकता है भाजपा को नया अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पार्टी के अंदर इंतजार बढ़ता जा रहा है। माना जा रहा है कि इसमें एक पखवाड़े का समय लगेगा। भाजपा और संघ के शीर्ष नेतृत्व के बीच नए अध्यक्ष के साथ ही भाजपा संगठन में बदलावों को लेकर विचार-विमर्श शुरू हो गया है।

## करुणा-विनम्रता के प्रतीक पोप फ्रांसिस अब नहीं रहे



- ईसाई समुदाय के सबसे बड़े धर्म गुरु ने ली अंतिम सांस
- निधन के छठवें दिन होगा अंतिम संस्कार
- परंपराओं के मुताबिक रहेगा 9 दिन का शोक
- पोप को संत की उपाधि देने की मांग उठी

**वेटिकन।** दुनिया में ईसाई धर्म के सबसे बड़े धर्मगुरु करुणा-विनम्रता के प्रतीक पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने वेटिकन में अंतिम सांस ली। एक दिन पहले ही पोप फ्रांसिस मीडिया के सामने आए थे और ईस्टर के मौके पर संदेश दिया था। हालांकि पिछले दिनों की गंभीर बीमारी के बाद वे बेहद कमजोर हो गए थे और व्हीलचेयर पर नजर आए थे। वे इतने कमजोर हो गए थे कि संदेश एक अन्य धर्म गुरु को पढ़ना पड़ा था। पोप फ्रांसिस पिछले दिनों निमोनिया से पीड़ित थे। लंबे समय तक अस्पताल में रहने के बाद उन्हें छुट्टी मिली थी। हालांकि उन्हें अहसास हो गया था कि बीमारी से पूरी तरह उभर पाना उनके लिए मुश्किल होगा। अब आगे सवाल यही है कि अगला पोप किसे चुना जाएगा। माना जा रहा है कि नया पोप चुनने में तीन महीने का समय लग सकता है। इस बीच, पोप फ्रांसिस को सेंट की उपाधि भी दी जा सकती है।

## राहुल बोले-भारत चुनाव आयोग ने किया समझौता

### अब अमेरिका में कहा- हमें विधानसभा चुनाव में साफ दिख रही गड़बड़ी

**महाराष्ट्र में शाम 5:30 से 7:30 के बीच 65 लाख वोट कैसे...**



**बोस्टन।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिका के बॉस्टन में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर सवाल उठाए। उन्होंने भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पूरी तरह साफ है कि भारतीय चुनाव आयोग समझौता कर चुका है। इस सिस्टम में कुछ गड़बड़ी है। दरअसल, राहुल 2 दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। राहुल गांधी ने कहा कि मैं कई बार कह चुका हूं कि महाराष्ट्र में जितने बालिग नहीं हैं, उससे ज्यादा वोटिंग हुई। आयोग ने हमें साढ़े पांच बजे वोटिंग का आंकड़ा बताया। इसके बाद 5:30 से शाम 7:30 के बीच 65 लाख वोटिंग हुई। उन्होंने कहा कि 2 घंटे में 65 लाख वोटिंग नामुमकिन है। एक वोटर को वोट डालने में करीब 3 मिनट लगते हैं। अगर गणित लगाएंगे तो पता चलेगा कि रात 2 बजे तक वोटर्स की लाइन लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हमने चुनाव की वीडियोग्राफी मांगी तो आयोग ने साफ मना कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने कानून भी बदल दिया, ताकि हम आगे वीडियो के बारे में सवाल न कर सकें।

## मुर्शिदाबाद हिंसा! सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- क्या राष्ट्रपति को आदेश दें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर कोई आदेश जारी करने से इंकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि वक्फ कानून के विरोध में हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कोर्ट इस पर फैसला ले। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कोई आदेश नहीं दिया। बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा- क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को इसे लागू करने का आदेश भेजें। हम पर दूसरों के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी के आरोप लग रहे हैं। दूसरी ओर, जस्टिस सूर्यकांत की बेंच में मुर्शिदाबाद हिंसा से जुड़ी दूसरी याचिका पर सुनवाई हुई।

**केंद्रीय बलों की तैनाती से इंकार, वकील के दावों पर भी सवाल**

## भाजपा के इकबाल सिंह होंगे दिल्ली के नए महापौर

**पार्टी ने जय भगवान यादव को डिप्टी मेयर कैंडिडेट बनाया**

**आप का चुनाव से किनारा, कहा- नहीं लड़ेंगे चुनाव**



**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में हार के बाद अब आम आदमी पार्टी ने म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (एमसीडी) चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। पूर्व सीएम आतिशी और दिल्ली के पार्टी अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। चुनाव 25 अप्रैल को होगा। दोनों नेताओं ने कहा कि हमने फैसला लिया है कि मेयर चुनाव में उम्मीदवार नहीं उतारेंगे। आप के इस फैसले के साथ ही दिल्ली मेयर के लिए भाजपा के उम्मीदवार का निर्विरोध निर्वाचन अब तय हो गया है। इधर, भाजपा ने मेयर और डिप्टी मेयर कैंडिडेट की घोषणा कर दी है। पार्टी ने सरदार राजा इकबाल सिंह को मेयर और जय भगवान यादव को डिप्टी मेयर कैंडिडेट बनाया है।

### रायसेन के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में बम्होरी ढाबे के पास हुआ हादसा

## खाई में गिरी गाड़ी, छह लोगों की मौत



- बिहार से इंदौर लौट रहा था परिवार
- हादसे में तीन पुरुष, दो महिलाएं और एक बच्ची ने तोड़ा दम
- गाड़ी में सवार दूल्हा-दुल्हन हुए घायल, अस्पताल में भर्ती

सत्ता सुधार ■ रायसेन

मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में सुल्तानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-45 (भोपाल-जबलपुर मार्ग) पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बम्होरी ढाबे के पास हुआ, जब तेज रफ्तार तूफान गाड़ी (ट्रैवलर) अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई और 10 फीट गहरी खाई में जा गिरी। तूफान गाड़ी में सवार सभी 9 लोग इंदौर के चंदननगर क्षेत्र के निवासी हैं, जो बिहार के पटना में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। लौटते वक्त कार में दूल्हा-दुल्हन समेत परिवार के अन्य सदस्य सवार थे। इस हादसे में दो साल की मासूम बच्ची की भी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायलों में दीपक चोपड़ा दूल्हा है और संगीता दुल्हन है।

**हादसे में इनकी हुई मौतः** वाहन खाई में गिरने से मोहनलाल कुरील पुत्र महावीर प्रसाद (68), चंदा देवी पुत्र मोहनलाल (60), नरेंद्र पुत्र बालाराम चोपड़ा (30), सरिता पत्नी रवि खोलवाल (25), तस्वी उर्फ चीनू (2), ड्राइवर सुनील की मौत हो गई।

**पहुंच से दूर** भोपाल में 24 कैरेट का सोना 98,400 रुपए तोला, देश में रिकॉर्ड, 96,670 पर पहुंची कीमत

## एक लाख की दहलीज पर सोना, चार गुना बढ़ा भाव

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सोने ने सोमवार को नया ऑल टाइम हाई बनाया। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,760 बढ़कर 96,670 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 94,910 रुपए थी। वहीं मप्र की राजधानी भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,400 रुपए पहुंच गई है। इधर एक किलो चांदी की कीमत 1,091 बढ़कर 96,242 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 95,151 प्रति किलो था। देश की राजधानी दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,300 और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,500 रुपए हो गई है। मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,150 और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,350 रुपए पहुंच गई है। कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 90,150 और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 98,350 रुपए और चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 90,150 और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,350 रुपए हो गई है।

**24 कैरेट सोने के दाम एक दिन में 1,760 रुपए बढ़े**

**शादी सीजन में कीमतों में उछाल, उपभोक्ता हो रहे परेशान**



### इस साल 20,508 रुपए महंगा

जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 से 20,508 रुपए बढ़कर 96,670 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 10,225 बढ़कर 96,242 रुपए पर पहुंच गया है।

### इस तरह बढ़े दाम

| साल | कीमत तोला |
|---|---|
| 2015 | 26,343 |
| 2016 | 28,623 |
| 2017 | 29,000 |
| 2018 | 31,000 |
| 2019 | 35,000 |
| 2020 | 48,651 |
| 2021 | 50,000 |
| 2022 | 56,100 |
| 2023 | 61,100 |
| 2024 | 76,160 |
| 2025 | 99,800 |

## झारखंड में एक करोड़ के इनामी समेत आठ नक्सली ढेर

### कोबरा कमांडो और पुलिस की नक्सलियों से मुठभेड़

एजेंसी ■ रांची



झारखंड के बोकारो जिले में सोमवार सुबह सीआरपीएफ के कोबरा कमांडो और पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी समेत आठ नक्सली मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि जिले के लालपनिया इलाके के लुगु हिल्स में सुबह 5.30 बजे मुठभेड़ शुरू हुई। 209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन के जवानों ने अभियान चलाया। मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए। ढेर किए गए नक्सलियों में एक पर एक करोड़ का इनाम था। सुरक्षा बलों को मौके से एक एके सीरीज राइफल, तीन इंसास राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल, आठ देशी बंदूकें और एक पिस्तौल मिली हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मियों में से किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कोबरा सीआरपीएफ की विशेष जंगल युद्ध इकाई है।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री ने प्रभावित परिवारों को स्वीकृत की सहायता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के रायसेन, टीकमगढ़ और चित्तौड़गढ़ में हुई दुर्घटनाओं में प्रदेश के नागरिकों के असामयिक निधन पर दुःख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से सभी मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए एवं गंभीर घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे दुःख की इस घड़ी में शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सड़क दुर्घटनाओं में दिवंगत नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए बाबा महाकाल से प्रार्थना है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना है।

### सरभंगा को टाइगर-रिजर्व बनाने का प्रस्ताव खारिज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने सतना के मझगवां में सरभंगा टाइगर रिजर्व एवं वाइल्डलाइफ सेंचुरी बनवाने की मांग वाले प्रस्ताव को 9 साल बाद खारिज कर दिया है। सरकार ने कहा है कि इससे स्थानीय लोगों के रोजगार छिन जाएंगे। इसके बाद एक बार फिर स्थानीय स्तर पर जन-जागरण अभियान शुरू हो गया है। अलग-अलग संगठनों की टोलियां घर-घर दस्तक देकर, गांव-गांव चौपाल लगाकर आदिवासी समुदाय और ग्रामीणों को सेंचुरी से होने वाले फायदे गिनवा रही हैं। दूसरी ओर, खनिज माफिया के इशारे पर कुछ विरोधी तत्व भी सक्रिय हैं, जो ग्रामीणों को विस्थापन का डर दिखा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर स्थानीय सांसद और विधायक ने चुप्पी साध रखी है। इधर, एनवायरमेंटल एक्टिविस्ट भी सरकार द्वारा प्रस्ताव खारिज करने के तर्क को कुतर्क बता रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने मां क्षिप्रा घाटों की सफाई कर जल गंगा संवर्धन में की सहभागिता

# उज्जैन कुंभ में शिप्रा नदी पर बनेगा जल मार्ग





- हम बावड़ी, तालाब, जल स्त्रोत को कर रहे पुनर्जीवित
- दो सालों में मां क्षिप्रा के 29 किमी घाट होंगे तैयार
- मां क्षिप्रा की परिक्रमा करने वाले को होगी सुविधा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को उज्जैन के मां शिप्रा नदी के रामघाट पहुंचे। जहां उन्होंने घाट की साफ-सफाई की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मां शिप्रा में स्नान के लिए डुबकी लगाई। उन्होंने मां शिप्रा का पूजन अभिषेक भी किया। सीएम ने रामघाट पर सफाईकर्मियों और पंचकोशी यात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि आने वाले कुम्भ में उज्जैन में शिप्रा नदी के अलग-अलग भागों में लोग नौकायन कर एक जगह से दूसरी जगह जा सकेंगे। इसके लिए जलमार्ग बनाया जा रहा है।

उन्होंने मां क्षिप्रा का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हमारे प्रदेश के पुराने ऐतिहासिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का विशेष अभियान है। इसमें नदियों को पुनः प्रवहमान बनने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। भोपाल के पास बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित कर दिया गया है, इस अभियान की यह विशेषता है कि हम अपनी ऐतिहासिक, पुरानी बावड़ी, कुएं, तालाब, जल स्त्रोत को पुनर्जीवित कर रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में और पूरे विश्व में हमारे मध्यप्रदेश की माँ नर्मदा ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है, मध्यप्रदेश सरकार नर्मदा नदी के परिक्रमा स्थल को सुव्यवस्थित कर तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं बनाएंगे और माँ क्षिप्रा के घाटों को 29 किलोमीटर और बनाया जा रहा है, जिससे माँ क्षिप्रा के परिक्रमा करने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी। उज्जैन में माँ क्षिप्रा को प्रवहमान बनाने के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी जलाशय योजना, माँ क्षिप्रा की स्वच्छता बनाए रखने के लिए खान डायवर्सन नदी परियोजना भी चल रही है। इसका 50त्र काम लगभग पूरा हो चुका है, आने वाले 2 वर्षों में माँ क्षिप्रा कल-कल होकर बहेगी, इसी संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन ऐतिहासिक पौराणिक नगरी के साथ-साथ काल गणना का प्रमुख केंद्र रहा है, अकबर, शाहजहां, जहांगीर ने भी उज्जैन में प्रवास किया था और भर्तहरी गुफा पहुंचकर काल गणना के ज्ञान को समझा था, यहां पर उन्होंने टकसाल भी स्थापित कराई थी। यह केवल ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी के साथ एक वैज्ञानिक नगरी भी है हम इसके वैभव को पुनः स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं राजा भृतहरि, सम्राट विक्रमादित्य, सम्राट अशोक के साथ-साथ अन्य महान राजाओं के द्वारा उज्जैन के लिए अनेक प्रकार के प्रमाणिक कार्य किए गए हैं। श्रीमंत महाद जी सिंधिया ने पानीपत के युद्ध के बाद इसके गौरव को पुनर्स्थापित किया और लाल किले पर धवज फहराया था। इन सभी महान राजाओं की गाथा का आज भी उज्जैन की भूमि आज भी यशोगान कर रही है।

डॉ. यादव द्वारा सलामतपुर से आए पंचकोशी यात्रियों का सम्मान किया गया और उनकी यात्रा का शुभारंभ कराया गया और नगर निगम के स्वच्छता मित्रों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकाल थाने को आईएसओ प्रमाण पत्र मिलने पर शुभकामनाएं दी हैं।

### विकसित मप्र की संकल्प यात्रा में अपना योगदान दें लोकसेवक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस (नेशनल सिविल सर्विस-डे) की शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा है कि आज का दिन प्रगति, गरीबों के उत्थान और प्रशासनिक व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण से लोक-कल्याण के प्रयासों को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि लोक-सेवकों के कठिन परिश्रम, लगन और प्रतिबद्धता से देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। उन्होंने सभी लोक-सेवकों से विकसित मध्यप्रदेश की संकल्प यात्रा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान किया है।

### हम 27 फीसदी आरक्षण के पक्ष में

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओबीसी आरक्षण को लेकर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि उनकी सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय पर पूरी तरह कायम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस मुद्दे पर कानूनी और संवैधानिक दृष्टिकोण से ठोस कदम उठा रही है। सीएम ने ओबीसी आरक्षण को लेकर सरकार की स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि उनकी सरकार 27 प्रतिशत आरक्षण देने के स्टैंड पर पूरी तरह कायम है। उन्होंने कहा कि सॉलिसिटर जनरल से भी इस विषय में चर्चा की गई है और उन्हें सरकार का स्पष्ट पक्ष रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ काम हो रहा है और प्रदेश सरकार भी सर्वहारा वर्ग के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार न्यायपूर्ण और समावेशी नीतियों के माध्यम से सभी वर्गों को समान अवसर देने के संकल्प पर अडिग है।

## टेलीकॉम सेक्टर की बड़ी कम्पनियां करेंगी निवेश



### मप्र में केन्द्रीय स्थिति का लाभ उठाएं निवेशक

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। दूरसंचार सुविधाओं का विकास एवं विस्तार आज की बड़ी जरूरत है। मध्यप्रदेश में टेलीकॉम सेक्टर के विकास के लिए यहां आने वाले हर उद्यमी, हर निवेशक का स्वागत है। टेलीकम्यूनिकेशन फेसिलिटीज को बेहतर बनाकर हम प्रदेश के हर क्षेत्र व केन्द्रीय दुर्गम इलाकों में कनेक्टिविटी बढ़ाना चाहते हैं। मध्यप्रदेश देश का हृदय स्थल है। निवेशक राज्य की देश में केन्द्रीय स्थिति का भरपूर लाभ उठाएं। टेलीकॉम सेक्टर में इन्वेस्ट करने के लिए मध्यप्रदेश आने वाले हर निवेशक के हितों का सरकार पूरा ध्यान रखेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में प्रदेश में दूरसंचार उत्पादन क्षेत्र (टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन-टीएमजेड) की स्थापना एवं इसके क्रियान्वयन के संबंध में बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टेलीकॉम सेक्टर में निवेश करने के इच्छुक निवेशकों से आत्मीय चर्चा कर सरकार की प्रतिबद्धताओं और भावी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में ग्वालियर, जबलपुर जैसे क्षेत्रों में टेलीकॉम सेक्टर के विकास की असीम संभावनाएं हैं। हमारी सरकार टेलीकॉम सेक्टर के विकास के लिए निवेशकों को हर संभव सहयोग करेगी। आप बेझिझक निवेश कीजिए, आपके हितों की चिंता सरकार करेगी।

डॉ. यादव ने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी कॉन्क्लेव होने जा रही है। इच्छुक निवेशक इसमें अपना प्रस्ताव दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन के निर्माण के लिए बड़े लैण्ड बैंक की आवश्यकता होगी। निवेशकों से कहा कि कम जमीन में ज्यादा निर्माण इकाईयां स्थापित करने से लागत भी कम होगी और प्रबंधन में भी आसानी होगी। निवेशक इसी दिशा में आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री के साथ बैठक में निवेशकों ने कहा कि वे विचार-विमर्श कर जल्द ही अपना निर्णय लेंगे और सरकार को अवगत कराएंगे।

बैठक में बताया कि ग्वालियर जिले में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) बनाया जाना प्रस्तावित है। यह टीएमजेड करीब 350 एकड़ जमीन पर बनेगा। इस टीएमजेड में टेलीकॉम सेक्टर से जुड़ी सभी एसेसरीज (सहायक उपकरण), सिस्टम्स, कम्पोनेंटस, वाइफाई, ऑप्टिकल्स, मोबाइल डिवाइसेस, सिमकार्ड, एंटीना, टेलीकॉम चिप्स सहित टेलीकॉम सेक्टर में नई 6जी टेक्नॉलाजी के लिए अनुसंधान एवं विकास के कार्य भी किए जाएंगे। टेलीकॉम सेक्टर की डिक्सॉन, वॉयकॉन, आईबीएम, निक्सन एवं एरिक्सन जैसे सभी बड़ी कम्पनियां यहां निवेश करने के लिए आएंगी। इससे प्रदेश में टेलीकॉम सेक्टर का विस्तार होगा और सेवाएं भी बेहतर होंगी।

## पशुपालकों को उपलब्ध कराएं उन्नत नस्ल के सांड

भोपाल। विभागीय योजनाओं के माध्यम से पशुपालकों को उन्नत नस्ल के सांड उपलब्ध कराएं, जिससे गो वंश का नस्ल सुधार हो और दुग्ध का उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाई जा सके। मध्यप्रदेश विधानसभा की कृषि विकास समिति द्वारा सोमवार को पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय जर्सी पशु प्रजनन क्षेत्र भदभदा, भोपाल, के भ्रमण के दौरान विभागीय अधिकारियों को ये निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान समिति के सदस्यों द्वारा विगत 3 वर्षों में प्रक्षेत्र की संचालन प्रक्रिया, प्रक्षेप पर संधारित नस्लों, प्रक्षेत्र के आय व्यय, बाउंड्री वॉल के निर्माण, असिंचित भूमि को सिंचित करने, कॉन्फ्रेंस हॉल की व्यवस्था, गोवंश की जेनेटिक ब्रीडिंग वैल्यू टेस्टिंग, प्रक्षेत्र का सीमांकन तथा पशुपालकों को डेयरी प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण संस्थान के निर्माण आदि विषयों पर चर्चा की गई।

## मुख्यमंत्री से केंद्रीय राज्यमंत्री ने की सौजन्य भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री एल. मुरुगन ने सोमवार को मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने पुष्प-गुच्छ भेंटकर व अंग वस्त्रम ओढ़ाकर केंद्रीय मंत्री मुरुगन का स्वागत किया। डॉ. यादव और केंद्रीय मुरुगन ने मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की।

## सीएम ने नव दम्पति को दिया आशीर्वाद



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुरहानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस के यहां आयोजित विवाह समारोह में शामिल होकर चिं. समर्थ और सौकां नम्रता को आशीर्वाद दिया। उन्होंने उनके सुखद, स्वस्थ एवं सफल दांपत्य जीवन की मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव विवाहित जोड़े को रामचरित मानस महाकाव्य की प्रति भी भेंट की। समारोह में जल संसाधन एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, नेपानगर विधायक मंजू दादू, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आनंदपुर धाम के पदाधिकारी ने सीएम को भेंट किया श्रीप्रसाद



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को स्टेट हैंगर पर अशोकनगर जिले के श्री आनंदपुर धाम के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की।पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गुरु महाराज का श्रीप्रसाद प्रदान किया और श्री आनंदपुर धाम पधारने के लिए आभार व्यक्त कर पुनः पधारने का आग्रह भी किया।

## सर्वदलीय बैठक के बाद होगा लाइव प्रसारण का फैसला!

### ई-विधानसभा को लेकर तैयारी, सदन में केवल बिछाना शुरू

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मप्र विधानसभा में कार्यवाही का लाइव प्रसारण का फैसला सर्वदलीय बैठक के बाद होगा। मई के पहले सप्ताह में सर्वदलीय बैठक हो सकती है। इधर विधानसभा के मानसून सत्र से सदन की कार्यवाही लाइव हो सकती है। इसी कड़ी में जहां सदन में केवल बिछाने का काम शुरू हो गया है वहीं राष्ट्रीय सूचना केंद्र विधायकों के लिए लैपटॉप खरीद रहे है। देश के 13 प्रदेशों के 14 सदनों में केंद्र सरकार की विधान परियोजना लागू हो चुकी है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सर्वदलीय बैठक में फैसला लेंगे। मध्य प्रदेश के लिए 19 करोड़ 36 लाख रुपए की परियोजना के कामों का अनुमोदन मिल चुका है।

बता दें कि विधानसभा के लाइव प्रसारण को लेकर कांग्रेस हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा चुकी है। कांग्रेस विधायक सचिन यादव और प्रताप सिंह ग्रेवाल की याचिका पर हाईकोर्ट सरकार को नोटिस भेज चुकी है। इंदौर हाईकोर्ट बेंच ने नोटिस भेजकर सरकार से चार हफ्ते में जवाब मांगा है। ई विधानसभा में कार्यवाही को लेकर तैयारियां जारी है। ई विधानसभा को लेकर विधानसभा की टीम तीन राज्यों का दौरा कर चुकी है। विधायकों के लिए लैपटॉप खरीदने का टेंडर जल्द जारी होगा।

### नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव शैलजा बोलीं-

## जब पैसा ही नहीं है तो लॉन्ड्रिंग कहां है? देश को गुमराह करने की साजिश

सत्ता सुधार ■ भोपाल



नेशनल हेराल्ड केस को लेकर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा ने भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर कई आरोप लगाए हैं। उन्होने कहा कि कहा कि मीडिया में भाजपा और सरकार द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है। भाजपा, आरएसएस का मानना है कि एक बात को तब तक बोलते रहो, जब तक लोग सच न मान लें। कितना भी गलत बोलेंगे लोग आखिरकार उसे सच मानने लग जाएंगे। कुछ बातें ऐसी हैं जिनको लेकर ये सालों से लगे हैं फिर भी निचोड़ नहीं निकल रहा। इनका प्रयास लोगों के असली मुद्दे जो आम नागरिक की जिन्दगी को छूते हैं उन सब बातों से ध्यान हटाएं।

उन्होंने ने कहा कि आर्थिक संकट, लोगों के मुद्दों और विदेश नीति से जुड़ी चुनौतियों अमेरिका, चीन और बांग्लादेश से ध्यान भटकाने के लिए उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। यह कानूनी प्रतिशोध के अलावा कुछ और नहीं है। अगर कोई कंपनी कर्ज से छुटकारा पाना चाहती है तो वह एक नई कंपनी बनाती है और उस कर्ज को नई कंपनी में ट्रांसफर करती है। कंपनी कानून के मुताबिक यह कानूनन सही है। जब पैसा ही नहीं है तो इसमें लॉन्ड्रिंग कहां है? अगर कोई अपराध हुआ है तो वह दो मास्टरमाइंड ने किया है, मोदी जी और अमित शाह, जिन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग का झूठा प्रचार करके कानून का दुरुपयोग किया है। कुमारी शैलजा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला देश के सामने मौजूद ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने और देश को गुमराह करने के लिए भाजपा की साजिश है। ये सरासर एक राजनीतिक प्रतिशोध है। सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ श्रष्ठ द्वारा दायर आरोपपत्र कुछ और नहीं बल्कि जनता का ध्यान बेरोजगारी, गिरती लष्ठक्ष और सामाजिक अशांति से भटकाने, जनता को भ्रमित करने और बरगलाने के लिए गढ़ा गया एक झूठ है। शैलजा ने कहा कि चुनिंदा न्याय कुछ और नहीं बल्कि राजनीतिक ठगी है। ईडी को जवाब देना चाहिए कि एजेंसी ने एनडीए के किसी सहयोगी या भाजपा नेता को क्यों नहीं हुआ।

**राजनीति** | राज्य, जिला और विधानसभा स्तर पर करेंगे रैली, घर-घर देंगे दस्तक

# कांग्रेस का 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान 25 से

सत्ता सुधार ■ भोपाल

कांग्रेस द्वारा मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान 25 अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत राज्य स्तर, जिला स्तर और विधानसभा स्तर पर रैली का आयोजन होगा। इसके बाद घर-घर जाकर दस्तक देकर कांग्रेस अपनी बात लोगों तक पहुंचाएगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा इस बारे में जारी किए गए परिपत्र में कहा गया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की 19 अप्रैल को आयोजित की गई बैठक में इस अभियान की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया था। इसके बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की 22 अप्रैल की बैठक में इस अभियान को चलाने के लिए समन्वयक नियुक्त करने का फैसला लिया गया।

कांग्रेस द्वारा जो रोडमैप बनाया गया है उसके अनुसार संविधान बचाओ अभियान के तहत सबसे पहले 25 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जाएगा। इन रैली में केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं को निरंतर कमजोर किए जाने, कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज करने, संसदीय प्रक्रिया को कमजोर करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने के मुद्दे को उठाया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं और प्रमुख नागरिक समाज के प्रतिनिधियों को सभा को संबोधित करने के लिए बुलाया जाएगा। इसके बाद 3 मई से 10 मई तक जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन होगा। इन रैलियों में बेरोजगारी, महंगाई, लघु एवं मध्यम उद्योगों का पतन, ग्रामीण संकट और कल्याणकारी नीतियों को कमजोर करने के मुद्दे को उठाया जाएगा। फिर 11 मई से 17 मई तक विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन होगा। इस रैली को विधायक, विधानसभा उम्मीदवार, ब्लॉक अध्यक्ष और बूथ स्तर के नेताओं द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस रैली में राज्य सरकार की विफलता, केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग, दलित, आदिवासी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाए जाएंगे। इस अभियान के पश्चात 20 मई से 30 मई तक घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान पूरे देश में चलाया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा अभियान के संचालन की गाइडलाइन जारी करने के साथ ही प्रदेश कांग्रेस को यह भी निर्देश दिया गया है कि इस अभियान के तहत किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट भी भेजें।




### प्रदेश कांग्रेस ने आज बुलाई बैठक

मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी और सभी जिला अध्यक्ष को बुलाया गया है। बैठक में मध्यप्रदेश के प्रभारी हरीश चौधरी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस के आदेशानुसार 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान के संचालन को लेकर रणनीति बनाई जाएगी।

### संगठन मजबूती को लेकर बनाया प्लान

मप्र कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी ने संगठन की मजबूती के लिए रणनीति बनाई है। प्रदेश की 230 विधानसभाओं में प्रदेश कांग्रेस का एक प्रतिनिधि होगा। एमपी प्रभारी हरीश चौधरी ने 15 दिन के अंदर प्रभारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि एमपी कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी पिछले दो महीने में प्रदेश के अलग-अलग संभागों का दौरा कर चुके हैं।

## 257 वारंटियों सहित चार शराब तस्कर, दो सटोरिए पकड़े, 383 हिस्ट्रीशीटर्स किए चेक

# सीएम विजिट से पहले गुंडे- बदमाशों को कसने कॉम्बिंग गश्त पर निकली पुलिस

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर





आगामी 24 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर प्रवास पर आ रहे हैं, इससे पूर्व कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं गुंडे- बदमाशों को कसने के मकसद से जिले भर की पुलिस देर रात कॉम्बिंग गश्त पर निकली। इस दौरान कुल 257 वारंटियों सहित चार शराब तस्कर, दो सटोरिए व छह अन्य प्रकरणों के आरोपी पकड़ने के साथ ही 383 हिस्ट्रीशीटर्स को चेक किया गया।

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने व आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर रविवार- सोमवार की दरमियानी रात शहर व देहात के थाना क्षेत्रों में देर रात तक कॉम्बिंग गश्त किया गया। इस दौरान एएसपी कृष्ण लालचंदानी, गजेंद्र वर्धमान, सुमन गुर्जर व निरंजन शर्मा सहित एवं पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने- अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों व फोर्स के साथ क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त किया गया। इससे पूर्व सर्किल वाइज फोर्स को अलग- अलग स्थानों पर एकत्रित कर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा ब्रीफ कर अलग- अलग क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त के लिए रवाना किया गया। पैदल गश्त करते हुए पुलिस अफसरों ने फरार आरोपियों, वारंटियों, गुंडे- बदमाशों व हिस्ट्रीशीटर्स के घरों पर दस्तक देकर उनका रिकॉर्ड अपडेट करने के साथ ही उन्हें स्पष्ट शब्दों में हिदायत दी, कि अगर किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए गए, तो उनकी खैर नहीं और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस टीमों ने क्षेत्र में स्थित बैंक एटीएम, होटल, लॉज, धर्मशालाओं व ढाबों को भी चेक किया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों तथा मुंह बांधे दो पहिया वाहन चालकों की विशेष तौर पर चेकिंग की गई।

### कॉम्बिंग गश्त में की यह कार्रवाई

कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने जिले में कुल 136 स्थाई वारंट व 121 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए। साथ ही 197 गुंडों एवं 186 हिस्ट्रीशीटर्स आरोपियों को चेक किया। वहीं डबरा थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक बदमाश को पकड़ा गया, जबकि अवैध शराब की चार, सट्टे के दो तथा अन्य छह प्रकरणों में कार्रवाई की गई।

### एसएसपी ने मॉनिटरिंग कर अफसरों को दिए निर्देश

कॉम्बिंग गश्त की मॉनिटरिंग करने के लिए एसएसपी धर्मवीर सिंह खुद देर रात तक विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे। जिन्होंने संबंधित पुलिस अफसरों से जानकारी लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। एसएसपी ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेलते पुलिस ने तीन धरे

### क्राइम ब्रांच व बहोड़ापुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



क्राइम ब्रांच व बहोड़ापुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहे तीन सटोरियों को रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों सटोरिया मूलतः मुरैना के रहने वाले हैं, जो सट्टेबाजी करने के लिए ही ग्वालियर आकर रह रहे थे। आरोपियों के पास से जब्त तीनों मोबाइलों में आईपीएल की ऑनलाइन बेटिंग आईडी खुली होने के साथ ही बुक किए गए दांवों का हिसाब- किताब भी मिला है।

एसएसपी धर्मवीर सिंह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत दी गई है, कि कहीं भी आईपीएल क्रिकेट पर सट्टेबाजी नहीं होना चाहिए। इसी क्रम में बीती रात पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि बहोड़ापुर थाना क्षेत्रांतर्गत सरकारी मल्टी के पास दाने बाबा मंदिर के पार्क में तीन युवक मोबाइल से आईपीएल क्रिकेट मैच पर हार- जीत का दांव लगाकर सट्टा खेल रहे हैं। उक्त जानकारी जब एएसपी कृष्ण लालचंदानी व सुमन गुर्जर तक पहुंचने पर उन्होंने क्राइम डीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार एवं ग्वालियर सर्किल सीएसपी किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में बहोड़ापुर थाना व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया, तो पार्क में बेंच पर बैठे तीन युवक मोबाइल में व्यस्त थे। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़कर उनके पास मौजूद मोबाइल चेक किए, तो उनमें आईपीएल मैच की आईडी खुली हुई थी, और वह मुंबई- चेन्नई तथा पंजाब- बैंगलोर के मैच पर ऑनलाइन दांव बुक कर रहे थे। इस पर पुलिस तीनों को पकड़कर थाने ले आई। जहां की गई पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सौरभ पुत्र जगदीश त्यागी (23 वर्ष) निवासी जैतपुर थाना जौरा हाल सरकारी मल्टी सागरताल रोड, सचिन पुत्र रामअवतार त्यागी (22 वर्ष) निवासी ग्राम मानगढ़ थाना कैलारस एवं सुमित पुत्र कुंजबिहारी शर्मा (28 वषज़्) निवासी भट्टपुरा थाना कैलारस बताया है। आरोपियों के मुताबिक उन्होंने हरिओम त्यागी से 20 हजार रुपए में यह ऑनलाइन बैट आईडी व पासवर्ड लिया था, जिसने उन्हें कुछ कॉइंस भी दिए थे। इस पर पुलिस द्वारा पकड़े गए सटोरियों के साथ ही उन्हें आईडी मुहैया करवाने वाले को भी आरोपी बनाते हुए धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत कायमी कर पूरे मामले की विवेचना की जा रही है। उक्त कार्रवाई में बहोड़ापुर टीआई जितेंद्र सिंह तोमर, क्राइम ब्रांच टीआई हितेंद्र सिंह राठौर, एसआई रामचंद्र शर्मा, महावीर सिंह, प्रधान आरक्षक भगवती सोलंकी, नरवीर राणा, आरक्षक सोनू त्यागी, गिर्राज शर्मा, योगेंद्र सिंह तोमर, रामवीर सिंह व राघवेंद्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## एमपीसीसीआई के प्रतिनिधिमंडल ने चीन में रबर एवं प्लास्टिक उत्पाद निर्माता इकाई का दौरा किया



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमपीसीसीआई) के प्रतिनिधिमंडल ने चीन के शेन्जेन में स्थित एक प्रमुख रबर एवं प्लास्टिक उत्पाद निर्माता इकाई का औद्योगिक दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल में मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, विवेक अग्रवाल एवं गर्वित अग्रवाल शामिल थे। यात्रा के दौरान कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) द्वारा प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया तथा भविष्य में आपसी सहयोग की इच्छा व्यक्त की गई। कंपनी के सेल्स प्रतिनिधि ने प्रतिनिधिमंडल को कंपनी के इतिहास, ग्राहक आधार, उत्पाद पोर्टफोलियो एवं वैश्विक उपस्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय उद्योगों और शेन्जेन स्थित उद्योगों के बीच प्लास्टिक और रबर घटकों की आपूर्ति को लेकर संभावित सहयोग के अवसरों का अन्वेषण करना था। बैठक में तकनीकी विनिमय और नवाचार जैसे आपसी रुचि के विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल को कंपनी की उत्पादन इकाई का गाइडेड टूर कराया गया, जिसमें कच्चे माल की प्रोसेसिंग, उत्पादन तकनीकों और तैयार उत्पाद खंड को गहराई से समझने का अवसर प्राप्त हुआ। एमपीसीसीआई के प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा औद्योगिक तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है।

### एनएसएस ने लगाया पोषण जागरूकता शिविर



**ग्वालियर।** महात्मा गांधी कॉलेज ऑफ लॉ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने 8 से 22 अप्रैल तक मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत गतिविधियों की श्रृंखला में ग्राम बजरंगपुरा बस्ती में पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन किया। सर्वप्रथम 15 वर्ष तक के बच्चों को एकत्रित कर उनकी उम्र, लंबाई एवं वजन की जानकारी नोट की गई। तत्पश्चात अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार उनका बीएमआई स्तर निकाला गया। कार्यक्रम अधिकारी नौवेन्द्र सिंह रावत ने बच्चों के माता पिता को सही पोषण के लाभ बताते हुए उनसे बच्चों को घर में सहज उपलब्ध और पोषक तत्वों से भरपूर आहार देने का सुझाव दिया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्राम के प्रत्येक घर का सर्वे किया एवं सामान्य दैनिक आवश्यकताओं के बारे जानकारी एकत्रित की। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों एवं उनकी माताओं को कैले वितरित किए गए। कार्यक्रम में आकांक्षा, जहान्वी, निशिता, खुशी, देव, आकाश, अजय, खुशी, अभिषेक, रविंद्र, राजा, आकाश, अजय, सुनील एवं मुरली ने महत्वपूर्ण कार्य किया।

### जेयू के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष और सचिव ने दिया इस्तीफा

**ग्वालियर।** जीवाजी यूनिवर्सिटी गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के 2 मुख्य पदाधिकारियों अध्यक्ष संजय सिंह भदौरिया और सचिव फारुख़ खां ने अपने-अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। कार्यकारिणी का दो साल का कार्यकाल गत जनवरी 2025 में पूरा हो चुका है। कुलसचिव से संघ के चुनाव कराने का आग्रह किया है।

# शिवरात्रि पर अचलेश्वर से चेन चोरी, दो माह बाद एफआईआर

■ पुलिस बोली- सीसीटीवी फुटेज से नहीं हो रही घटना की तस्दीक

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर कंपू थाना क्षेत्रांतगज़्त अचलेश्वर महादेव मंदिर पर दर्शन करने पहुंची बुजुर्ग महिला की भीड़भाड़ के बीच सोने की चेन चोरी हो गई। जिसकी एफआईआर करीब दो माह बाद दर्ज हुई है। हालांकि अब भी पुलिस का कहना है, कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से घटना की तस्दीक नहीं हो रही है, वह तो फरियादी की जिद के चलते प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

दरअसल बीती 26 फ़रवरी को नाका चंद्रवदनी का नाका स्थित यादव कॉलोनी में रहने वाले रामेश्वर गुप्ता की सास रूक्मणी सिजारिया दर्शन करने अचलेश्वर मंदिर गई थीं। जहां भीड़ के बीच उनकी करीब 50 हजार रुपए की सोने की चेन किसी ने चोरी कर ली। रूक्मणी देवी को घर पहुंचकर इसका पता लगा, तो उन्हें ध्यान आया कि कुछ महिलाएं उन्हें घेरकर टकराते हुए निकली थीं, जिससे उन्होंने कंपू थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की। इस पर पुलिस द्वारा अचलेश्वर मंदिर व उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, तो कुछ संदिग्ध महिलाएं रूक्मणी देवी से टकराकर निकलती हुई तो नजर आईं, लेकिन इससे यह तस्दीक नहीं हो पा रही है, कि उन्होंने ही उनकी सोने की चेन चुराई हैं।

### जिस मार्ग से निकलीं वहां नहीं हैं कैमरे

पुलिस संदेही महिलाओं के जाने का रूट खंगालते हुए आगे बढ़ी, तो वह अचलेश्वर चौराहा से सीधे रानीपुरा की ओर चली गईं। चूंकि उक्त मार्ग पर कैमरे नहीं लगे हैं, जिससे पुलिस की जांच अधर में ही लटक गई। इसके बावजूद फरियादी कार्रवाई के लिए रोजाना थाने के चक्कर काटता रहा, जो प्रकरण दर्ज करवाने पर अड़ गया। उसकी जिद के चलते बीते रोज पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ चेन चोरी की एफआईआर दर्ज कर मामले को एक बार फिर विवेचना में ले लिया गया है।

**इनका कहना है**

शिवरात्रि पर अचलेश्वर मंदिर में दर्शन करने आई बुजुर्ग महिला की चेन चोरी हो गई थी। फरियादी ने कुछ महिलाओं पर शंका जताई थी, जो फुटेज में उनसे टकराते तो दिख रही हैं, लेकिन उनके द्वारा चेन चोरी करने की पुष्टि नहीं हो रही है। फिलहाल अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर घटना की विवेचना की जा रही है।

**रूद्र पाठक**
**थाना प्रभारी, कंपू**

# सिगरेट- पुड़िया की गुमटी की आड़ में शराब बेचने वाला तस्कर धरा

■ आरोपी के कब्जे से 13 हजार रुपए की अवैध देशी शराब बरामद

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

सिगरेट- पुड़िया की गुमटी की आड़ में अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाले तस्कर को बिजौली थाना पुलिस द्वारा बीती रात गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से करीब 13 हजार रुपए की अवैध देशी शराब बरामद हुई है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर उससे पूछताछ की जा रही है।

एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर जिले भर में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात एएसपी कृष्ण लालचंदानी को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि बिजौली थाना क्षेत्रांतर्गत चित्तौरा मेन रोड पर ईंटों की बनी गुमटी से सिगरेट- पुड़िया की आड़ में अवैध शराब बेची जा रही है। इस पर एएसपी द्वारा बेहट सकिज़्ल एसडीओपी मनीष यादव एवं बिजौली टीआई प्रीति भार्गव के मार्गदर्शन में बिजौली थाने की टीम को बताए गए स्थान पर पहुंचाया, जिसने वहां घेराबंदी करते हुए मौजूद एक संदिग्ध युवक को धरदबोचा। पुलिस द्वारा जब गुमटी की तलाशी ली गई, तो उसमें से करीब 13 हजार रुपए कीमत के 100 क्वाटज़्र देशी प्लेन शराब तथा 50 क्वार्टर देशी मसाला शराब के बरामद हुए। इस पर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया, जहां की गई पूछताछ में उसने अपना नाम बृजेश पुत्र गोपाल सिंह चौहान (44 वर्ष) निवासी ग्राम मोहरमन सिंह का पुरा थाना बिजौली बताया है। पकड़े गए तस्कर के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है, कि वह यह अवैध शराब कहां से लेकर आता था।

### छह पेटी अवैध शराब सहित एक्टिवा सवार पकड़ा

- झांसी रोड थाना पुलिस ने रामनगर मागज़् स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास से अवैध शराब की खेप लेकर जा रहे एक्टिवा सवार युवक को पकड़ा है, जिसके कब्जे से छह पेटी देशी प्लेन मदिरा बरामद हुई है।
- पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम कृष्णकांत उर्फ किशन कुशवाह पुत्र मोहन सिंह कुशवाह (43 वर्ष) निवासी लभेड़पुरा नाका चंद्रवदनी बताया है।

# रंजिशन घर के बाहर खड़ी दुश्मन की ऑटो में लगाई आग

**ग्वालियर।** पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने अपने दुश्मन के घर के बाहर खड़ी उसकी ऑटो में आग लगा दी। आरोपी द्वारा आधी रात को चुपचाप बाइक से वहां आकर वारदात को अंजाम दिया गया, लेकिन सीसीटीवी कैमरे में उसकी हरकत कैद हो गई। गोला का मंदिर इलाके में घटित उक्त घटना में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है। गोला का मंदिर थाना क्षेत्रांतर्गत गायत्री विहार कॉलोनी निवासी लोकपाल सिंह चौहान पेशे से ऑटो चालक है। जिसका सैनिक कॉलोनी में रहने वाले चंदन राजावत से पुराना विवाद चला आ रहा है। जिसके चलते बीते गुरुवार की रात 12.30 बजे के लगभग चंदन बाइक पर सवार होकर लोकपाल के घर के गेट पर आया, और घर के बाहर खड़ी उसकी ऑटो क्रमांक एमपी07 आर 4918 में आग लगाकर भाग गया। जब लोकपाल को ऑटो में आग लगने का पता लगाा, तो उसने मोहल्ले वालों की मदद से जैसे- तैसे आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ऑटो में काफी नुकसान हो चुका था। तीन दिन तक तो लोकपाल को पता ही नहीं लगा, कि उसकी ऑटो में आग कैसे लगी। चूंकि उसका चंदन राजावत से झगड़ा चल रहा था, जिससे उसे उस पर शंका थी, इसलिए हकीकत पता लगाने के लिए उसने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए, तो गुरुवार रात करीब 12.25 बजे चंदन बाइक पर सवार होकर उसके घर के गेट पर आकर ऑटो में आग लगाकर जाता हुआ नजर आ गया। हालांकि यह फुटेज एकदम क्लियर तो नहीं है, लेकिन पीड़ित ने अपने दुश्मन को पहचान लिया। इसके बाद बीती शाम उसने थाने पहुंचकर घटना की शिकायत करते हुए चंदन पर ऑटो में आग लगाना बताया, जिसके साक्ष्य के तौर पर उसने वीडियो फुटेज भी पुलिस को सौंपा है। गोला का मंदिर टीआई हरेंद्र शर्मा ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर संदेही के खिलाफ बीएनएस की धारा 126(एफ) के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है।

### हिट एंड रनः तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से युवक की मौत

**ग्वालियर।** शासन- प्रशासन द्वारा तमाम प्रयासों के बाद भी हिट एंड रन के केसों में लगातार इजाफा हो रहा है। इसी क्रम में हजीरा थाना क्षेत्रांतर्गत मल्लगढ़ा चौराहा के पास एक तेज रफ्तार ऑटो चालक रास्ते से गुजर रहे युवक को टक्कर मारता हुआ निकल गया। गंभीर रूप से घायल युवक की हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तस्दीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हजीरा थाना क्षेत्रांतर्गत चार शहर का नाका इंदिरा नगर कॉलोनी निवासी बाबू राठौर उर्फ समर पुत्र संजय राठौर (28 वर्ष) बीती सुबह 11 बजे के लगभग मल्लगढ़ा के समीप स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप के पास से निकल रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार में आया ऑटो का चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मारता हुआ निकल गया। ऑटो से टकराकर गंभीर रूप से घायल बाबू वहीं पड़ा रह गया। हादसा देख जुटे लोगों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा उसे हॉस्पिटल पहंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पीएम करवाकर अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए) व 106(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।







# अवैध हथियार के साथ पकड़ा मुरैना का शातिर बदमाश

### आरोपी से 32 बोर की पिस्टल व दो राउंड हुए बरामद

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से अवैध हथियार लेकर एवं बाइक का नंबर मिटाकर घूम रहे मुरैना के बदमाश को हजीरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान पकड़ा है, जिसके कब्जे से 32 बोर की पिस्टल व दो राउंड बरामद हुए हैं। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कायमी कर उससे पूछताछ की जा रही है।

एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने व उनकी खरीद-फरोख्त करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी कृष्ण लालचंदानी व महाराजपुरा सर्किल सीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में हजीरा थाना पुलिस अवैध हथियार पकड़ने के लिए क्षेत्र में भ्रमण करते हुए संदिग्ध लोगों एवं वाहनों को चेक कर रही थी। इसी महू- जमाहर रोड पर नंबर मिटाई हुई बाइक लिए खड़े एक संदिग्ध युवक ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए धरदबोचा। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 32 बोर की पिस्टल व दो राउंड बरामद हुए। आरोपी को थाने लाकर की गई पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल पुत्र आलोक सिंह राजावत (32 वर्ष) निवासी ग्राम जल का नगरा थाना अंबाह जिला मुरैना बताया है। वहीं जब उससे बाइक का नंबर मिटाने के संबंध में पूछताछ की, तो उसने उक्त बाइक अपने दोस्त की होना बताई है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के विरूद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### पूर्व से दर्ज हैं सात अपराध

पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी बेहद शातिर बदमाश है। जिसके खिलाफ पूर्व से मुरैना जिले के अंबाह थाने में आर्म्स एक्ट, मारपीट, छेड़खानी व एससी-एसटी एक्ट सहित कुल सात अपराध पंजीबद्ध होना पाए गए हैं। उक्त कार्रवाई में इंचार्ज हजीरा थाना प्रभारी बृजेंद्र भदौरिया, एसआई हरेंद्र भदौरिया, एएसआई सतेंद्र सिंह राजावत, आरक्षक संदीप जाट, नरेश शाक्य, धर्मेंद्र शर्मा व जितेंद्र सिंह जादौन की सराहनीय भूमिका रही।






रंग लाई ऊर्जा मंत्री द्वारा सिंधिया से की गई मांग

# युवाओं को रोजगार की राह होगी आसान ग्वालियर में बनेगा टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने ऊर्जा मंत्री द्वारा युवाओं को रोजगार के लिए उद्योग की मांग का नतीजा रंग लेता दिखाई दे रहा है। सोमवार को सीएम ने टेलीकॉम सेक्टर के निवेशकों के साथ चर्चा में बताया कि ग्वालियर में 350 हेक्टेयर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) बनाया जाएगा। निश्चित ही मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ऊर्जा मंत्री की मांग पर गंभीरता दिखाई क्योंकि टेलीकॉम मंत्रालय सिंधिया संभाल रहे हैं तो प्रदेश की बागडोर मुख्यमंत्री डॉ यादव के हाथ में है।

बता दें कि ग्वालियर में युवाओं के रोजगार की चिंता करते हुए प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मांग की थी और कहा था कि सिंधिया परिवार ने हमेशा ग्वालियर के साथ युवाओं की शिक्षा और रोजगार पर ध्यान दिया है। कभी औद्योगिक नगरी के रूप पहचान रखने वाले ग्वालियर को फिर औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ यादव से बात करें, ताकि यहां युवाओं को रोजगार के लिए पलायन से रोका जा सके। ऊर्जा मंत्री द्वारा उस समय अपने नेता के समक्ष रखी गई मांग को लेकर के साथ विरोधियों ने भी जमकर निशाना साधा, मगर वह भूल गए कि ऊर्जा मंत्री ऐसे ऊर्जावान नेता हैं जो विपरीत धाराओं में जीतने का हुनर रखते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा सोमवार को ली गई बैठक में ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) बनाया जाने की बात ने साबित कर दिया कि सिंधिया का काम बोलता है इसीलिए केबिनेट मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर तथा नारायण सिंह कुशवाह ने सिंधिया के सामने बात रखी जो अब साकार होने की ओर आगे बढ़ रही है।



बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को प्रदेश में दूरसंचार उत्पादन क्षेत्र (टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन-टीएमजेड) की स्थापना एवं इसके क्रियान्वयन के संबंध में बैठक को संबोधित किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टेलीकॉम सेक्टर में निवेश करने के इच्छुक निवेशकों से आत्मीय चर्चा कर सरकार की प्रतिबद्धताओं और भावी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्वालियर, जबलपुर जैसे क्षेत्रों में टेलीकॉम सेक्टर के विकास की असीम संभावनाएं हैं। हमारी सरकार टेलीकॉम सेक्टर के विकास के लिए निवेशकों को हर संभव सहयोग करेगी। बैठक में बताया गया कि ग्वालियर जिले में टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) बनाया जाना प्रस्तावित है। यह टीएमजेड करीब 350 एकड़ जमीन पर बनेगा। इस टीएमजेड में टेलीकॉम सेक्टर से जुड़ी सभी एसेसरीज (सहायक उपकरण), सिस्टम्स, कम्पोनेंटस, वाइफाई, ऑप्टिकल्स, मोबाइल डिवाइसेस, सिमकार्ड, एंटीना, टेलीकॉम चिप्स सहित टेलीकॉम सेक्टर में नई 6जी टेक्नॉलाजी के लिए अनुसंधान एवं विकास के कार्य भी किए जाएंगे। टेलीकॉम सेक्टर की डिक्सॉन, वॉयकॉन, आईबीएम, निक्सन एवं एरिक्सन जैसे सभी बड़ी कम्पनियां यहां निवेश करने के लिए आएंगी। इससे प्रदेश में टेलीकॉम सेक्टर का विस्तार होगा और सेवाएं भी बेहतर होंगी।

### हर तरह से निवेशकों के लिए अनुकूल

मध्यप्रदेश की सेंट्रल लोकेशन, स्ट्रॉन्ग लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कनेक्टिविटी, विकसित औद्योगिक इको सिस्टम, एवं अनुकूल नीतियां, इसे टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन के लिए आदर्श और निवेश आकर्षित करने वाला स्थान बनाती हैं। इसीलिए मध्यप्रदेश के ग्वालियर में टीएमजेड की स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं।

## अजाक्स ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

म.प्र. अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) के जिलाध्यक्ष विजय पिपरोलिया एवं कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अतर सिंह जाटव के संयुक्त नेतृत्व में सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम नरेश गोयल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नवीन पदोन्नति नियम को शीघ्र लागू किया जाए, अनुसूचित एवं पिछड़े वर्ग के रिक्त बैकलॉग पदों की भर्ती के लिए नियुक्तिकर्ता अधिकारी को निर्देशित किया जाये कि वे एक माह के अंदर विज्ञापन जारी कर आवेदनों का एक सप्ताह में परीक्षण कर मैरिट के आधार पर नियुक्ति के लिए आदेश जारी किए जाएं। आउटसोर्सिंग की प्रथा तत्काल बंद की जाए और संभव न हो तो इसमें आरक्षण अधिनियम 1994 के प्रावधानों के तहत आरक्षण का पालन सुनिश्चित कराने के लिए समुचित नियम जारी किये जाएं। उच्च पदों का प्रभार आरक्षित वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों को दिया जाए। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति दी जाए, पुरानी पेंशन व्यवस्था शीघ्र लागू की जाए। ज्ञापन में प्रांतीय सचिव होतम मौर्य, प्रांतीय संयुक्त शैलेन्द्र प्रताप कदम, संभागीय अध्यक्ष इंजी. केबी दोहरे, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एनडी मौर्य, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र जयंत, जिला सचिव राजेंद्र सिंह पक्षवार, जिला कोषाध्यक्ष मनीराम काटोरिया, संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरुण राजौरिया, डॉ.नवीन नागर, हाकिम सिंह, विमल पिप्पल आदि मौजूद थे।

## केसरी चैप्टर- 2 जैसी फिल्में हर हिंदुस्तानी को देखनी चाहिए : रामू तोमर


निःशुल्क प्रीमियर शो में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा नेता



**ग्वालियर।** केसरी चैप्टर- 2 जैसी फिल्में हर हिंदुस्तानी को देखनी चाहिए। यह बात दीप शक्ति नैचुरल फूड प्रोडेक्ट और नवीन ऑर्गेनिक देशी घी के द्वारा रूद्र शर्मा के सहयोग से डीबी मॉल के आई नोक्स सिनेमा घर में केसरी चैप्टर- 2 फिल्म के निःशुल्क प्रीमियर शो में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए भाजपा नेता देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर उर्फ रामू भैया ने कही। रामू भैया ने उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि केसरी चैप्टर- 2 फिल्म की कहानी 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड और सर सी. शंकरन नायर के संघर्ष पर आधारित है। इस फिल्म के माध्यम से बताया गया है कि किस प्रकार अंग्रेजों के द्वारा हमारे ऊपर अत्याचार किए गए। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक रूद्र रवि शर्मा, भूपेंद्र बालोठिया, नवीन शुक्ला एवं नरेंद्र राजपूत का लोगों को देशभक्ति पर आधारित उक्त फिल्म का निःशुल्क प्रीमियर दिखाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस फिल्म के सेकंड शो में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया शामिल हुए। मंच का संचालन कर रहे गुरुकुल फाउंडेशन के चेयरमैन आकाश बरुआ ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

## नर्सिंग छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: गुर्जर

**ग्वालियर।** नर्सिंग छात्रों के साथ जिस तरह खिलवाड़ किया जा रहा है, उसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कल से आयोजित होने वाली पोस्ट बीएससी नर्सिंग एवं बीएससी नर्सिंग की परीक्षा को एक बार फिर से स्थगित कर दिया गया है। जिसे लेकर नर्सिंग छात्र संगठन द्वारा बहुत जल्द मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर में धरना- प्रदर्शन व उग्र आंदोलन किया जाएगा। यह चेतावनी संगठन के ग्वालियर जिलाध्यक्ष उपेंद्र सिंह गुर्जर ने दी है।



श्री गुर्जर ने बताया कि इस तरह से बार-बार परीक्षा को स्थगित करने से छात्र-छात्राओं के मानसिकता पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। छात्र-छात्राओं के भविष्य की चिंता ना तो प्रदेश शासन को है और ना ही विश्वविद्यालय प्रशासन को है। उन्होंने बताया कि बार- बार परीक्षा तिथि में बदलाव को लेकर उन्होंने एमपीएमएसयू के कुलपति से भी फोन पर वार्तालाप कर छात्रों की समस्या से अवगत करवाया है। इसके बाद भी यदि कोई संज्ञान नहीं लिया गया, तो संगठन आंदोलन करने को विवश होगा।

## जल है, तो जीवन है: गौतम




**ग्वालियर।** नवांकुर संस्था रमन शिक्षा समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड मुरार में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में म.प्र. जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक सुशील बरुआ उपस्थित थे। सुशील बरुआ ने युवाओं से जल संरक्षण अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आव्हान किया।

# 13 साल के किशोर से पड़ोसी ने किया कुकर्म का प्रयास

### ग्राम बरई की घटना, पुलिस ने तत्परता दिखा आरोपी दबोचा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

13 साल के किशोर के साथ पड़ोस में रहने वाले युवक द्वारा कुकर्म का प्रयास किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना पनिहार थाना क्षेत्र के ग्राम बरई की है। जिसमें पीड़ित किशोर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के उपरांत तत्परता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। पनिहार थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरई के मुसलमान मोहल्ला निवासी 13 वर्षीय किशोर को मोहल्ले में ही रहने वाला इरफान पुत्र बुंदू शाह विगत कुछ दिनों से तंग कर रहा था। जो उसके देखते ही पास आकर उसे अपने साथ चलने को कहने लगता। यही नहीं वह उसे टॉफी-बिस्कुट दिलवाने का लालच में



दिया करता था। बीती दो अप्रैल को किशोर झांसे में आकर उसके साथ चला गया, तो इरफान उसे एकांत इलाके में ले जाकर अश्लील हरकत करने लगा। इसके बाद जब भी उसे मौका मिलता, वह किशोर को अपने साथ ले जाता और डरा-धमकाकर उसके साथ गलत हरकत किया करता। उसकी धमकी से डरकर किशोर किसी से कुछ नहीं कह पा रहा था, जो उसकी मनमानी झेलता रहा।

### तंग आकर परिजनों को बताया

किशोर की चुप्पी देख इरफान की हरकतें बढने लगीं। उसकी रोज- रोज की इस मनमानी व धमकी से तंग आकर बीते रोज किशोर ने अपने परिजनों को इरफान की पूरी हरकत बता दी। बेटे की आपबीती सुन परिजन स्तब्ध रह गए, जो तुरंत उसे थाने लेकर पहुंचे। जहां पुलिस द्वारा पीड़ित किशोर की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(1) व 127(2) एवं पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर तत्परता दिखाते हुए उसे रात में ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

### इनका कहना है

13 वर्षीय बालक ने पड़ोसी युवक के खिलाफ गलत हरकत करने की शिकायत की थी। जिस पर आरोपी के खिलाफ दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**जेंडेन लिंगजर्पा (आईपीएस) थाना प्रभारी, पनिहार**

# शादी का झांसा देकर रेप करने वाला बदमाश गिरफ्तार

■ आरोपी की गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का इनाम था घोषित

**ग्वालियर।** शादी का झांसा देकर युवती से रेप कर फरार हुए बदमाश को मुरार थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपी की गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपए का इनाम भी घोषित था, जबकि वारदात में शामिल उसके साथी को पुलिस पहले की पकड़ चुकी है।

मुरार थाना पुलिस को सोमवार दोपहर मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि शादी का झांसा देकर रेप कर विगत सात माह से फरार चल रहा आरोपी बिजलीघर रोड खुरैरी मुरार में देखा गया है। इस पर पुलिस टीम ने तत्काल बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए वहां मौजूद एक संदिग्ध युवक को धरदबोचा। जिसने थाने लाकर की गई पूछताछ में खुद



का खुरैरी का रहने वाला बताते हुए अपने साथी के साथ उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार लिया। पकड़ा गया आरोपी करीब सात माह से पुलिस को गच्चा दे रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर एसएसपी द्वारा पांच हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। उक्त कार्रवाई में मुरार टीआई एमएम मालवीय, बड़ा गांव चौकी प्रभारी दिनेश कुमार, प्रधान आरक्षक जगजीत गिल, आरक्षक राजू मोगिया, नीरज यादव, सुनील लोधी, नरेश भोज व सोनू प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही।

**इस वारदात को दिया था अंजाम:** उपनगर मुरार में रहने वाली युवती ने एक अक्टूबर 2024 को मुरार थाने में शिकायत की थी, कि 30 अगस्त 2023 को मेरे घरवाले खेत पर गए हुए थे, तभी दोपहर में मेरे परिचित का युवक घर आया, जिसने जबरन मेरे साथ दुष्कर्म किया और अपने मोबाइल में मेरे अश्लील फोटो व वीडियो ले लिए। इसके बाद वह बदनाम करने की धमकी देते हुए मुझे भिंड ले गया, जहां अपने दोस्त के साथ मिलकर गुड़गांव ले गया, जहां शादी शादी का झांसा देकर वह लगातार मेरे साथ दुष्कर्म करता रहा। पुलिस द्वारा मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 64(2) (एम), 61 (2), 351 (3), 332 (बी), 140 (3) व 127 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर एक आरोपी को पकड़ लिया था, जबकि दूसरा आरोपी घटना के बाद से ही फरार बना हुआ था, जिसकी गिरफ्तारी पर एसएसपी द्वारा पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। जिसे अब दबोच लिया गया है।

## 9 साल की स्वस्ति चौहान बनी स्टेट चैंपियन

ग्वालियर की बेटी ने शतरंज में रचा इतिहास

**ग्वालियर।** इंदौर में आयोजित 2 दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता में ग्वालियर की 9 वर्षीय स्वस्ति चौहान ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैंपियन का खिताब हासिल किया। स्वस्ति ने इस प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल और जबलपुर के खिलाड़ियों को शिकस्त देकर अपनी जीत का परचम लहराया।



**मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी:** स्वस्ति की इस उपलब्धि के बाद अब वह जून में गुरुग्राम हरियाणा में आयोजित होने वाले नेशनल चेस टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह उनके लिए एक बड़ा अवसर होगा और हमें उम्मीद है कि वह अपने खेल से देश का नाम रोशन करेंगी।

**सबसे कम उम्र की महिला अंतर्राष्ट्रीय फिडे रेटेड खिलाड़ी:** स्वस्ति की इस उपलब्धि को और भी खास बनाती है कि वह ग्वालियर की सबसे कम उम्र की महिला अंतर्राष्ट्रीय फिडे रेटेड खिलाड़ी भी हैं। उनकी इस प्रतिभा और मेहनत को देखकर लगता है कि वह भविष्य में शतरंज की दुनिया में एक बड़ा नाम करेंगी। स्वस्ति को उनकी इस उपलब्धि पर आल ग्वालियर चेस एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. गरिमा गर्ग ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि वह अपने खेल से जिले और मध्यप्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

# निगमायुक्त ने की पार्क विभाग की समीक्षा

**ग्वालियर।** शहर की सभी पार्क हरे भरे एवं साफ व स्वच्छ रहें तथा सभी प्रमुख मार्गो के डिवाइडर हरियाली से परिपूर्ण हों। यह संबंधित पार्क पर्यवेक्षक सुनिश्चित करें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने पार्क विभागीय समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए।

बाल भवन के टीएलसी कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, सिटी प्लानर श्री पवन सिंघल, पार्क पर्यवेक्षक श्री अंकित परिहार, श्री राजकुमार राजावत, श्री दिनेश कुशवाह, श्री सुभाष शाक्य, श्री राजकुमार नागर सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने शहर में निगम द्वारा संचालित एवं संधारित पार्कों की जानकारी ली। जिसमें अधिकारियों द्वारा बताया गया कि शहर निगम द्वारा संचालित 99



विकसित पार्क हैं। इसके साथ ही अन्य 7 पार्कों का संचालन आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है। जिसकी समय सीमा समाप्त होने वाली है। इसको लेकर निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रथम चरण में 99 विकसित पार्क में जो भी कार्य होने हैं। उनकी एक सूची बनाकर दें, जिसमें हॉर्टिकल्चर कार्य पार्क विभाग द्वारा तथा सिविल कार्य, जल प्रदाय एवं साफ सफाई तथा विद्युत व्यवस्था आदि से संबंधित कार्यों के लिए एक विस्तृत आदेश निकाला जाए। जिसमें सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए, जिससे कार्य तय समय सीमा में हो सके। इसके साथ ही आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से संचालित पार्कों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की जाए। साथ ही सभी विकसित पार्कों में पार्क सुपरवाइजर के नम्बर लिखवाए जाऐं तथा पार्कों की व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कर्मचारियों का युक्तियुक्तकरण किया जाए। इसके साथ ही निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख मार्गों पर जो भी डिवाइडर हैं, उन पर अभी से तैयारी शुरू कर दें और हर हाल में जुलाई में हरे भरे होने चाहिए। सभी डिवाइडर पर मिट्टी न दिखे, घास लगाकर डिवाइडरों को हरा भरा करें।

## अनेक सडकों पर पेच रिपेयरिंग कर यातायात को किया सुगम

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए अभियान चलाकर शहर की विभिन्न सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। सहायक यंत्री श्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत बिरला नगर पुल से जेसी मिल स्कूल तक दोनों तरफ, बिरला नगर पुल से वृंदावन गार्डन के आगे बत्ती तक, दुर्गादास राठौड चौक से चार शहर नाके जाने वाली रोड पर, हेलीपैड कॉलोनी, अवाडपुरा रोड, 6 नंबर चौराहे से सात नंबर चौराहे तक, मैना वाली गली, ढोलूबुआ का पुल, जडेरुआ आदि स्थानों पर पैच रिपेयरिंग कर यातायात को सुगम बनाया गया।

## पंजाबी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी रामस्वरूप नागपाल का निधन

**ग्वालियर।** पंजाबी समाज के वरिष्ठ एवं प्रमुख समाजसेवी रामस्वरूप नागपाल के निधन से पंजाबी समाज में शोक रामस्वरूप नागपाल अपने जीवन के 100 वर्ष पूर्ण कर 20 अप्रैल को ब्रह्मलीन हो गए। नागपाल का जन्म पाकिस्तान के रसीदपुर जिला झंग में जिस दिन वहां पर रामलीला का (चल समारोह) स्वरूप निकाला जाता था, उस दिन हुआ और माता-पिता ने उनका नाम रामस्वरूप रखा। विभाजन के बाद जब ग्वालियर पहुंचे तब समाज को उनका योगदान मिलता रहा।


### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.03 वार्ड क्रं.07, भवन क्रं., स्थान: लूटपुरा ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती ग्रेसी सिरोठिया/श्री महेन्द्र सिंह सिरोठिया से नगर निगम में आई.डी. क्रं..... पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 852.7 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. **MP142602024A11255904** दिनांक 22.10.2024 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा क्षे. क्रं.03 पर दिनांक 21.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 75/2011/53961/53901/प्र.क्रं.***3/11** है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता -
**राकेश कुमार लहारिया/श्री बलराम लहारिया**
पता : लूटपुरा वार्ड- 07
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 21.04.2025

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.03 वार्ड क्रं.07, भवन क्रं., स्थान: लूटपुरा ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती ग्रेसी सिरोठिया/श्री महेन्द्र सिंह सिरोठिया से नगर निगम में आई.डी. क्रं..... पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 869 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. **MP142602025A1121817** दिनांक 22.02.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा क्षे. क्रं.03 पर दिनांक 21.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 75/2011/53960/53900/प्र.क्रं.***3/11** है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता -
**सरोज कोली/श्री सुरेश कोली**
पता : लूटपुरा वार्ड- 07
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 21.04.2025

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.24 वार्ड क्रं.65, भवन क्रं., स्थान: वीरपुर ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती सुनीता पाल/श्री ललित पाल से नगर निगम में आई.डी. क्रं.2000247301 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 500 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. **0101270812 2024000289** दिनांक 08.12.2024 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र अजयपुर क्षे. क्रं.24 पर दिनांक 17.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.89/2015/16337/16446/प्र.क्रं.***3/11** है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता -
**वर्षा राजौरिया/श्री अमृतलाल राजौरिया**
पता : वीरपुर वार्ड- 65
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 21.04.2025

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.19 वार्ड क्रं.44, भवन क्रं. 958, स्थान: पाटनकर का बाडा ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती हरीकृष्ण शर्मा/श्री चिन्तामणी से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000067101 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1645 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र माहाराज बाडा औषद्यालय क्षे. क्रं.19 पर दिनांक 07.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.82/2011/24295/24360/प्र.क्रं.***3/11** है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता -
**आनन्द शर्मा/श्री श्रीचन्द शर्मा**
पता : पाटनकर का बाडा वार्ड- 44 मो.9584556190
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 21.04.2025

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.24 वार्ड क्रं.65, भवन क्रं., स्थान: अजयपुर ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती कंचन आर्य/श्री जितेन्द्र आर्य से नगर निगम में आई.डी. क्रं.2000162246 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 744 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं.**MP142602024A11203035** दिनांक 07.10.2024 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र अजयपुर क्षे. क्रं.24 पर दिनांक 17.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 89/2015/16338/16447/प्र.क्रं.***3/11** है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता -
**रूबी तोमर/श्री राजू तोमर**
पता : अजयपुर वार्ड- 65
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 21.04.2025

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.22 वार्ड क्रं.61, भवन क्रं., स्थान: फ्लैट ए-104, एम.के.सिटी सिरौल ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती केशव अवस्थी/स्व. श्री बी.एम.अवस्थी, एलिक्जर इन्फ्रास्टैक्चर प्रा.लि. द्वारा सोनेश राजदेव से नगर निगम में आई.डी. क्रं..... पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1120 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. **MP142592025A1176966** दिनांक 15.03.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र खुरैरी क्षे. क्रं.22 पर दिनांक 21.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 87/2015/20560/20299/प्र.क्रं.***3/11** है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता -
**राजेन्द्र सिंह कुशवाह/श्री सुमेर सिंह कुशवाह**
पता : फ्लैट ए-104, एम.के.सिटी सिरौल वार्ड-61
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 21.04.2025

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं.22 वार्ड क्रं.61, भवन क्रं., स्थान: बी-21, एम.के.सिटी सिरौल ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती केशव अवस्थी/स्व. श्री बी.एम.अवस्थी, एलिक्जर इन्फ्रास्टैक्चर प्रा.लि. द्वारा सोनेश राजदेव से नगर निगम में आई.डी. क्रं..... पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1766.47 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं.**A1/1666** दिनांक 31.03.2012 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र खुरैरी क्षे. क्रं.22 पर दिनांक 21.04.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 87/2015/20558/20297/प्र.क्रं.***3/11** है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता -
**जयश्री बाथम/श्री अजीत बाथम**
**अजीत बाथम/श्री तुलसीराम बाथम**
पता : बी-21, एम.के.सिटी सिरौल वार्ड-61
विज्ञप्ति जारी दिनांक : 21.04.2025

# अमरनाथ यात्रा : पांच दिन में दो लाख भक्तों का पंजीकरण



एजेंसी ■ जम्मू

श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पांच दिन में करीब दो लाख श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन अग्रिम पंजीकरण करवा चुके हैं। तीन जुलाई से शुरू होने वाली यात्रा में ज्यादातर शिवभक्त पवित्र हिमलिंग के दर्शन करने को आतुर हैं। इस बार भी यात्रियों में खासा उत्साह है। पिछली यात्राओं में 15 से 20 दिन में ही हिमलिंग अंतर्ध्यान हो गए थे। पवित्र गुफा के नजदीक पहाड़ी इलाकों में भी मौसम में बदला है। देशभर की 533 बैंक शाखाओं में यात्री पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। यात्रा शुरू होने पर मौके पर भी पंजीकरण सुविधा दी जाएगी। जिले में श्री अमरनाथ यात्रा को लेकर भक्तों में उत्साह है। गत 16 अप्रैल से पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में शुरू हुए पंजीकरण का सिलसिला जारी है। यहां तीन दिन में 233 श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण करवाया है। यात्रा पंजीकरण को लेकर शनिवार को शाखा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। यहां 43 भक्तों ने यात्रा के लिए पंजीकरण करवाया। इसमें बालटाल मार्ग पर बाबा का दर्शन करने वाले 20 और पहलगाम के रास्ते जाने वाले 23 यात्री शामिल रहे। बता दें कि गत वर्ष जहां पूरे यात्रा सीजन के दौरान कठुआ जिले से 400 के करीब भक्तों ने यात्रा के लिए अपना पंजीकरण करवाया था। वहीं, इस बार तीन दिन में ही पंजीकरण का आंकड़ा 233 पहुंच चुका है। इसमें 93 भक्त बालटाल और 140 भक्त पहलगाम के रास्ते बाबा का दर्शन करने के लिए पवित्र गुफा की ओर जाएंगे। इसमें सबसे खास पहलू यह है कि इनमें 75 महिला श्रद्धालु शामिल हैं। लोगों के उत्साह को देखते हुए बैंक ने एक विशेष काउंटर की व्यवस्था की है। इसमें सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लोगों को पंजीकरण करवाने की सुविधा प्रदान की जा रही है।




केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को राजस्थान के माउंट आबू में ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय में आयोजित राष्ट्रव्यापी अभियान - सुरक्षा बलों के लिए आत्म-सशक्तिकरण से राष्ट्र-सशक्तिकरण के शुभारंभ में शामिल हुए।

# पीएम मोदी और सऊदी प्रिंस करेंगे मुलाकात

एजेंसी ■ नई दिल्ली/ रियाद

**दोनों नेताओं के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने होगी बात**

पीएम नरेंद्र मोदी 22-23 अप्रैल को सऊदी अरब के दौरे पर जा रहे हैं। पीएम मोदी का यह दौरा भारत और सऊदी अरब के रक्षा संबंधों के लिहाज से खास है। इस दौरान भारत और सऊदी अरब के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए कई समझौते हो सकते हैं। इसमें सऊदी सेना को भारतीय सेना की ओर से ट्रेनिंग देना भी शामिल है। इससे पहले पाकिस्तानी फौज सालों से सऊदी सेना को ट्रेनिंग देती रही है। दोनों देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण और रक्षा व्यापार बढ़ा है।

दोनों की रक्षा साझेदारी में बड़ा घटनाक्रम बीते साल देखने को मिला, जब दोनों देशों के बीच पहली बार संयुक्त भूमि सेना अभ्यास हुआ था। प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर भी नियमित रूप से दोनों देशों में बातचीत हो रही है। भारत बीते कुछ समय में सऊदी अरब को रक्षा सामग्री का एक अहम आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। पिछले साल सऊदी अरब को करीब 225 मिलियन डॉलर के गोला-बारूद के निर्यात पर एक विशेष समझौता हुआ था। इसके बाद 2023 में 80 मिलियन डॉलर का समझौता हुआ। सऊदी अरब विजन 2030 में भी रक्षा व्यय के 50 फीसदी स्थानीयकरण करना चाहता है। इसने भी भारत के लिए महत्वपूर्ण अवसर पैदा किए हैं। पिछले दो सालों में 80 सऊदी नौसैनिक कैडेटों को भारत में ट्रेनिंग मिली थी। ये बढ़ते रक्षा संबंध ना केवल द्विपक्षीय सुरक्षा में बल्कि पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय स्थिरता में भी योगदान करते हैं। दोनों देश समुद्री व्यापार मार्गों और वैश्विक चोकपॉइंट्स की सुरक्षा पर मिलकर काम कर रहे हैं। साल 2019 की पीएम मोदी की रियाद यात्रा के दौरान दोनों देशों ने हिंद महासागर और खाड़ी में जलमार्गों को सुरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया था।

# पोप फ्रांसिस नहीं रहे, वेटिकन ने जारी किया शोक संदेश, दुनियाभर में शोक की लहर

एजेंसी ■ वेटिकन

वेटिकन सिटी,(ईएमएस)। कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से फेफड़ों में इन्फेक्शन की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती थे। वेटिकन कैमरलेन्गो कार्डिनल केविन फेरेल ने पोप फ्रांसिस के निधन की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस के निधन से वेटिकन समेत संपूर्ण दुनियां में शोक की लहर है। ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का वेटिकन सिटी में निधन हो गया।

वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। निमोनिया की शिकायत के चलते पोप फ्रांसिस को पिछले दिनों अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पॉप फ्रांसिस के निधन की वेटिकन सिटी द्वारा घोषणा कर दी गई है। पोप फ्रांसिस ने 88 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। जानकारी अनुसार निधन से एक दिन पूर्व ही अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उनसे मुलाकात की थी। पोप फ्रांसिस के निधन से वेटिकन समेत पूरी दुनिया में शोक की लहर है। यहां बताते चलें कि पोप फ्रांसिस पिछले एक हफ्ते से ब्रोंकाइटिस से पीड़ित थे। इसके चलते उन्हें शुक्रवार, 14 फरवरी को जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज चल रहा था, लेकिन उनकी हालत बिगड़ती गई। इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिखे। इसके साथ ही प्लेटलेट्स भी कम पाई गई। हालांकि इलाज के बाद उन्हें अस्ताल से डिस्चार्ज भी कर दिया गया था।

## पहले गैर-यूरोपीय थे पोप फ्रांसिस

कैथोलिक चर्च के इतिहास में एक नया अध्याय 2013 में जुड़ा, जब अर्जेंटीना के जेसुइट पादरी जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो को चर्च का सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस चुना गया। वे रोमन कैथोलिक चर्च के 266वें पोप रहे और बीते 1000 वर्षों में पहले ऐसे पोप बने जो यूरोप से नहीं, बल्कि दक्षिण अमेरिका से ताल्लुक रखते थे।



## फ्लोरेंस में जन्में

पोप फ्रांसिस का जन्म 17 दिसंबर 1936 को अर्जेंटीना के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। उनका बचपन और युवावस्था ब्यूनस आयर्स में बीता। उनके दादा-दादी इटली से आकर अर्जेंटीना में बसे थे, जब इटली में तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी का शासन था। जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो ने सोसाइटी ऑफ जीसस (जेसुइट्स) में दीक्षा ली और ब्यूनस आयर्स यूनिवर्सिटी से दर्शनशास्त्र और धर्मशास्त्र में मास्टर डिग्री प्राप्त की। 1998 में वे ब्यूनस आयर्स के आर्कबिशप बने और 2001 में पोप जॉन पॉल द्वितीय ने उन्हें कार्डिनल नियुक्त किया।

## सादगी और सहानुभूति थी पहचान

पोप फ्रांसिस अपने सादगीपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय के लिए उठाई गई आवाज़ और गरीबों के प्रति सहानुभूति के लिए जाने जाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में चर्च ने कई आधुनिक विषयों पर खुले विचारों की ओर कदम बढ़ाया था। उनका यूं इस दुनियां को हमेशा के लिए अलविदा कह जाना न केवल कैथोलिक समुदाय बल्कि बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक दुःखद क्षण है। वे अपने कार्यों के माध्यम से हमेशा याद किए जाएंगे।

# भारत से टकराव और ट्रांस-शिपमेंट खत्म करने के बाद बांग्लादेश बर्बादी की ओर

### 170 रेडीमेड गारमेंट्स इंडस्ट्री बंद, 40 हजार लोग हो गए बेरोजगार

एजेंसी ■ ढाका

बांग्लादेश की राजनीतिक और कूटनीतिक गलतियों ने उसकी अर्थव्यवस्था को उथल पुथल कर दिया है। भारत से टकराव और ट्रांस-शिपमेंट सुविधा खत्म होने का इसका सीधा असर देश के रेडीमेड गारमेंट्स इंडस्ट्री पर पड़ रहा है, जो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अब तक 170 फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं और 40 हजार लोग बेरोजगार हो गए हैं। इस संकट के पीछे अंतरिक सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के फैसलों को जिम्मेदार माना जा रहा है।

कोविड19 में जब बांग्लादेश की सप्लाई चेन पूरी तरह ठप थी, तब भारत ने ट्रांस-शिपमेंट की सुविधा देकर उसकी अर्थव्यवस्था को खड़ा करने में मदद की थी। उस समय बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना थीं। भारत के बंदरगाहों और एयरपोर्ट्स से बांग्लादेश अपने निर्यात को वैश्विक बाजारों तक पहुंचा पा रहा था, लेकिन हालिया विवादों और बांग्लादेश द्वारा भारतीय भूमि बंदरगाहों पर प्रतिबंध लगाने, यार्न आयात को बाधित करने और बीजिंग में भारत के चिकेन नेक क्षेत्र को निशाना बनाने जैसी घटनाओं ने रिश्तों में दरार डाल दी। बांग्लादेश के बार-बार उठाए कदमों के बाद भारत ने ट्रांस-शिपमेंट सुविधा बंद कर दी। इसका असर यह हुआ कि बांग्लादेश के प्रमुख औद्योगिक क्लस्टर बेक्सिमको औद्योगिक पार्क में 170 कारखाने बंद हो गए और हजारों लोगों बेरोजगार हो गए। अब बांग्लादेश को अपने निर्यात पहले श्रीलंका, मालदीव या पाकिस्तान भेजने होंगे, फिर वहां से आगे, जिससे लागत बढ़ेगी। बांग्लादेश गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष फारूक हसन ने भारत से फैसले पर पुनर्विचार की अपील की है, लेकिन फिलहाल बांग्लादेश सरकार की जिद से हालात सुधरते नजर नहीं आ रहे हैं। बांग्लादेश की गारमेंट इंडस्ट्री का 95 फीसदी यार्न आयात भारत से होता है। अब जब ये आयात बंद हो चुका है, तो बांग्लादेश को चीन या वियतनाम जैसे विकल्पों की ओर देखना पड़ेगा।

# राहुल गांधी ने अमेरिका में उठाए सवाल बोले- महाराष्ट्र में बालिगों से ज्यादा वोटिंग कैसे हो गई?

**बोस्टन।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अमेरिका के दो दिवसीय दौरे पर हैं। यहां उन्होंने भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पहले मैं कई बार कह चुका हूं कि महाराष्ट्र में जितने बालिग नहीं हैं, उससे ज्यादा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने हमें साढ़े पांच बजे वोटिंग का आंकड़ा बताया। इसके बाद 5ः30 से शाम 7ः30 के बीच 65 लाख वोटिंग हुई। दूसरा उन्होंने कहा कि 2 घंटे में 65 लाख वोटिंग नामुमकिन है। एक वोटर को वोट डालने में करीब 3 मिनट लगते हैं।

अगर आप गणित लगाएंगे तो पता चलेगा कि रात 2 बजे तक वोटर्स की लाइन लगनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बता दें कि राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में फर्जी तरीके से वोटर्स जोड़े जाने का आरोप लगाया था। इस साल फरवरी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी हुई। वोटर लिस्ट में नए मतदाता जोड़े गए, ताकि भाजपा की जीत हो सके। राहुल ने इलेक्शन कमीशन से वोटर्स का डेटा मांगा था। राहुल ने आरोप लगाया था कि लोकसभा चुनाव के लिए पांच साल में महाराष्ट्र में 32 लाख वोटर्स जोड़े गए, जबकि इसके पांच महीने बाद विधानसभा चुनाव के लिए 39 लाख वोटर्स को जोड़ा गया।


# यमन पर फिर बरसे अमेरिकी बम, हूती विद्रोहिया का दावा- सना में हुए हमले में 12 की मौत, 30 घायल

एजेंसी ■ सना

अमेरिका और यमन के हूती विद्रोहियों में जारी तनाव के बीच हूती विद्रिहियों का एक बड़ा दावा सामने आया है। इसमें बताया गया है कि सोमवार को अमेरिकी हवाई हमलों में राजधानी सना में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हूतियों का कहना है कि ये हमला सना के शूब जिले के फरवा इलाके के एक बाजार को निशाना बनाकर किया गया, जो पहले भी अमेरिकी हमलों की चपेट में आ चुका है। हालांकि अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने इस हमले की पुष्टि नहीं की है।

## देश के अन्य हिस्सों पर भी हुए हमले

साथ ही हूती ने आगे बताया कि सोमवार रात हुए हमलों में यमन के अन्य इलाकों को भी निशाना बनाया गया। बता दें कि यह हमला उस बड़े अभियान का हिस्सा है जो अमेरिका ने हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर शुरू किया है। पिछले हफ्ते ही रस ईसा ईंधन बंदरगाह पर अमेरिकी हमलों में कम से कम 74 लोगों की जान गई थी और 171 लोग घायल हुए थे।



**हैती में गिरोह का हमला, तीन सैनिकों की मौत**

रविवार को हैती की राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस के पास एक शहर में हुए एक हमले में कम से कम तीन सैनिक मारे गए हैं। यह हमला एक गिरोह द्वारा घात लगाकर किया गया। मामले में सरकारी अधिकारियों ने बताया कि ये सैनिक हथियारों के साथ फ्रंटलाइन पर ड्यूटी कर रहे थे, जब उन्हें निशाना बनाया गया। हमले के पीछे 'विव अनसनम' नामक गिरोहों का गठबंधन बताया जा रहा है, जो हाल के दिनों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ टकराव में है।

अधिकारियों के अनुसार हमला केंसकॉफ नाम के इलाके में हुआ, जो हाल ही में भारी गोलीबारी और हिंसा का केंद्र बना हुआ है। वहीं स्थानीय मीडिया के अनुसार, सैनिक बिना हथियार वाली कार में जा रहे थे, जब उन्हें भारी हथियारों से लैस गिरोह के सदस्यों ने घेर लिया और हमला किया।

**सुरक्षा** गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल गांधी नगर व गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल शास्त्री नगर की 50 छात्राओं की जिज्ञासाओं को शांत किया

# बेखौफ होकर बोलीं छात्राएं, अब नहीं है डरने की जरूरत

एजेंसी ■ जम्मू

पुलिस से बिल्कुल डरने की जरूरत नहीं है। यह आपके और आपके अधिकारों की सुरक्षा के लिए है। जब भी ऐसा लगे कि पुलिस की सहायता की जरूरत है, तो बिना डर व झिझक के पुलिस को अपना दोस्त मानकर अपनी बात कह सकती हैं। तत्काल आपको सहायता दी जाएगी। यह अपील इंस्पेक्टर आरती ठाकुर ने एक फाउंडेशन की तरफ से शनिवार को गांधी नगर स्थित महिला थाने में दोस्त पुलिस अभियान के तहत हुए कार्यक्रम में की। इस दौरान पुलिस अधिकारी ने परिसर में पहुंचीं गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल गांधी नगर व गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल शास्त्री नगर की 50 छात्राओं की जिज्ञासाओं को शांत किया। एसआई किरन ने महिला हिंसा से संबंधित अपराधों की जानकारी दी। थाना प्रभारी आरती ठाकुर ने बताया कि मौजूदा समय में पुलिस की तरफ से टोल फ्री नंबर 1091 और 100 जारी किया गया है, जिस पर छात्राएं किसी भी आपातकालीन समस्या के संबंध में फोन कर सकती हैं। उनके फोन के बाद कंट्रोलरूम से मिली सूचना पर तत्काल पुलिस आपकी सहायता के लिए मौके पर पहुंचेगी। इसमें किसी तरह के डर और दवाब में आने की जरूरत नहीं है। बेखौफ होकर अपनी बात पुलिस से बता सकती हैं और एफआईआर दर्ज करवा सकती हैं। इस अवसर पर गवर्नमेंट गर्ल्स हाईस्कूल की शिक्षिका समीना, रुपिंदर कौर, गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल शास्त्री नगर की शिक्षिका सोनिया शर्मा, सुदेश कुमारी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में दोनों स्कूलों की छात्राओं ने एक स्वर में अमर उजाला की इस पहल का स्वागत किया है।



## शिकायत दर्ज कराने के लिए तीन काउंटर

महिला थाना में शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की प्रभारी ज्योति देवी ने बताया कि वह यहां सीधे आकर काउंटर पर शिकायत दर्ज करवाने के लिए स्वतंत्र हैं। इसके दर्ज होते ही जांच शुरू होने के साथ ही मामला दर्ज किया जाता है। इसके लिए उन्हें अपने साथ किसी को लाने की भी जरूरत नहीं है। अपने अधिकारों को जानने की जरूरत है।

# इजराइल ने बनाया बिना ड्राइवर चलने वाले रोबोटिक बुलडोजर, बदलेगा जंग की तस्वीर


**तेल अवीव।** गाजा में हमास के खिलाफ लंबे समय से जारी संघर्ष के बीच इजराइल ने एक नई और आधुनिक सैन्य तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। बिना ड्राइवर वाला रोबोटिक बुलडोजर जिसे रोबडोजर नाम दिया है। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने इसे गाजा में उतारा है और माना जा रहा है कि यह हथियार हमास को जड़ से खत्म करने की रणनीति में बड़ा बदलाव ला सकता है।

इस डी9 बुलडोजर के रोबोटिक संस्करण को इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने तैयार किया है। इसकी खासियत है कि इसे बहुत दूर से नियंत्रित किया जा सकता है। इसका मतलब है कि युद्ध क्षेत्र में सैनिकों की जान को खतरे में डाले बिना इसे खतरनाक इलाकों में भेजा जा सकता है। यह टैंक जैसा मजबूत है, इसे रोकना हमास के लिए मुश्किल होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आईडीएफ ने गाजा के अलावा सीमित रूप से लेबनान में भी इसका इस्तेमाल शुरू कर दिया है। रोबडोजर की तैनाती ऐसे इलाकों में की जा रही है, जहां हमास के लड़ाकों के छिपे होने का शक है या जहां सेना सीधे पहुंचने से हिचकिचाती है। अब यह रोबोटिक बुलडोजर उन ठिकानों को तबाह करने में सक्षम है, जिन्हें पहले खतरे के डर से इजराइली सेना छूने से डरती थी।

# भोपाल में थी पत्रकारों की एक कॉलोनी, जहां बच्चे हाथ से लिखे अखबार निकालते थे

राजधानी भोपाल में 80 के दशक में प्रोफेसर कॉलोनी और हाथी खाना ही ऐसी दो कॉलोनी थी, जहां अधिकांश पत्रकार निवास करते थे। प्रोफेसर कालोनी में रहने वाले कलम के धनी इन पत्रकारों के बच्चे भी अपने पिता की नकल करते हुए अखबार निकाला करते थे। अखबार प्रिंट नहीं होते थे बल्कि पत्रकारों के बच्चे अपनी गर्मी की छुट्टियों में कोरे कागज पर हाथ से लिखकर अखबार निकालते थे। अखबारों का बकायदा शीर्षक भी हुआ करता था। उस जमाने में गर्मी की छुट्टियां 30 अप्रैल को रिजल्ट आने के बाद शुरू होती थी, जो 1 जुलाई को स्कूल खुलने से पर ही समाप्त होती थी। ऐसे समय श्रमजीवियों के बच्चे भला कहां चुप बैठते। खेलकूद और रवींद्र भवन में सविता वाजपेई आंटी जी की शाखा में जाने के बाद मनोरंजन की पुस्तके पढ़ते और अपना ज्ञान बढ़ाते। उस जमाने में होमवर्क तो रहता नहीं था, तब गर्मी की छुट्टियां दोपहर में कैसे बिताई जाए इसका हल भी पत्रकारों के इन बच्चों ने ढूंढ निकाला था। हाथ से लिखे हुए समाचार पत्र की खासियत होती थी कि एक और तो इन बच्चों की राइटिंग में निखार आता था, वहीं व्याकरण की गलतियों में भी सुधार होता था। हिंदी भाषा पर भी अपनी जबर्दस्त पकड़ बना ली जाती थी। सन 1975 से 1979 के दौर में जब यह अखबार निकलते, तो उन्हें प्रोफेसर कॉलोनी में रहने वाले प्रत्येक घर में वितरित किया जाता। हाथ से लिखे समाचार पत्रों को पत्रकार भी पढ़कर आनंद से अभिभूत हो जाते हैं। हाथ से लिखे इन समाचार पत्रों में साप्ताहिक संदेश, पुष्कर, सक्सेस समाचार, विराट भारत जैसे छोटे ए 4 साइज के सफेद कागज पर लिखे हुए हस्तलिखित अखबार होते। जिसमें कॉलोनी में घटित घटनाओं और गतिविधियों की जानकारी होती। उस समय कालोनी में श्री राठौर की एक किराने की दुकान होती थी। उसके विज्ञापन भी यह बच्चे लेकर छापते थे। छोटे से बड़े विज्ञापन का मूल्य भी 50 पैसे से ?2 होता। प्रदेश ही नहीं मेरे ख्याल से देश में इस तरह की हस्तलिखित पत्रकारिता का इससे अच्छा उदाहरण आज तक नहीं मिल पाया। आगे चलकर इनमें से कई बच्चे प्रदेश के बड़े पत्रकार भी बन गए। कुछ प्रिंटिंग प्रेस तो कुछ लेखन शैली से जुड़े विभाग में दर्ज हो गए। जिन पत्रकारों के बच्चे हस्तलिखित अखबार निकालते थे, वे पत्रकार मध्य प्रदेश के नामी गिरामी पत्रकार में गिने जाते थे।


प्रलय श्रीवास्तव




**– प्रलय श्रीवास्तव पूर्व संयुक्त संचालक, जनसंपर्क विभाग**

# धधकती धरती: विकास की दौड़ या विनाश की ओर?


योगेश कुमार गोयल

> राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं।

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता पैदान करने तथा पृथ्वी को बचाने के लिए प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है।




प्रकृति पिछले कुछ समय से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी।

# भारत के सांस्कृतिक धरोहर को ऐतिहासिक वैश्विक सम्मान मिलना अत्यंत गौरवपूर्ण है

वैश्विक स्तरपर भारतीय संस्कृति सभ्यता व कला भारत की प्रतिष्ठित धरोहर है,यह भारतीय दर्शन कलात्मक व सभ्यता के स्तंभ हैं। मेरा मानना है कि जहां भी संस्कृति सभ्यता आध्यात्मिकता व मानवीय भावों की चर्चा होगी तो भारत का नाम जरुर लिया जाएगा, क्योंकि यह सभी भारत की जड़ों में है। भारत की ऐसी धरोहरें ही भारतिय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर की समृद्धि है, जिसने भारत की वैश्विक मंचों पर अपनी प्रतिष्ठा का पताका लहराया है, जो रेखा अंकित करने वाली बात है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्यों कि भारत की ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक धरोहरों की समृद्धि ने वैश्विक मंच पर एक बार फिर अपनी प्रतिष्ठा स्थापित की है। 17 अप्रैल को यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) ने अपने मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में भारत के दो महान ग्रंथों भगवद गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को शामिल कर भारत की शाश्वत परंपरा और सांस्कृतिक उत्कृष्टता को वैश्विक स्तर पर मान्यता दी है। यह केवल भारत के लिए नहीं बल्कि वैश्विक संस्कृति और पूरी मानवता के लिए गर्व का विषय है क्योंकि ये दोनों ग्रंथ न केवल भारतीय जीवन दृष्टिकोण के दर्पण हैं बल्कि विश्व सभ्यता को भी दिशा देने वाले दार्शनिक और कलात्मक प्रकाश स्तंभ भी हैं। इस मान्यता ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत की आध्यात्मिक , सांस्कृतिक और कलात्मक परंपराएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रभावशाली हैं, जितनी वे सहस्त्रों वर्ष पूर्व थी। चूँकि भगवत गीता व नाट्यशास्त्र न केवल ग्रंथ है बल्कि मानवीय जीवन के लिए प्रेरणा स्रोत भारतीय दर्शन कलात्मक व सभ्यता के स्तंभ भी हैं तथा भारत की सांस्कृतिक धरोहर को ऐतिहासिक वैश्विक सम्मान मिलना अत्यंत गौरवपूर्ण बात है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, श्रीमद् भगवत गीता व भरत मुनि के नाट्य शास्त्र को यूनेस्को ने अपने मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड रजिस्टर में शामिल किया। साथियों बात अगर हम यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड रजिस्टर को जानने की करें तो, यह दस्तावेजी धरोहरों का अंतर्राष्ट्रीय मंच है। यूनेस्को द्वारा मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कार्यक्रम विश्व की महत्वपूर्ण दस्तावेजी धरोहरों को संरक्षित करने, उनका डिजिटलीकरण और प्रचार- प्रसार करने और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देने के उद्देश्य से 1992 में प्रारंभ किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य ऐसे ऐतिहासिक ग्रंथों, पांडुलिपियों, अभिलेखों, चित्रों, ऑडियो-विजुअल सामग्री और अन्य दस्तावेजी धरोहरों को संरक्षण प्रदान करना और इन्हें सार्वभौमिक विरासत के रूप में स्थापित करना है, जो मानव सभ्यता की स्मृति और संस्कृति को संरक्षित करते हैं। दस्तावेजों की सुरक्षा, डिजिटलीकरण और वैश्विक प्रदर्शन इस बात को सुनिश्चित करता है कि हमारी धरोहरें समय के प्रवाह में विलुप्त न हों बल्कि युगों-युगों तक प्रासंगिक बनी रहें। यूनेस्को के इस रजिस्टर में किसी दस्तावेज को शामिल किया जाना उसकी वैश्विक मान्यता और कालातीत महत्व का प्रमाण होता हैयूनेस्को की अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार समिति और कार्यकारी बोर्ड द्वारा चयन की गई प्रविष्टियां न केवल संबंधित देशों की धरोहर को मान्यता देती हैं बल्कि शोध, शिक्षा और सांस्कृतिक संवाद को भी बढ़ावा देती हैं।मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड में भारत की 14 प्रविष्टियां व 2025 में यूनेस्को की दस्तावेजी धरोहरों की नई सूची में कुल 74 नए संग्रहों को स्थान दिया गया है, जिससे अब तक इस रजिस्टर में शामिल अभिलेखों की संख्या बढ़कर 570 हो गई है, जो 72 देशों और चार अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से संबंधित हैं। इस वर्ष की प्रविष्टियों में वैज्ञानिक क्रांति, 'इतिहास में महिलाओं का योगदान' और 'बहुपक्षवाद' जैसे विषयों की झलक मिलती है, जिससे स्पष्ट होता है कि यूनेस्को का उद्देश्य केवल दस्तावेजों का संरक्षण ही नहीं बल्कि मानवता के सांझा मूल्यों और इतिहास की रक्षा भी है।गीता और नाट्यशास्त्र के शामिल होने के साथ अब भारत की कुल 14 प्रविष्टियां 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर में हो चुकी हैं, जिससे प्रमाणित होता है कि भारत अपने दस्तावेजी धरोहरों के संरक्षण और उन्हें विश्व मंच पर प्रस्तुत करने के प्रति प्रतिबद्ध है। इससे पहले ताम्रपत्र,ऋग्वेद,तुलसीदास की रामचरितमानस, पंचतंत्र और अष्टाध्यायी जैसी महत्वपूर्ण कृतियों को भी इसमें स्थान मिल चुका है। भारत के लिए यह न केवल सांस्कृतिक प्रतिष्ठा का विषय है बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए चेतना-संवर्धन का माध्यम भी है। साथियों बात अगर हम दोनों ग्रंथों को यूनेस्को रिकॉर्ड में शामिल करने पर भारतीय संस्कृति की वैश्विक विजय होने की करें तो, बहरहाल, गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया जाना केवल औपचारिक मान्यता नहीं है बल्कि यह भारत की चिरंतन संस्कृति, शाश्वत ज्ञान और कलात्मक उत्कृष्टता की वैश्विक विजय है। भगवद गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को द्वारा आधिकारिक रूप से विश्व स्मृति में शामिल किए जाने के बाद इनके संरक्षण, डिजिटलाइजेशन और अंतर्राष्ट्रीय शोध में तेजी आ सकती है।




किशन भावनानी

## राजकाज



### जस्टिस गवई पर नहीं है, भाजपा को भरोसा?

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने अपने उत्तराधिकारी का नाम केंद्र सरकार को भेज दिया है। चीफ जस्टिस के रूप में वरिष्ठता क्रम में बीआर गवई का नाम था। केंद्र सरकार से पूछे बिना गवई का नाम भेजने से सरकार और भाजपा नाराज है। सरकार खुलकर कुछ बोल नहीं पा रही है। सुप्रीम कोर्ट के 52 वे मुख्य न्यायाधीश बनने का उनका रास्ता साफ हो गया है। 15 मई को जस्टिस संजीव खन्ना का कार्यकाल खत्म होगा। वह सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बनेंगे। उनका कार्यकाल 7 महीने का होगा। उनके बहुत से फैसले सरकार को पसंद नहीं हैं। जिसके कारण सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच अनबन की स्थिति बन गई है। मोदी सरकार में पहली बार ऐसा हुआ है। जब निवृत्तिमान चीफ जस्टिस ने बिना सरकार से परामर्श किए सीधे विधि मंत्रालय को नाम भेज दिया।

### देश में जगह-जगह बगावत अब ईड़ी के खिलाफ प्रदर्शन

पिछले कुछ महीनो से सरकार के खिलाफ जगह-जगह बगावत देखने को मिल रही है। भाजपा को 240 सीटें क्या मिली। उसके बाद इंडिया गठबंधन एनडीए गठबंधन दोनों से ही सरकार को चुनौती मिलने लगी। अब ईडी और सीबीआई से भी लोग नहीं डर रहे हैं। अब ईड़ी के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। राजस्थान में ईडी के अधिकारियों को घेर लिया गया। वहां पर भाजपा की सरकार है। अब राजनीतिक दलों के नेताओं को ईडी का डर नहीं रह गया है। रही सही कसर न्याय पालिका निकाल रही है। कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने तरह-तरह के नियम बना दिए हैं। ईड़ी को जो अपार शक्तियां मिली हुई थी, उसमें कटौती हो गई है। अब ईड़ी के लिए संभव नहीं रहा, वह जबरदस्ती किसी को फंसा सके। ज्यादा दिन तक जेल में रख सके। इसलिए अब विरोध प्रदर्शन बड़े आम हो गए हैं। जहां विपक्षी दलों की सरकार है। वहां पर ईड़ी के अधिकारी जाने से घबराने लगे हैं। समय बदलता है, तो सब कुछ बदलने लगता है।

### रॉबर्ट वाड्रा की ईडी मैं पेशी,नई बोतल में पुरानी शराब

ईडी के अधिकारियों ने समन जारी करके कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति और राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाड्रा को ईडी कार्यालय में तलब किया। ईडी अधिकारियों ने पिछली बार की पेशी में जो पूछताछ की थी। वही पूछताछ इस बार की। प्रियंका गांधी बाहर वेटिंग रूम में बैठी रही। केंद्र सरकार को लगता था, रॉबर्ट वाड्रा को बुलाया जाएगा। इससे प्रियंका गांधी और राहुल गांधी पर दबाव बनेगा। यहां पर उल्टा हुआ, वह गाजे बाजे के साथ आए। ईडी के अधिकारियों को ही धमकी देकर चले गए। जितना प्रताड़ित करोगे, उतने ही हम मजबूत होंगे। जब आदमी डरना बंद कर दे। तब उससे निपटना मुश्किल हो जाता है। यह बात सरकार और ईडी के अधिकारियों को समझ आने लगी है। अब देखें आगे क्या होता है।

## फीचर



# ये आदतें आपको रखेंगी सेहतमंद


> दिनभर में तकरीबन तीन कॉफी पीने से पित्त की पथरी का खतरा कम होता है। किडनी स्टोन के होने का खतरा भी नहीं रहता। इसके अलावा अगर आपका भी मूड खराब है तो आप कॉफी का एक कप जरूर लें।

कुछ ऐसी आदतें भी होती हैं जिन्हें आमतौर पर अच्छा नहीं माना जाता पर इनके साथ भी आप स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। जैसे कि कॉफी की कम मात्रा सेहत के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन अधिक कॉफी पीना सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता। दिनभर में तकरीबन तीन कॉफी पीने से पित्त की पथरी का खतरा कम होता है। किडनी स्टोन के होने का खतरा भी नहीं रहता। इसके अलावा अगर आपका भी मूड खराब है तो आप कॉफी का एक कप जरूर लें। कॉफी में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो आपके मूड को ठीक करने में मदद करते हैं। अधिकतर लोग चॉकलेट को जंक फूड मानते हैं इसीलिए रोजाना चाकलेट खाने से बचते हैं पर ऐसा नहीं है, चॉकलेट खाना बुरा नहीं है। रिसर्च के मुताबिक, चॉकलेट सिर्फ आपको मीठा खाने की संतुष्टि ही नहीं देता बल्कि ये दिल की बीमारियों से भी बचाता है। खासतौर पर डार्क चॉकलेट। साथ ही यह निम्न रक्तचाप को भी संतुलित करता है। एक अन्य रिसर्च के मुताबिक, जो लोग अधिक चॉकलेट खाते हैं उन्हें स्ट्रोक का खतरा भी कम होता है। गॉसिप करना सेहत के लिए बहुत अच्छ्रु होता है। गॉसिपिंग के दौरान बॉडी से फील गुड हार्मोन रिलीज होता है जो कि तनाव और एंजाइटी से मुक्त करने में मदद करता है। इसके अलावा, ऑफिस में गॉसिपिंग सेफ्टी वॉल्व की तरह होती है, जिससे आप अपने दिल की बात बाहर निकाल सकते हैं। दिन में सपना देखने को अक्सर लोग बुरा मानत हैं। जबकि एक शोध में ये बुरी नहीं बल्कि एक अच्छी आदत मानी गई है। एक्सपर्ट्स का दावा है कि दिन में सपने देखने वाले लोगों की याददाश्त तेज होती है।

## प्रेरणा

# मृत्यु का अर्थ


मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछ भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका। जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशत्रे कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है। जैन दर्शन में इसका सर्वांगीण विवेचन उपलब्ध है। मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग।इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है।अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित हैं। संयम और समाधिमय मृत्यु पंडित मरण है। जीवन के अंतिम क्षणों में भी संयम और समाधि का स्पर्श हो जाए तो वह मरण पंडित मरण की गणना में आ जाता है। कुछ व्यक्ति मौत के नाम से ही घबराते हैं। वे जीवन को महत्व देते हैं। अपना-अपना चिंतन है। मुझे इस संबंध में अपने विचार देने हों तो मैं मृत्यु को वरीयता दूंगा। क्योंकि जीवन की सार्थकता भी मृत्यु पर ही निर्भर करती है। किसी व्यक्ति ने तपस्या की है और जागरुकता के साथ धर्म की आराधना की है, तो उसका फल समाधिमय मृत्यु ही है।



## अपनी बात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे वैश्विक समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति बताया। अपने हार्दिक संदेश को साझा करते हुए, प्रधानमंत्री ने दुनिया भर के कैथोलिकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की, सेवा, करुणा और आध्यात्मिक साहस के लिए पोप के आजीवन समर्पण को स्वीकार किया।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बोस्टन में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र चुनाव का मुद्दा उठाया और भारतीय चुनाव प्रक्रिया पर संदेह जताते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है। उन्होंने दावा किया कि व्यवस्था में कुछ बहुत गड़बड़ है। महाराष्ट्र चुनाव पर बोलते हुए गांधी ने कहा कि दो घंटे में मतदाता सूची में 65 लाख मतदाताओं का नाम जुड़ गया, जो असंभव था।

## ब्रीफ न्यूज़

### शादी की खुशियां विवाद में बदलीं, कैंट और कोतवाली थाना क्षेत्रों में मारपीट

**गुना।** शादी समारोहों के बीच गुना जिले के कैंट और कोतवाली थाना क्षेत्रों में दो अलग-अलग विवाद सामने आए, जहां डीजे पर नाचने और आपसी कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। पहली घटना कैंट थाना क्षेत्र के गुलाबगंज इलाके की है, जहां फरियादी काशीराम कुशवाह ने रिपोर्ट दी कि वह अपने मौसी के बेटे की शादी में शामिल होने आया था। बारात गुलाबगंज कलारी के पास पहुंची थी और सभी लोग डीजे पर नाच रहे थे। इसी दौरान नाचते समय पैर रखे जाने की बात को लेकर अभि, बिट्टू, नौनिहाल और लक्ष्मण कुशवाह से उसका विवाद हो गया। चारों ने काशीराम और उसके दो सालों को गालियां दीं और बेल्ट से मारपीट कर दी।

### फतेहगढ़ में दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद, दोनों ओर से मारपीट

**गुना।** जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ठेकेदार कॉलोनी में गत रात दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर जमकर विवाद और मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों से हमला करने और गंभीर रूप से घायल करने के आरोप लगाते हुए, थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहले पक्ष से फरियादी अमर जाटव ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब 10:15 बजे वह घर के सामने खड़ा था, तभी पुराने विवाद को लेकर भोला अहिरवार, उसके भाई रामचंद्र और पिता राजाराम आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर भोला ने अमर पर लाठी से हमला किया, जिससे उसके हाथ और पीठ में चोटें आईं। बीच-बचाव करने आई पत्नी जमुनाबाई और छोटे भाई अजय जाटव को भी डंडों से पीटा गया, जिससे उन्हें भी चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष से राजाराम अहिरवार ने रिपोर्ट दी कि उसी समय उसका भांजा बल्लू उर्फ बलराम, अजय जाटव और अमर जाटव उसके घर के सामने आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर बल्लू ने राजाराम के माथे पर लाठी मारी, जिससे खून बहने लगा। बीच-बचाव में भोला पर भी तीनों ने हमला किया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई।

### बमोरी क्षेत्र में दो सड़क हादसे, एक गंभीर घायल

**गुना।** जिले के बमोरी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अन्य को भी चोटें आई हैं। चिकनी तलैया सिमरोद निवासी रामसिंह भिलाला अपने साथी अमरसिंह बारेला के साथ बाइक से दुकान जा रहे थे। जैसे ही वे गंगा बंजारा के खेत के पास पहुंचे, सामने से आ रही बाइक क्रमांक एमपी 33-2743 को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए, कंदाई निवासी बृजेश भिलाला ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रामसिंह के दाहिने पैर और हाथ में चोटें आई, जबकि अमरसिंह को गंभीर रूप से घायल अवस्था में गुना के मीनाक्षी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरी में महूआखेड़ा निवासी नानजी भिलाला अपने साले रामसिंह भिलाला के साथ ट्रैक्टर से गुना जा रहे थे। रामसिंह ट्रैक्टर चला रहा था। नोनेरा-अमरोद के बीच रामसिंह ने ट्रैक्टर को लापरवाही से चलाकर साइड में पलटा दिया।

# शासकीय पेंशनर एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ द्वारा पंचकुंडीय गायत्री हवन संपन्न

सत्ता सुधार ■ गुना

शासकीय पेंशनर एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ जिला गुना द्वारा स्थानीय पेंशनर पार्क में गायत्री परिवार के सहयोग से पंच कुण्डीय गायत्री हवन का आयोजन किया गया। संघ के अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन में पांच जोड़े मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। जिनमें अनिरुद्ध सिंह मिथलेश सेंगर, कैलाश नारायण ममता बंसल, एसएस वर्मा कमला श्रीवास्तव, शैलेन्द्र शारदा शर्मा, कुलदीप आभा सोलंकी सहित राधेश्याम कल्पना श्रीवास्तव, श्याम पदमा श्रीवास्तव, प्रो पीके मुखर्जी, प्रताप सिंह परिहार, पुरुषोत्तम पाराशर, राजाराम शिन्दे, के आर कापसे,



हरिओम श्रीवास्तव आदि प्रमुख हैं। गायत्री परिवार गुना द्वारा गायत्री हवन सुबह की बेला में, प्राकृतिक परिवेश में विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। हवन का शुभारंभ विभिन्न देवी देवताओं की स्तुतियों से हुआ। हल्की हल्की हवाएं, लहराते वृक्ष और पक्षियों की चहचहाहट के बीच मंत्रोच्चार की ध्वनियों ने सारे वातावरण को सकारात्मक दिव्य ऊर्जा से सराबोर कर दिया। गायत्री परिवार के भाई बहनों ने ढपली की ताल पर सुमधुर गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में संघ के उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने सभी का आभार प्रकट किया। तत्पश्चात उपस्थित जनों ने प्रसाद ग्रहण करने के बाद विदा ली।

# गुना एसपी तबादले पर सियासी घमासान, दिग्विजय और माकपा ने सरकार को घेरा

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले में हाल ही में हुए पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के तबादले को लेकर सियासत गरमा गई है। हनुमान जयंती के मौके पर कर्नलगंज इलाके में भड़के सांप्रदायिक तनाव के बाद हुए इस तबादले को विपक्ष ने सरकार की "मनमानी" कार्रवाई बताया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से लेकर माकपा तक ने इस फैसले पर नाराजगी जताई है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री को घेरते हुए पूछा कि क्या अब वही अधिकारी प्रताड़ित किए जाएंगे जो कानून और संविधान के मुताबिक कार्य करें? उन्होंने कहा कि यदि किसी पुलिस अधिकारी ने निष्पक्ष रूप से काम किया और उसके बावजूद उसे सजा दी गई, तो यह लोकतंत्र के लिए





खतरनाक संकेत है। दिग्विजय ने यह भी आरोप लगाया कि गुना जैसे शांतिपूर्ण शहर की फिजा बिगाड़ने में कुछ राजनीतिक ताकतें लगी हैं और जब पुलिस ने कार्रवाई की, तो एसपी का ट्रांसफर कर दिया गया।

दरअसल 12 अप्रैल को हनुमान जयंती पर निकले एक जुलूस के दौरान मस्जिद के सामने दोनों पक्षों में विवाद और तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई थी। हालांकि, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हालात को नियंत्रण में रखा और किसी बड़ी अनहोनी को टाल दिया। एसपी संजीव सिन्हा ने उसी दिन मीडिया को बताया था कि उन्होंने सीसीटीवी फुटेज में पत्थरबाजी नहीं देखी है। इस बयान के बाद हिंदूवादी संगठनों ने उन्हें निशाने पर लिया। अब माकपा ने भी इस मामले में सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा कि एसपी सिन्हा को सांप्रदायिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की सजा दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना अनुमति के जुलूस निकालने और भड़काऊ नारेबाजी करने वाले संगठनों पर एफआईआर होने से सरकार बैकफुट पर आ गई और नतीजतन एसपी का तबादला कर दिया गया। माकपा ने इसे लोकतांत्रिक और संवैधानिक प्रक्रिया के खिलाफ बताया है। दिग्विजय सिंह और माकपा दोनों ने मांग की है कि सरकार पुलिस प्रशासन को राजनीतिक दबाव से मुक्त रखे और कानून के राज को प्राथमिकता दे।

## चंदा विवाद बना खूनी झड़प की वजह

### एक ही समाज के एक दर्जन लोगों पर मारपीट का केस

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र के ग्राम लामाखेड़ा में सामाजिक आयोजन के लिए चंदा देने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इसमें एक ही समाज के लोगों ने मिलकर पिता और उसके दो बेटों पर लाठी-डंडों, फर्सों व लोहे की छड़ों से हमला कर दिया। तीनों गंभीर रूप से घायल हैं और जिला चिकित्सालय गुना में उपचाररत हैं। फरियादी जगदीश जटिया निवासी लामाखेड़ा ने बताया कि गत दोपहर गांव में गरीब लड़कियों के सामूहिक विवाह आयोजन के लिए चंदा इकट्ठा किया जा रहा था। वह स्वेच्छा से चंदा देना चाहता था, लेकिन गांव के कुछ लोगों ने उससे चंदा लेने से इनकार कर दिया। इसी बात पर विवाद बढ़ गया और मामला गाली-गलौज व हाथापाई तक पहुंच गया।

जगदीश का आरोप है कि बबन, ओमस्वरूप, मनीष और गोलू ने पहले उस पर जानलेवा हमला किया। जब वह बचने के लिए भागा तो उसके बेटे कपिल और राहुल मदद को पहुंचे। तभी कन्हैयालाल व कल्याण भी पहुंचे और फर्सों व सब्बल से हमला कर दिया। इसके बाद रामविलास, राहुल, रामेश्वर और नैना समेत अन्य ने डंडों से पिटाई की। घटना के दौरान विशाल उर्फ नैनी और कपूरी बाई भी आ गई और उन्होंने भी हमला किया। मारपीट में जगदीश के अलावा उसके दोनों बेटों को भी गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को कुंभराज अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल गुना रेफर किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 115(2), 351(2), 296 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

# डाकघरों के सौंदर्यीकरण का हुआ लोकार्पण, जनता को मिलेगा बेहतर वातावरण



सत्ता सुधार ■ गुना

डाक विभाग द्वारा प्रोजेक्ट एरो, लुक एंड फील के अंतर्गत डाकघरों के सौंदर्यीकरण की श्रृंखला में रविवार, 21 अप्रैल को गुना कैंट और बजरंगगढ़ उपडाकघरों के नवनिर्मित स्वरूप का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता और कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर एवं नाम पट्टिका के अनावरण के साथ किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी, भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, जिला महामंत्री संतोष धाकड़, भाजपा मीडिया प्रभारी विकास जैन सहित कई जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और डाक कर्मी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि इस सौंदर्यीकरण कार्य की प्रेरणा सांसद एवं संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मध्यप्रदेश के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल विनीत माथुर के मार्गदर्शन से मिली है। प्रोजेक्ट एरो/लुक एंड फील के तहत गुना डाक संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी डाकघरों को नए रूप में सजाया-संवारा जा रहा है, ताकि ग्राहकों को सुविधाजनक, स्वच्छ और आधुनिक वातावरण मिल सके। अधीक्षक ओपी चतुर्वेदी ने बताया कि डाकघरों में आने वाले नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं की बेहतर जानकारी और सेवाएं प्राप्त हों, यही इस परियोजना का उद्देश्य है। समारोह में सहायक अधीक्षक रविंद्र भार्गव, निरीक्षक राहुल जैन, गुंजन शर्मा, गुना कैंट के उपडाकपाल धर्मेंद्र कुशवाह, बजरंगगढ़ के उपडाकपाल आयुष यादव, सोशल मीडिया प्रभारी सचेंद्र तिवारी सहित समस्त डाक कर्मचारी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कैंट थाना पुलिस ने दो स्थानों से अवैध शराब बेचते दो युवकों को पकड़ा, बड़ी मात्रा में शराब जब्त

**गुना।** कैंट थाना पुलिस ने अवैध शराब बिक्री की दो अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर कार्रवाई की है। दोनों मामलों में कुल 90 क्वार्टर देशी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने गश्त के दौरान पिपरोदाखुर्द क्षेत्र में कार्रवाई की। सूचना पर पुलिस टीम ने पिपरोदाखुर्द में एक घर के बाहर अवैध रूप से शराब बेचते बिट्टू कलावत को पकड़ा। उसके पास से 40 क्वार्टर देशी मसाला शराब जब्त की गई, जिसके संबंध में वह कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इसी दिन एक अन्य सूचना पर पुलिस ने होरी मोहल्ला, पिपरोदाखुर्द में सोनू कुशवाह को उसकी दुकान में अवैध रूप से देशी शराब बेचते हुए पकड़ा। उसके पास से 30 क्वार्टर मसाला एवं 20 क्वार्टर प्लेन देशी शराब बरामद की गई। दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई।

# कचरे में लगी आग से मचा हड़कंप, फायर ब्रिगेड ने समय रहते पाया काबू



सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के अशोकनगर रोड स्थित कलेक्टर कार्यालय के पीछे बने द्वार के समीप सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कचरे के ढेर से अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप लेना शुरू कर दिया, जिससे पास खड़े वाहन और आसपास की बस्तियों को खतरा उत्पन्न हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी, जिस पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा दी गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस स्थान पर आग लगी वहां लंबे समय से नगरपालिका द्वारा एकत्रित किया गया कचरा जमा होता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका के कुछ सफाई कर्मी स्वयं कचरे में आग लगाकर उसे नष्ट करने की आदत में हैं, जिससे आए दिन ऐसे हादसे सामने आते हैं। आज की घटना के दौरान वहां कई चार पहिया वाहन खड़े थे, जो अगर चपेट में आ जाते तो बड़ा नुकसान हो सकता था। साथ ही इस क्षेत्र में शासकीय कार्यालय और रिहायशी क्षेत्र भी है, जिससे आग का खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे पहले भी कई बार नगरपालिका को इस संबंध में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोग लगातार मांग कर रहे हैं कि कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था की जाए और ऐसी घटनाओं की जिम्मेदारी तय की जाए। फिलहाल आग के कारणों की जांच की जा रही है। हालांकि प्राथमिक जानकारी के आधार पर लापरवाहीपूर्वक कचरे में लगाई गई आग को ही कारण माना जा रहा है।

# आनंद धाम वृद्ध सेवा केंद्र पहुँचीं प्रमुख सचिव अंकिता धाकरे

### व्यवस्थाओं की प्रशंसा की

सत्ता सुधार ■ गुना

सामाजिक न्याय विभाग भोपाल की प्रमुख सचिव अंकिता धाकरे आईएएस एवं उपसंचालक विशाल सिंह ने सोमवार को सेवा भारती द्वारा संचालित आनंद धाम वरिष्ठ जन सेवा केंद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ अधिकारियों का सेवा भारती गुना की ओर से पुष्पमालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव धाकरे और उपसंचालक सिंह ने वृद्धजन सेवा केंद्र के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया। उन्होंने यहां की साफ-सफाई, रहने की व्यवस्था, कक्षों की स्थिति एवं भोजन





प्रबंधन का विस्तार से निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं से संतुष्ट होकर उन्होंने केंद्र की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि आनंद धाम वरिष्ठ नागरिकों की सेवा में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

इस अवसर पर सेवा भारती गुना के अध्यक्ष डॉ. रामवीर सिंह, आनंद धाम कार्यकारिणी सदस्य बृजेश श्रीवास्तव, आनंद गुप्ता एवं जिला कार्यालय प्रमुख नरेंद्र सेंगर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन सभी ने वरिष्ठ अधिकारियों को केंद्र के उद्देश्यों, सेवाओं और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। निरीक्षण के बाद प्रमुख सचिव ने कहा कि समाज में वृद्धजनों का सम्मान और देखभाल हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, और आनंद धाम इस दिशा में अत्यंत सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने सेवा भारती टीम को ऐसे सेवा कार्यों को और व्यापक स्तर पर विस्तार देने के लिए प्रोत्साहित किया। सेवा भारती के प्रतिनिधियों ने भी आश्वस्त किया कि वे भविष्य में भी वरिष्ठजनों की देखभाल में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और सामाजिक सहभागिता से इस सेवा केंद्र को और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। निरीक्षण के समापन पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### टेंट लगाते वक्त करंट की चपेट में आया युवक, मौके पर ही मौत

**गुना।** जिले के राघौगढ़ क्षेत्र के एक युवक की टेंट लगाने के दौरान करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब युवक एक कार्यक्रम के लिए टेंट की तैयारी कर रहा था। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और युवक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा ग्राम बेरखेड़ी में हुआ, जहां महमूद नगर निवासी 25 वर्षीय गोकुल पुत्र मेहताब बीते कुछ वर्षों से टेंट डेकोरेशन का काम कर रहा था। वह किसी स्थानीय आयोजन के सिलसिले में टेंट लगाने पहुंचा था। कार्य के दौरान बिजली के तारों की चपेट में आने से उसे जोरदार झटका लगा और वह वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सुबह अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गोकुल की असमय मौत से गांव में शोक की लहर है। परिजनों का कहना है कि वह काफी मेहनती और जिम्मेदार युवक था, जो कई वर्षों से इस काम से जुड़ा था और परिवार का एकमात्र सहारा भी था। हादसे के बाद से परिवार गहरे सदमे में है। राघौगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि करंट लगने की असल वजह क्या रही, क्या यह बिजली लाइन की लापरवाही थी या उपकरणों में कोई तकनीकी खामी।



### त्रिमूर्ति जिनालय में आरंभ हुआ 30 वां स्थापना दिवस समारोह, मंगलमय वातावरण में शुरू हुए धार्मिक आयोजन

# आचार्यश्री के चरण कमलों के भव्य जुलूस के साथ शुरू हुआ दो दिवसीय चंद्रप्रभु जिनालय का स्थापना समारोह कार्यक्रम

सत्ता सुधार ■ गुना

त्रिमूर्ति कॉलोनी स्थित श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर का 30वां स्थापना दिवस समारोह सोमवार से धर्ममय वातावरण में शुरू हो गया। दो दिवसीय इस विशेष आयोजन की शुरुआत प्रातः 6:30 बजे सामूहिक अभिषेक और पूजन से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके पश्चात श्री बड़े मंदिर जी से आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज के चरण कमलों को रथ में विराजमान कर भव्य चल समारोह निकाला गया। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई त्रिमूर्ति जिनालय पहुंची, जहां चरण कमलों को अस्थायी रूप से विराजमान किया गया।

इस अवसर पर पुण्यार्जक परिवारों में बाबूलाल, अनिल कुमार, सुनील कुमार, संतोष कुमार, डॉ. सुषमा, राहुल, सिद्धार्थ जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे। इन सभी ने आचार्यश्री के चरणों का अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। समारोह के अंतर्गत आज से 24 घंटे का अखण्ड भक्तामर स्तोत्र पाठ प्रारंभ हो गया है, जो 22 अप्रैल की सुबह 8 बजे तक अनवरत जारी रहेगा। प्रथम दिवस में आर्यिका श्री प्रशममति माताजी एवं उपशममति माताजी के सानिध्य में मंगल प्रवचनों का आयोजन भी किया गया, जिसमें धर्म प्रेमियों ने श्रद्धा से भाग लिया। 22 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से मूलनायक भगवान श्री चन्द्रप्रभु का महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा एवं भक्तामर विधान का आयोजन होगा। इसके बाद माताजी के दिव्य प्रवचन होंगे। इसी दिन रात्रि 7:30 बजे आरती और भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। सभी कार्यक्रमों का संचालन बाल ब्रह्मचारी जीतू भैया और संजय शास्त्री के निर्देशन में किया जा रहा है।



# सीटू ने श्रम कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन एरियर सहित पुनरीक्षित वेतन भुगतान की उठाई मांग

सत्ता सुधार ■ गुना

सीटू के राज्यव्यापी आह्वान पर सोमवार को गुना में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों ने जोरदार प्रदर्शन कर श्रम कार्यालय के समक्ष ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन 1 अप्रैल 2024 से लागू पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन का एरियर सहित भुगतान किए जाने की मांग को लेकर किया गया। प्रदर्शन के दौरान सीटू कार्यकर्ताओं ने हनुमान चौराहे से रैली निकाली और नगरपालिका के सामने सभा की, जिसे सीटू के राज्य उपाध्यक्ष डॉ. विष्णु शर्मा, महेश सैनी, जहूर खान, कल्याण सिंह लोधी और कान्हा मालवीय ने संबोधित किया।

सभा में वक्ताओं ने बताया कि उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ के



आदेश के बाद श्रमायुक्त इंदौर ने 28 फरवरी को संशोधित वेतन का एरियर सहित भुगतान करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक किसी भी विभाग ने 11 महीने का एरियर नहीं दिया। 4 मार्च 2024 को जारी अधिसूचना को पुनः प्रभावशील मानते हुए सभी नियोजकों, ठेकेदारों, संस्थानों और कंपनियों को निर्देश दिए गए थे कि संविदा, आउटसोर्सिंग, सरकारी व गैर-सरकारी संगठनों में कार्यरत श्रमिकों को संशोधित वेतन का एरियर तत्काल दिया जाए। सीटू नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार मालिकों के हित साध रही है, जिससे मजदूरों को उनका हक नहीं मिल पा रहा। उन्होंने बताया कि सीटू ने इस आदेश की स्पष्टता हेतु उच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका भी दायर की है। साथ ही मांग की है कि नवंबर 2019 से बकाया एरियर का भी भुगतान कराया जाए।

# ऑइल इंडिया में 12वीं पास लोगों के लिए निकली भर्ती

## 15 अगस्त पहले करें आवेदन




ऑइल इंडिया लिमिटेड जूनियर असिस्टेंट के कई पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। इच्छुक और उम्मीदवार कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट https://www.oil-india.com में जाकर नोटिफिकेशन चेक कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया 1 जुलाई से शुरू हुई है और 15 अगस्त तक आवेदन किए जा सकते हैं। इस भर्ती के जरिए जूनियर असिस्टेंट के 120 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। जूनियर असिस्टेंट के पदों पर आवेदन के लिए आपका किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास होना जरूरी है। आप किसी भी विषय से 12वीं पास कर सकते हैं, लेकिन कम से कम 40 फीसदी नंबर लाना जरूरी है। इसके साथ ही आपके पास कम से कम 6 महीने का कंप्यूटर डिप्लोमा भी जरूरी है। इसके अलावा MS Word, MS Excel, MS Powerpoint जैसे सॉफ्टवेयर की जानकारी भी जरूरी है। 18 से 30 साल तक के लोग इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि ST/SC उम्मीदवारों को इसमें 5 साल और OBC उम्मीदवारों को 3 साल की छूट दी गई है।

### कितनी है आवेदन की फीस

सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 200 रुपये आवेदन फीस भरनी होगी। यह फीस ऑनलाइन माध्यम से ही ली जाएगी। वहीं सामान्य और पिछड़ा वर्ग के अलावा अन्य सभी उम्मीदवारों को आवेदन फीस से मुक्त रखा गया है।

### कैसे करें आवेदन

जूनियर असिस्टेंट के पद पर आवेदन के लिए सबसे पहले ऑइल इंडिया की वेबसाइट https://www.oil-india.com पर जाकर मौजूदा भर्ती का विकल्प चुनें। अब जूनियर असिस्टेंट की पोस्ट पर क्लिक करें। इसके बाद आपके सामने नया पेज खुलेगा। इसमें आपनी सभी जरूरी जानकारियां फिल करें और रजिस्ट्रेशन करें। अब आपके फोन और ई मेल पर ग्ङ्घ आएगा। इसके जरिए खुद को वेरिफाई करें। अब आवेदन फॉर्म भरकर सभी डॉक्यूमेंट अपलोड कर दें। आवेदन फीस भरें और इसकी हार्ड कॉफी अपने पास रख लें। भविष्य में जरूरत पड़ने पर यह कॉपी आपके काम आ सकती है।

# नाविक जीडी और यांत्रिक के 350 पदों के लिए आवेदन शुरू




इंडियन कोस्ट गार्ड ने नाविक और यांत्रिक के 350 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इनमें नाविक (जनरल ड्यूटी) के लिए 260, नाविक (डोमेस्टिक ब्रांच) के 50, यांत्रिक (मैकेनिकल) के 20, यांत्रिकी (इलेक्ट्रिकल) के 13 और यांत्रिक (इलेक्ट्रॉनिक्स) के 7 पद है। आवेदन की प्रक्रिया 2 जुलाई से 16 जुलाई 2021 तक चलेगी। इच्छुक उम्मीदवार 16 जुलाई तक joinindiancoastguard.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

योग्यता

नाविक (जीडी) – मैथ्स व फिजिक्स के साथ 12वीं पास।
नाविक (डोमेस्टिक ब्रांच) – 10वीं पास।
यांत्रिक – 10वीं पास एवं इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/टेलीकम्युनिकेशन (रेडियो/पावर) इंजीनियरिंग में डिप्लोमा।
आयु सीमा – 18 से 22 वर्ष.
नाविक (जीडी) व यांत्रिक – 1 फरवरी 2000 से 31 जनवरी 2004 के बीच जन्म हुआ हो।
नाविक (डोमेस्टिक ब्रांच) – 1 अप्रैल 2000 से 31 मार्च 2004 के बीच जन्म हुआ हो।
चयन प्रक्रिया : उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा, शारीरिक मापदंड परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा और मेडिकल परीक्षण के आधार पर किया जाएगा।
पहले चरण में लिखित परीक्षा होगी। लिखित परीक्षा में पास होने वाले उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता और शारीरिक मापदंड परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा।



# आर्कियोलॉजी में हैं कॅरियर के अपार अवसर

**अवसरों की बात करें तो आर्कियोलॉजिस्ट काफी हॉट जॉब है और इसकी मांग सरकारी व निजी दोनों ही जगह है। आर्कियोलॉजी सर्वे ऑफ इंडिया में आर्कियोलॉजिस्ट पोस्ट के लिए संघ लोक सेवा आयोग प्रत्येक वर्ष परीक्षा आयोजित करता है। आर्कियो का मतलब इतिहास से है, यह तो हम सबको पता ही है, किन्तु यहाँ अभिप्राय ना केवल इतिहास है, बल्कि मनुष्य का विकास किस क्रम में हुआ, कहां हुआ, कैसे पुरानी सभ्यताएं जन्मीं, फली फूलीं, यह सारी चीज तो आर्कियोलॉजी में ही पढ़ाई जाती है।**

और इसी क्षेत्र का स्पेशलाइजेशन लेने वाला एक सफल आर्किंयोलॉजिस्ट के रूप में जाना जाता है। वास्तव में समूचे विश्व में शायद ही कोई ऐसी जगह होगी, जहां कभी ना कभी कोई ना कोई सभ्यता न रही हो। ऐसे में उन सभ्यताओं के बारे में, कल्चर के बारे में जानना ही आर्किंयोलॉजिस्ट का प्रमुख कार्य है। देखा जाए तो अर्किंयोलॉजिस्ट का काम बेहद विशाल है, और इसके अंदर ना केवल तार्किक सोच होनी चाहिए, बल्कि अलग-अलग भाषाओं का ज्ञान, एवं एनालिटिकल स्किल होना भी बेहद आवश्यक है।
इस क्षेत्र के लिए अगर जरूरी योग्यता की बात करें तो क्लासिकल लैंग्वेज, अर्थात पाली, अपभ्रंश, संस्कृत, प्राचीन अरेबियन लैंग्वेज में से किसी की जानकारी तो आपको होना चाहिए, और इसी से कामयाबी की राह खुलती है। और हाँ! केवल पुरानी भाषाएँ सीखने से ही काम नहीं चलेगा, बल्कि अपने काम के प्रति समर्पण बेहद जरूरी है, क्योंकि अगर यह नहीं होगा तो आप बहुत जल्दी हार मान लेंगे। इसके साथ साथ कला की समझ, उसकी पहचान आपको काफी मदद करेगी। आखिर आपको सभ्यताओं की पहचान जो करनी है।
अवसरों की बात करें तो आर्किंयोलॉजिस्ट काफी हॉट जॉब है और इसकी मांग सरकारी व निजी दोनों ही जगह है। आर्किंयोलॉजी सर्वे ऑफ इंडिया में आर्किंयोलॉजिस्ट पोस्ट के लिए संघ लोक सेवा आयोग (ठघ्ङ्घए) प्रत्येक वर्ष परीक्षा आयोजित करता है। न केवल सेंटर में, बल्कि राज्यों में भी आर्किंयोलॉजी डिपार्टमेंट ऐसे लोगों को हायर करते हैं। एजुकेशन फिल्ड में तो खैर, इसकी डिमांड रहती ही है। इसके लिए आप नेट क्वालीफाई करके अप्लाई कर सकते हैं।
इस क्षेत्र से जुड़े कोर्सेज की बात करें तो पीजी, एमफिल, पीएचडी देश के अलग-अलग इंस्टिट्यूट से इसे आसानी से कर सकते हैं। एक्सपर्ट लेवल पर जायेंगे तो हेरिटेज मैनेजमेंट एवं आर्किटेक्चरल कंजरवेशन से सम्बंधित कोर्स अभी कम ही जगह मौजूद हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किंयोलॉजी में दो साल का डिप्लोमा कोर्स भी मौजूद है, जिसमें आल इंडिया लेवल का एंट्रेंस एक्जाम देकर आप कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं।
सम्बंधित कोर्सेज करने के लिए आप अपनी पसंद का चुनाव कर सकते हैं, किन्तु देश में आर्किंयोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज रिसर्च एंड मैनेजमेंट, कर्नाटक यूनिवर्सिटी इससे सम्बंधित कोर्स कराते हैं, जबकि आर्किंयोलॉजी के लिए विदेश में भी आप पढ़ाई कर सकते हैं। इसके लिए, आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी, कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, स्टॉनी ब्रुक यूनिवर्सिटी जैसे कई संस्थान आपकी मदद कर सकते हैं।
सैलरी की बात करें तो 25 हजार रुपए से इस क्षेत्र में लोग स्टार्ट करते हैं, फिर उसके बाद आदमी की योग्यता, अनुभव, इंटर पर्सनल स्किल और अवसरों की उपलब्धता उसकी सैलरी निश्चित करती है। जॉब की बात करें तो पुरालेखन विभाग, पुरातत्व विभाग, यूनिवर्सिटीज-शैक्षणिक संस्थान, प्राइवेट बिजनेस एजेंसी, ह्यूमन एंड हेल्थ सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, आर्किंयोलॉजी सर्वे ऑफ इंडिया में आपके लिए तमाम अवसर सामने आ सकते हैं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि आज यह चमकता हुआ कॅरियर बन गया है।





# वास्तुशास्त्र में बनाएं कॅरियर, आपका भी और दूसरों का भी होगा बड़ा फायदा

**कुछ लोग वास्तुशास्त्री के काम को काफी हद तक आर्किटेक्चर के समान ही समझते हैं, जबकि वास्तव में यह दोनों अलग-अलग क्षेत्र हैं। दरअसल, वास्तुशास्त्री का काम भवन निर्माण करना नहीं होता, बल्कि वह दिशाओं के आधार पर आर्किटेक्चर को मकान, दुकान या किसी भवन के निर्माण के डिजाइन को तैयार करवाने में मदद करता है।**

पिछले कुछ वक्त से लोगों का विश्वास वास्तुशास्त्र पर काफी बढ़ा है। आज लोग अपनी प्रोफेशनल लाइफ से लेकर पर्सनल लाइफ में सक्सेस, खुशी व संतुष्टि पाने के लिए वास्तुशास्त्र के नियमों का पालन करने लगे हैं। चाहे घर बनवाना हो या ऑफिस या फिर अपने कॅरियर का चयन करना हो, व्यक्ति एक बार वास्तुशास्त्री की राय जरूर लेता है। दरअसल, यह एक ऐसी विद्या है, जिसमें विभिन्न दिशाओं व उनकी उर्जा के सकारात्मक प्रभाव को आकर्षित किया जाता है, जिससे व्यक्ति को अधिकाधिक लाभ मिलता है। अगर आप चाहें तो इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं–

### क्या होता है काम

कुछ लोग वास्तुशास्त्री के काम को काफी हद तक आर्किटेक्चर के समान ही समझते हैं, जबकि वास्तव में यह दोनों अलग-अलग क्षेत्र हैं। दरअसल, वास्तुशास्त्री का काम भवन निर्माण करना नहीं होता, बल्कि वह दिशाओं के आधार पर आर्किटेक्चर को मकान, दुकान या किसी भवन के निर्माण के डिजाइन को तैयार करवाने में मदद करता है। अर्थात वास्तुशास्त्र के हिसाब से ड्राइंग रूम, बेडरूम, किचन, बाथरूम या खिड़की-दरवाजे आदि कहां पर होने चाहिए। इसके अतिरिक्त वह अपने क्लाइंट की जरूरत व समस्या को समझकर उसके अनुरूप अपनी राय देते हैं।

### स्किल्स

इस क्षेत्र में भविष्य देख रहे छात्रों को सबसे पहले आपको इसके सिद्धांतों व बारीकियों के बारे में पता होना चाहिए। साथ ही आपको भौगोलिक प्रक्रियाओं की भी अच्छी समझ होनी चाहिए। चूंकि एक वास्तुशास्त्री को कई तरह के लोगों के साथ डील करना होता है, इसलिए आपमें धैर्य व बेहतर कम्युनिकेशन स्किल भी होने चाहिए।

### योग्यता

एक प्रोफेशनल वास्तुशास्त्री बनने के लिए आप 12वीं के बाद इस क्षेत्र से संबंधित कोर्स कर सकते हैं। वास्तुशास्त्र में आप सर्टिफिकेट से लेकर डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। यूं तो किसी भी विषय के छात्र यह कोर्स कर सकते हैं, लेकिन अगर 12वीं में आपके पास विज्ञान विषय होगा तो आपके लिए करियर की राह काफी आसान हो जाएगी।

### संभावनाएं

शुरूआत में आप किसी अनुभवी वास्तुशास्त्री के साथ मिलकर काम कर सकते हैं। थोड़ा अनुभव प्राप्त हो जाने के बाद आप खुद की कंसल्टेंसी फर्म खोल सकते हैं। इस क्षेत्र में स्वरोजगार की भी काफी संभवनाएं हैं। साथ ही आज के समय में विभिन्न इंटीरियर डिजाइनिंग या कंस्टक्शन कंपनियों में भी काम की तलाश कर सकते हैं। उन्हें हमेशा ही अनुभवी वास्तुशास्त्रियों की जरूरत पड़ती है।

### आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी अनुभव के आधार पर बढ़ती ही चली जाती है। अगर आपकी खुद की कसंल्टेंसी फर्म है तो आप अपने हिसाब से चार्ज कर सकते हैं। वहीं अगर आप किसी फर्म में जॉब करते हैं तो आपकी शुरूआती सैलरी 20000 से 30000 रूपए तक हो सकती है।

### प्रमुख संस्थान

- फ्यूचर प्वॉइंट, ओखला, नई दिल्ली
- इंडियन काउंसिल ऑफ एस्ट्रोलॉजिकल साइंस, जयपुर, राजस्थान
- इंस्टीट्यूट ऑफ वैदिक वास्तु विजन, पंजाबी बाग, नई दिल्ली
- वास्तु वर्ल्ड, पुणे, महाराष्ट्र
- श्रीलालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली
- इंस्टीटयूट ऑफ वैदिक वास्तु विजन, नई दिल्ली
- श्री सांई एस्ट्रो वास्तु रिसर्च इंस्टीट्यूट, रामनगर, उत्तराखंड



# ऐनेस्थियोलॉजिस्ट बनकर करें दूसरों की सेवा

**अगर आप ऐनेस्थियोलॉजिस्ट बनना चाहते हैं तो आपके पास 12वीं में साइंस विषय के साथ मैथ्स या बॉयोलॉजी का होना अनिवार्य है। इसके बाद आप एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद ऐनेस्थियोलॉजी में एमडी कर सकते हैं।**

ऑपरेशन थियेटर में मरीज का इलाज करने के लिए डॉक्टर की एक बड़ी टीम मौजूद होती है। लेकिन डॉक्टर्स की यह टीम तब तक अपना काम शुरू नहीं कर सकती, जब तक ऐनेस्थियोलॉजिस्ट वहां पर मौजूद न हो। ऐनेस्थियोलॉजिस्ट के काम की शुरूआत तो ऑपरेशन से पहले ही शुरू हो जाती है। दरअसल, एक ऐनेस्थियोलॉजिस्ट मरीज को सही तरह से एनेस्थीसिया देता है ताकि बिना किसी दर्द से मरीज का इलाज हो सके। यह काम देखने में भले ही आसान लगे, लेकिन वास्तव में यह काफी कठिन होता है। एक छोटी सी चूक से मरीज के अंग प्रभावित हो सकते हैं और यही कारण है कि अलग से ऐनेस्थियोलॉजिस्ट की जरूरत पड़ती है। आप भी अगर मेडिकल क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहते हैं तो बतौर ऐनेस्थियोलॉजिस्ट ऐसा कर सकते हैं–

### क्या होता है काम

एक ऐनेस्थियोलॉजिस्ट का मुख्य काम मरीज को एनेस्थीसिया यानी बेहोश करने वाली दवाई ठीक तरह से देना होता है। उसे इस बात का ध्यान रखना होता है कि मरीज को एनेस्थीसिया देते समय उसे किसी तरह का दर्द न हो, साथ ही वह ऑपरेशन की पूरी प्रक्रिया भी बिना दर्द के पूरी कर ले और उस दौरान उसके सभी अंग ठीक तरह से काम करे। इतना ही नहीं, एक ऐनेस्थियोलॉजिस्ट सर्जरी से पहले, उस दौरान व बाद में मरीज की ब्रीदिंग, हार्टरेट आदि की मॉनिटरिंग भी करता है।

### स्किल्स

चूंकि एक ऐनेस्थियोलॉजिस्ट को टीम के साथ मिलकर काम करना होता है, इसलिए आपको बतौर टीमवर्क काम करना आना चाहिए। इसके अतिरिक्त आपको अपने कार्य की सटीक जानकारी होनी चाहिए। आपकी एक छोटी सी भूल मरीज के जीवन पर भी भारी पड़ सकती है। इसके अतिरिक्त आपको हमेशा खुद को अपडेट रखने के लिए सेमिनार आदि भी जरूर अटेंड करने चाहिए।

### योग्यता

अगर आप ऐनेस्थियोलॉजिस्ट बनना चाहते हैं तो आपके पास 12वीं में साइंस विषय के साथ मैथ्स या बॉयोलॉजी का होना अनिवार्य है। इसके बाद आप एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद ऐनेस्थियोलॉजी में एमडी कर सकते हैं।

### संभावनाएं

एक प्रोफेशनल ऐनेस्थियोलॉजिस्ट सरकारी व निजी अस्पतालों से लेकर हेल्थ क्लीनिक, ग्रामीण हेल्थ केयर सेंटर आदि में अपनी सेवाएं दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त मेडिकल शिक्षण संस्थानों में भी बतौर लेक्चरर भी आप काम कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज व सफरदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली
- इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, बिहार
- एसवीएस मेडिकल कॉलेज, आंध्र प्रदेश
- अमृता इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, केरल
- आरजी कार मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, कोलकाता



‘जाट’ पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप

# सनी-रणदीप के खिलाफ केस दर्ज

सनी देओल, रणदीप हुड्डा स्टारर हालिया रिलीज फिल्म ‘जाट’ मुश्किलों में घिरती दिख रही है। फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा है। जालंधर के थाना सदर में सनी देओल, रणदीप हुड्डा समेत टीम के अन्य सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। जालंधर के थाना सदर में ‘जाट’ फिल्म के अभिनेता सनी देओल, रणदीप हुड्डा, वीनित कुमार, निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी, प्रोड्यूसर नवीन मलिनेनी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। फिल्म के सदस्यों पर मामला जालंधर के गांव फोलरीवाल निवासी विकल्फ गोल्ड के बयानों पर दर्ज हुआ है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की धारा 299 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। ईसाई समुदाय ने हाल ही में ‘जाट’ फिल्म में एक सीन को लेकर पुलिस कमिश्नरेट दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया था। समुदाय का आरोप है कि फिल्म के एक सीन में प्रभु यीशु और धर्म से जुड़ी पवित्र चीजों की बेअदबी की गई है, जिसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को मामला दर्ज करवाने की मांग के साथ पत्र सौंपा था। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि जाट मूवी में प्रभु यीशु मसीह के सलीब (लकड़ी का बना क्रॉस) वाले दृश्य की नकल करके ईसाईयों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है। जाट का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है। सनी देओल के साथ फिल्म में रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अभिनेता रणदीप हुड्डा खतरनाक खलनायक रणतुंगा के किरदार में हैं। फिल्म में उर्वशी रौतेला का एक आइटम सॉन्ग टच किया भी है। हिंदी के साथ ही तमिल और तेलुगू में रिलीज हुई फिल्म जाट का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स ने पीपल मीडिया फैक्ट्री के साथ मिलकर किया है। 10 अप्रैल को रिलीज हुई जाट का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी है। फिल्म 60 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। सफलता से उत्साहित निर्माताओं ने जाट 2 की घोषणा भी कर दी है। निर्माताओं ने बताया कि जाट 2 नए मिशन के साथ दर्शकों के सामने आएगी।

# मॉडल के साथ अफेयर की चर्चाओं के बीच, हनी सिंह का क्रिप्टिक पोस्ट



अक्सर सुर्खियों में रहने वाले सिंगर-रैपर हनी सिंह आजकल अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब हनी सिंह का एक क्रिप्टिक पोस्ट लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। जानिए इस पोस्ट में ऐसा क्या है खास। भारतीय रैपर-सिंगर हनी सिंह इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में बने हुए हैं।

उनके और मॉडल एमा बकर के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं इन दिनों बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनी हुई हैं। हाल ही में एमा के जन्मदिन के मौके पर हनी सिंह की मौजूदगी ने एक बार फिर चर्चाओं को हवा दे दी है। अब अफेयर की चर्चाओं के बीच हनी सिंह ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा की है। जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

## ‘जिंदगी एक खूबसूरत सफर है’

हनी सिंह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट साझा किया है। रिलेशनशिप की चर्चाओं के बीच हनी सिंह का ये क्रिप्टिक पोस्ट सुर्खियां बटोर रहा है। अपने इस पोस्ट में हनी सिंह ने लिखा, आप धरती पर रहते नहीं हैं, आप इससे गुजर रहे हैं। जिंदगी एक खूबसूरत सफर है, पीड़ा नहीं दोस्त। हनी सिंह का ये क्रिप्टिक पोस्ट अब लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा।

## जन्मदिन सेलिब्रेशन में एमा के साथ नजर आए हनी सिंह

हनी सिंह ने ये स्टोरी ऐसे वक्त पर लगाई है, जब हाल ही में एमा बकर की जन्मदिन की पार्टी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ, जिसे खुद हनी सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है। इस वीडियो में हनी सिंह अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड एमा बकर के साथ बैठे हुए हैं और एक आलीशान रेस्टोरेंट में जन्मदिन का सेलेब्रेशन मना रहे हैं। वीडियो में दिखता है कि हनी ने एमा के लिए सरप्राइज पार्टी रखी है। इस दौरान वीडियो में हनी सिंह एमा का हाथ थामे भी दिखाई दे रहे हैं। बैकग्राउंड में हनी सिंह का गाना मिलियनेयर बज रहा था, जिससे सोशल मीडिया यूजर्स संभावित रोमांटिक कनेक्शन के बारे में अटकलें लगा रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही हनी सिंह और एमा बकर के अफेयर की चर्चाएं जोरों पर हैं।

# महेश बाबू की फिल्म ‘एसएसएमबी 29’ को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने दिया हिंट



हाल ही में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी फिल्म ‘एसएसएमबी 29’ से चर्चा में हैं। महेश बाबू की इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। महेश बाबू और राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘एसएसएमबी 29’ की शूटिंग जोरों-शोरों से चल रही हैं। अब फिल्म को लेकर एक अपडेट आया है। प्रियंका चोपड़ा ने दिए ये हिंट। जानने के लिए पढ़ें पूरी खबर। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। इसमें उन्होंने ग्राफिक्स के जरिए बताया है कि वह मुंबई से होते हुए पर्ल सिटी हैदराबाद आ गई हैं। 123 तेलुगु की रिपोर्ट के जरिए यह कहा जा रहा है कि अभिनेत्री महेश बाबू की फिल्म ‘एसएसएमबी 29’ की शूटिंग के लिए फिर से हैदराबाद आ गई हैं, जिसका अगले हफ्ते यहां शूटिंग होगी। इस फिल्म के एक-एक अपडेट का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

## फिल्म को लेकर क्या है अपडेट?

राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म एसएसएमबी 29 को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का प्लान है। महेश बाबू अभिनीत इस एडवेंचर थ्रिलर फिल्म की शूटिंग 2026 के मध्य तक चलने की उम्मीद है। अभी फिल्म ने ओडिशा के कोरपुट शेड्यूल की शूटिंग पूरी की है।

# गुरु रंधावा ने अपने पहले इंडिपेंडेंट एल्बम विदाउट प्रेजुडिस से कतल का ऑफिशियल वीडियो किया रिलीज़



गुरु रंधावा ने हाल ही में अपने नए एल्बम विदाउट प्रेजुडिस के रिलीज़ से संगीत प्रेमियों को एक खास तोहफा दिया है। एल्बम के सभी नौ गानों के ऑडियो वर्जन को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया के बीच, अब गुरु रंधावा ने एल्बम के गाने कतल का आधिकारिक यूट्यूब वीडियो रिलीज़ कर दिया है। इस वीडियो में उनके साथ साउंडस मुफ़ाकिर नजर आ रही हैं, और इसे वॉर्नर म्यूजिक इंडिया के सहयोग से तैयार किया गया है। इस गाने को गुरु रंधावा ने खुद गाया है, जबकि इसके बोल रोनी अजनाली, गिल मछराई और गुरु रंधावा ने मिलकर लिखे हैं। कतल एक महिला की खूबसूरती की झलक को बयां करता है, जिसे गुरु रंधावा ने अपनी भावपूर्ण आवाज़ के ज़रिए पेश किया है। इसमें एक महिला की खूबसूरती की तुलना एक हथियार की धार से की गई है–जो उनके आत्मविश्वास, ऊर्जा और आकर्षण का प्रतीक है। इस वीडियो का निर्देशन मशहूर कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने किया है, जो संगीत और डांस प्रेमियों को जरूर पसंद आएगा। गुरु की गायकी और गीतों की गहराई को बॉस्को की कोरियोग्राफी के साथ मिलाकर कतल एक बेहतरीन फ्यूजन बन जाता है, जो युवाओं के बीच खासा लोकप्रिय हो सकता है और भारतीय संगीत को वैश्विक स्तर पर एक नई ऊंचाई पर पहुंचाता है। विदाउट प्रेजुडिस को गुरु रंधावा का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट माना जा रहा है। पंजाबी म्यूजिक को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने वाले गुरु इस एल्बम में पारंपरिक रंगों को आधुनिक वैश्विक ध्वनियों के साथ मिलाकर एक अनूठा अनुभव देते हैं। यह रचनात्मक पहल न सिर्फ़ उनकी लोकप्रियता को बढ़ाती है बल्कि दुनियाभर में बसे भारतीय समुदाय को भी एक सूत्र में जोड़ती है।

# सिनेमाघरों में फिर रिलीज हुई ‘विक्की डोनर’, आयुष्मान बोले फिल्म ने मेरी जिंदगी बदल दी



**अभिनेता** आयुष्मान खुराना और अभिनेत्री यामी गौतम धर स्टारर फिल्म ‘विक्की डोनर’ शुक्रवार को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज की गई। अभिनेता ने ‘विक्की डोनर’ को उनकी जिंदगी बदलने वाली फिल्म बताया। 13 साल पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई ‘विक्की डोनर’ के प्रति प्रेम और लगाव को व्यक्त करते हुए आयुष्मान खुराना ने कैप्शन में लिखा, 13 साल पहले आई फिल्म ‘विक्की डोनर’ ने आपके दिलों में जगह बनाई और मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी।

अभिनेता ने आगे बताया, ‘विक्की डोनर’ सिनेमाघरों में वापस आ चुकी है और मैं फिर से वही प्यार-अपनापन महसूस कर रहा हूं। विक्की डोनर साल 2012 में रिलीज हुई थी। फिल्म निर्देशक सुजित सरकार ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को री रिलीज की जानकारी दी। उन्होंने फिल्म से जुड़ी कुछ तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, ‘विक्की डोनर’ 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हो रही है। विक्की डोनर के जरिए अभिनेता जॉन अब्राहम ने निर्माण की दुनिया में कदम रखा था। ‘विक्की डोनर’ की री-रिलीज पर उत्साह व्यक्त करते हुए जॉन ने लिखा था, निर्माता के तौर पर मेरी पहली फिल्म 18 अप्रैल को बड़े पर्दे पर वापस आ रही है! बोल्ड, समय से आगे की कहानी जिसमें एक मैसेज है, जो आज भी दिल को छू जाता है। मैं सुजित सरकार, जूही चतुर्वेदी, अनु कपूर और आयुष्मान खुराना, यामी गौतम संग काम कर खुद को लकी महसूस करता हूं। इस जबरदस्त कॉमेडी फिल्म को मिस न करें! 18 अप्रैल को देखें। आयुष्मान खुराना और यामी गौतम ने साल 2012 में आई फिल्म ‘विक्की डोनर’ के साथ बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। स्पर्म डोनेशन और बांझपन को लेकर सामाजिक धारणाओं पर चोट करती फिल्म ने तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते थे।

# मैं राम नहीं दशरथ के रास्ते पर चलता हूं

2 शादी और एक अफेयर पर कमल हासन ने दी सफाई

अपनी आगामी फिल्म ठग लाइफ के प्रमोशन में व्यस्त कमल हासन ने शादी पर खुलकर बात की। त्रिशा कृष्णन ने शादी में विश्वास न होने की बात कही, तो कमल हासन ने अपनी दो शादियों का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी।



एक्टर कमल हासन, त्रिशा कृष्णन और सिलंबरासन टीआर उर्फ सिम्बू अपनी आगामी फिल्म ठग लाइफ के प्रचार में व्यस्त हैं। प्रचार के दौरान जब एक्टर्स से शादी के बारे में पूछा गया तो कमल ने दो बार शादी करने की बात कही। इवेंट में एंकर ने सबसे शादी के बारे में उनकी राय पूछी। त्रिशा ने जवाब दिया, मैं शादी में विश्वास नहीं करती। अगर शादी होती है तो ठीक है, अगर नहीं होती है तो भी ठीक है। जब कमल से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने एक दशक पहले एमपी जॉन ब्रिटास के साथ हुई एक घटना का जिक्र किया। कमल हासन ने तमिल में कहा, यह 10-15 साल पहले की बात है। एमपी ब्रिटास मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने कॉलेज के छात्रों के एक ग्रुप के सामने मुझसे पूछा- आप एक अच्छे ब्राह्मण परिवार से हैं, आपने दो बार शादी कैसे की? मैंने कहा- अच्छे परिवार से होने का शादी से क्या लेना-देना है? उन्होंने कहा- नहीं, लेकिन आप भगवान राम की पूजा करते हैं, इसलिए आप वैसे ही जीते हैं जैसे उन्होंने जिया।

# मर्दों को पीरियड्स होते तो युद्ध हो जाता: जान्हवी कपूर



**जान्हवी** कपूर ने उन पुरुषों की आलोचना की है जो महिलाओं के पीरियड्स के दर्द को अनदेखा करते हैं। उन्होंने कहा कि पुरुष इस दर्द को सहन नहीं कर पाएंगे। जान्हवी ने बताया कि पीरियड्स का दर्द महिलाओं को अलग-अलग तरह से प्रभावित करता है और कुछ पुरुष इसे कम आंकते हैं। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने उन पुरुषों की आलोचना की है जो महिलाओं में पीरियड्स के दर्द को नफरत भरी निगाहों और लहजे से नज़रअंदाज़ करते हैं। उनका कहना है कि वे खुद इस दर्द को बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। हाल ही में एक इंटरव्यू में जान्हवी ने बताया कि पीरियड्स का दर्द महिलाओं को किस तरह से अलग तरह से प्रभावित कर सकता है और क्यों कुछ पुरुष इसे तुच्छ समझते हैं। हाउटरफ्लाई से बात करते हुए जान्हवी कपूर ने बताया कि कैसे कई बातचीत में पीरियड्स के दर्द और मासिक धर्म का इस्तेमाल महिलाओं के मूड स्विंग के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, अगर मैं झगड़ा करने की कोशिश कर रही हूं या मेरी बात को सामने रखने की कोशिश कर रही हूं और आप बोलते हो क्या यह पीरियड्स का समय है? लेकिन अगर आप सच में हमदर्दी दिखा रहे हैं, तो आपको एक मिनट रुकना चाहिए। अधिकतर मामलों में, आपको एक मिनट की जरूरत होती है, क्योंकि जिस तरह से हमारे हार्मोन चार्ट से बाहर हैं, हम जिस दर्द से गुजरते हैं, वह बहुत मुश्किल है।

## मर्दों को पीरियड्स होते तो...

जान्हवी ने पीरियड्स को कुछ पुरुषों के नज़रिए को पर बात की और कहा, लेकिन यह अजीब सी नजर और लहजा है... क्योंकि मैं आपको विश्वास दिलाती हूं, पुरुष इस दर्द और मूड स्विंग को एक मिनट भी बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। पता नहीं कौन सा परमाणु युद्ध हो जाता अगर मर्दों को पीरियड्स होते।

## ब्रीफ न्यूज

### वार्ड क्रमांक 04 में बनेगी सीसी सड़क एवं नाली

**अशोकनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने पार्षदो के साथ सोमवार को वार्ड क्रमांक 04 की फौजी भवन वाली गली में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। यह कार्य पूर्व सांसद डॉ. के. पी. यादव द्वारा स्वीकृत राशि से किया जा रहा है। पूर्व सांसद द्वारा वार्ड क्रमांक 10 एवं 04 के लिए राशि दी गई थी, जिसमें वार्ड 10 में नाला निर्माण एवं वार्ड 04 में सड़क निर्माण शामिल था। भूमिपूजन के दौरान वार्ड वासियों में खासा उत्साह देखा गया। लोगों ने इस कार्य को लंबे समय से प्रतीक्षित विकास की दिशा में एक अहम कदम बताया। गली में अब पक्की सड़क और बेहतर जल निकासी की सुविधा से स्थानीय रहवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया, पार्षद डॉ. जयमंडल यादव,पार्षद आशुतोष देवलिया, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र रघुवंशी, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल ओझा, पार्षद प्रतिनिधि योगेश खेरा, नगर पालिका इंजीनियर राकेश धाकड़, बाबा शिवहरे, शिव शर्मा, मुकेश ओझा, अंशुल शर्मा, श्रेकांत जैन,समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

### सप्ताह में 2 दिन दमोह से सीधे नागपुर के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेनः लोधी

**दमोह।** दमोह संसदीय क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह के सतत प्रयासों से क्षेत्र वासियों की एक बड़ी मांग दमोह से नागपुर आवागमन संबंधी



पूरी होने जा रही है। इस अस्थाई ट्रेन का शुभारंभ 24 अप्रैल से होगा। क्षेत्र वासियों द्वारा लगातार दमोह से नागपुर ट्रेन के लिए मांग उठाई जा रही थी, काफी समय से देखा जा रहा था दमोह से सीधे नागपुर के लिए कोई ट्रैन नही है। इस संबंध में दमोह संसदीय क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी ने ट्रेन की उपयोगिता को देखते हुए सतत प्रयास किये और आज यह मांग आमजन की मंशा अनुसार पूरी हो रही है। मरीजों के इलाज की सुविधा एवं अन्य साधारण यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी से आग्रह करते हुए दमोह से सागर होते हुए नागपुर की ओर जाने वाली ट्रेन की मांग रखी थी। उसी क्रम में पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा अस्थायी समर स्पेशल ट्रेन आगामी 24 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाली है, जो अस्थायी रूप से दमोह से नागपुर के लिए चलेगी। दमोह से नागपुर चलने वाली ट्रेन की समय सारणी है यथा दमोह से नागपुर गाड़ी संख्या-01704 दिन - गुरुवार, रविवार, रीवा से दोपहर 01 बजे चलकर दमोह सांयकाल 05:23 पहुचेगी एवं अगले दिन सुबह 04:35 पर नागपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार नागपुर से दमोहगाड़ी संख्या 01703 दिन - सोमवार, शुक्रवारसुबह 06: 25 बजे नागपुर से चलकर रात्रि 08:38 पर दमोह आएगी। क्षेत्र वासियों को दमोह से नागपुर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होने के लिए दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने रेल मंत्री श्री अश्विनी जी को धन्यवाद दिया है।

### प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की निःशुल्क कोचिंग का प्रथम टेस्ट हुआ संपन्न

**दमोह।** उपसंचालक कृषि जे. एल. प्रजापति ने बताया जिला प्रशासन, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के विशेष सहयोग से जिले में निःशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की कोचिंग उत्कृष्ट विद्यालय कृषि संकाय में संचालित की जा रही है। छात्रों की तैयारी हेतु आज 200 अंक का एक टेस्ट का आयोजन किया गया जिसमें 50 प्रश्न भौतिकी विषय, 50 प्रश्न रसायन शास्त्र, 50 प्रश्न फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र के तथा 50 प्रश्न पशुपालन एवं कुक्कुट पालन इस प्रकार कल 200 अंक का प्रश्न पत्र का टेस्ट प्रातः 9.15 बजे से 12.15 बजे तक उत्कृष्ट विद्यालय के कृषि संकाय के दो कक्षों में लिया गया। उन्होंने बताया टेस्ट में प्रश्न विषय विशेषज्ञों से तैयार कराए गए तथा कृषि विभाग द्वारा उसका मुद्रण एवं ओ. एम. आर. शीट का मुद्रण कराया गया।

# आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी जल संरक्षण के प्रति जागरूकता




सत्ता सुधार ■ सीहोर

इस बात में कोई संदेह नही है कि जल गंगा संवर्धन अभियान से उपज रही जल संरक्षण के प्रति जागरूकता भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। लगातार घट रहे भूजल स्तर को रोकने, जल स्त्रोतों का संरक्षण करने और प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए जागरूक करने के लिए प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन जिले में इस अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सीहोर जिले के कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन के कुशल नेतृत्व में जिले के सभी विभाग जल गंगा संवधज़्न अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए आयोजित गतिविधियों में आमजनों की अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। जिले के आष्टा स्थित पार्वती घाट पर ऐसा ही एक दृश्य देखने को मिला। कुछ समय पहले तक जहां पार्वती नदी के इस घाट पर प्लास्टिक की थैलियों एवं कूड़ा करकट का अंबार लगा रहता था, वहीं जन अभियान परिषद के सदस्यों, ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने आमजनों तथा स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर इस घाट को बिल्कुल स्वच्छ बना दिया है। इस स्वच्छता कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियो एवं नागरिकों ने इतने उत्साह के साथ कचरा हटाने का कार्य किया की कुछ ही देर में नदी का यह घाट साफ-सुथरा और स्वच्छ हो गया। इस स्वच्छता कायज़्क्रम के माध्यम से समुदाय को यह संदेश भी दिया गया कि यदि प्रशासन और नागरिक एकजुट होकर ठान लें तो कोई भी कार्य मुश्किल नही है।

# किसान ने कहा-अगर मेरी जमीन मुझे नहीं मिली तो मैं परिवार सहित आत्महत्या के लिए मजबूर होऊंगा


## पट्टा कंप्यूटर पर चढ़ा ना होने की वजह से पट्टाधारी को उसी की जमीन से मारपीट कर भगाया

### राजपुर के नायब तहसीलदार मयंक तिवारी पर लगाए भू-माफिया से मिलकर गलत रिपोर्ट लगाने के आरोप

राजकुमार नामदेव ■ अशोक नगर

वैसे तो पूरे जिले में भू- माफिया प्रशासन पर हावी है,और जहां भी शासकीय भूमि नजर आती है, कब्जा कर लेते हैं। इतना ही नहीं राजस्व अधिकारियों से मिलकर गरीबों की पट्टे की भूमि भी जबरिया हड़प रहे हैं। सोमवार को इसी तरह का एक मामला ग्राम राजपुर से सामने आया जिसमें पट्टाधारी गुड्डा पुत्र बारे लाल कोरी निवासी ग्राम राजपुर तहसील व जिला अशोकनगर ने बताया कि उसका पट्टा कंप्यूटर पर चढ़ा ना होने की वजह से, गांव के दबंग भू-माफिया करण सिंह,लखन बगैरह ने उसे उसी की जमीन पर से मारपीट कर भगा दिया और कहा कि जा कंप्यूटर पर पट्टा चढ़वा ले, इसके बाद आना। इतना ही नहीं दबंग भू-माफिया,उसकी जमीन पर दबंगई से मकान बना रहा है।पीड़ित पट्टाधारी, आज भूखा प्यासा कलेक्टर से मिलने के इंतजार में कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गया। पीड़ित पट्टाधारी ने बताया कि उसने पट्टा कम्प्यूटर पर चढवाये जाने के संबंध में कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर कई बार अवगत कराया। लेकिन फिर भी मेरा पट्टा कंप्यूटर पर नहीं चढ़ा।





#### इतनी बार दिए आवेदन-

उसने बताया कि आवेदन दिनांक 17.09.2024, 24 09 2024, 01.10.2024, 06.08.2024. 16.09.2024, 15.10.2024, 15.10.2024, 01.01.2024, 05 04.2024, 10.07.2024, 17.07.2024, 04.11.2024 को जनसुनवाई में कई बार आवेदन देकर अवगत करा चुका हूं। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

#### वर्ष 2002 में उसे दिया गया था पट्टा-

प्रार्थी को ग्राम राजपुर में शासन द्वारा एक पट्टा वर्ष 2002 में दिया गया था। जिसका सीमांकन कर शासन द्वारा मुझे कब्जा भी दे दिया गया था। मैं मौके पर काबिज भी हूं,लेकिन किसी कारण वश या भुल वश मेरा पट्टा कम्प्यूटर पर दर्ज नहीं हो पाया है, तब मुझे मालुम हुआ कि मेरी भूमि कम्प्यूटर पर मेरे नाम पर दर्ज नहीं है। वह शासकीय भूमि के नाम से निकल रही है, तो फिर मैंने मेरा पट्टा कम्प्यूटर पर चढ़वाये जाने, पट्टा एवं समस्त दस्तावेज लगाकर तहसीलदार के यहां विधिवत दावा किया। जिसका प्रकरण कमांक 0001/बी-2021/2021-22 है। नायब तहसीलदार वृत राजपुर द्वारा भू-माफियाओं से मिलकर मेरी गलत रिपोर्ट लगाई गई है,कि मैं मौके पर काबिज नहीं हूं, जबकि मौका पर आज भी मेरा कब्जा है, एसडीएम द्वारा सही टीप लगाई गई। कलेक्टर द्वारा भी टीप लगाकर निष्पक्ष जानकारी मांगी गई। लेकिन नायब तहसीलदार मयंक तिवारी द्वारा मेरी भूमि की गलत रिपोर्ट लगाई गई है। वह भू- माफियाओं से मिले हुए हैं। मेरी जमीन को भू -माफियाओं को गलत सीमांकन कर बार-बार दी जाती है।मैं कई कलेक्टर,एसडीएम को आवेदन दे चुका हूं। मैं बहुत ही गरीब हूं, इसके अलावा मेरे पास कोई भूमि नहीं है। मेरे बच्चे मजदूरी कर पेट पालन कर रहे है।अगर मेरी जमीन मुझे नहीं मिली तो मैं परिवार सहित आत्महत्या करने को मजबूर होऊंगा। जिसकी जबाब देही शासन होगी।

# गोकुल समाज सेवा संस्थान ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

### शिक्षक को चरित्रहीन का प्रमाण पत्र दिया जाए



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

पिछले दिनों वर्धमान विद्यालय के एक शिक्षक द्वारा अपने ही स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा से प्रेम विवाह कर लिया गया। इसके विरोध में गोकुल समाज सेवा संस्थान द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।संस्थान के संस्थापक राहुल शर्मा ने कहा कि जिस तरह स्कूल द्वारा छात्र को चरित्र प्रमाण पत्र दिया जाता है, उसी तरह इस शिक्षक को भी चरित्रहीनता का प्रमाण पत्र दिया जाए इसने जो कृत्य किया है,उससे गुरु शिष्य परंपरा की पवित्र भावना आहत हुई है। शिक्षा विभाग और स्कूल इसे चरित्रहीनता का प्रमाण पत्र दे, जिससे यह किसी भी विद्यालय में अध्यापन का कार्य न कर सके। उन्होंने बताया कि आज श्री गोकुल समाज सेवा संस्थान द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। जिसमें कहा गया कि कुछ दिन पूर्व वर्धमान स्कूल के एक शिक्षक द्वारा अपने ही स्कूल की एक छात्रा से शादी कर ली गई है।शिक्षक की आयु छात्रा से लगभग दुगनी है,हिंदू संस्कृति में शिष्य और गुरु का संबंध पवित्र माना गया है,और इन संबंधों को शिक्षक द्वारा धूमिल किया गया है।जिस प्रकार एक छात्र का व्यवहार स्कूल में उचित नहीं होता तो उस छात्र को चरित्रहीन का प्रमाण पत्र दिया जाता है। उसी प्रकार इस शिक्षक को भी चरित्रहीन का प्रमाण पत्र शिक्षा विभाग द्वारा एवं स्कूल द्वारा दिया जाना चाहिए।जिससे शिक्षक को अन्य किसी स्कूल,शिक्षा केंद्र में शिक्षक के रूप में स्थान न दिया जाए। क्योंकि आज अशोकनगर जिले के कई ऐसे परिवार हैं, जिनकी बेटियां स्कूल जाती है,और उन्हें डर है, कि कोई शिक्षक उनकी बेटियों को बहला फुसला कर ऐसी घटना को अंजाम न दे सके। इसलिए इस शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करना आवश्यक है। इस बीच श्री गोकुल समाज सेवा संस्थान के संस्थापक राहुल शर्मा, रंजीत यादव गुरु, महिला शक्ति नैना शर्मा, दयाराम नायक, मनोज शर्मा, सुधीर शर्मा, देव शर्मा , सुमित चौबे छैलाई, राजकुमार लोधी, उदय शर्मा, बुंदेल गुर्जर आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण और जल संचयन की दिशा में जिले में अच्छे परिणाम अभियान के समापन के बाद आए, यही प्रयास किया जा रहाः फुलपगारे

सत्ता सुधार ■ दमोह



जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा का 43 वां सप्ताह के तहत दीवान जी की तलैया दमोह में श्रमदान किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठन, स्वंयसेवी संस्थाओं, वार्डवासियों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कहा जिला प्रशासन और दमोह के सभी सामाजिक संगठन, नगरपालिका और सभी के संयुक्त समन्वय में 43 वॉ स्वच्छता अभियान प्रति रविवार श्रमदान किया जाता हैं। जिसमें बढ़-चढ़ सभी आमजन इसमें हिस्सा लेते हैं। इसी कड़ी में आज यह दीवान जी की तलैया में यह कार्यक्रम रखा गया था और यह शुरुआत है, इसको फिर आगे और अच्छे तरीके से साफ-सफाई की ओर ले जाएंगे, क्योंकि यह बहुत ही प्राचीन धरोहर है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार का जल गंगा संवर्धन अभियान है, जो 30 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। जिले में भी ऐसी संरचनाएं चिन्हित की है, जिनका हमको पुनरुद्धार करना है। जिससे की जल संरक्षण और जल संचयन की दिशा में जिले में एक अच्छे परिणाम अभियान के समापन के बाद आए, यही प्रयास किया जा रहा हैं। सीईओ जिला पंचायत श्री फुलपगारे ने कहा सभी दिशाओं में काम कर रहे है, चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो या नगरीय। इसकी प्लानिंग की गई है और कोई भी समस्या ऐसी नहीं होती की जिसका कोई समाधान न हो और क्योंकि इसमें जन सहयोग एवं सभी सामाजिक संगठन मिले हुए तो निश्चित रूप से इसको बहुत बेहतर तरीक से करेगें। जैसे की आप देख रहे है, बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी बढ-चढकर हिस्से ले रहे है। उन्होंने आमजन मानस को संदेश देते हुए कहा सब लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तो दमोह के लिए बहुत अच्छा होगा। भावना दुबे ने कहा बी.एस. डब्ल्यू, एम. एस. डब्ल्यू के सभी छात्र-छात्राएं आज यहाँ पर दीवान जी की तलैया में स्वच्छता अभियान के तहत जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत साफ सफाई और जल को बचाने की दिशा में नदी, तालाब और घरों में स्वच्छता के लिए आगे आ रहे हैं। जनता से अपील है कि आप सभी इस कार्य में सहयोग करें ताकि हम आने वाले समय में अपने प्राचीन तालाबों की सुरक्षा कर सकें एवं जनमानस के लिए जल को बचाकर भावी पीढ़ी के लिए कुछ सहयोग कर सके।इसी प्रकार दीपिका सेन ने कहा जल गंगा संवर्धन के तहत यहाँ स्वच्छता, सफाई करने के लिए आये हैं। उन्होंने कहा आमजनों से आग्रह हैं अपने आस-पास साफ-सफाई रखे, गंदगी ना फैलाए क्योंकि हम लोगों को जल का संरक्षण करना हैं और यही उद्देश्य से हम लोग आये है, यहाँ पर साफ-सफाई रखे ताकि जल का संरक्षण हो सके।

# कलेक्टर ने कहा कृषकों को समय पर मिलेगी पर्याप्त खाद, व्यवस्थाएं होगी सुदृढ़

### खाद की पर्याप्त उपलब्धता होगी सुनिश्चित

**अशोकनगर।** जिले में खरीफ सीजन के लिए किसानों को खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जायेगी। कृषकों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद मिले। इस हेतु सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ कराई जायेगी। यह बात कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले में खाद व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में खाद वितरण की व्यवस्था बेहतर हो,जिससे किसानों को खाद के लिए किसी भी प्रकार परेशानी न हो।जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि खरीफ सीजन में इस सप्ताह में प्राप्त होने वाली रैकों से पी.पी.एल. कंपनी की रैक से विपणन संघ को 600 मैट्रिक टन डीएपी एवं 20.20.0-13



(कम्पलैक्स) 146 मैट्रिक टन प्राप्त होना है। चबंल फर्टे एण्ड केमी.लिमि. की एनपीके (12-32-16) की रैक से विपणन संघ को 630 मैट्रिक टन प्राप्त होना है। एनएफएल कंपनी की यूरिया रैक से 340 मैट्रिक टन प्राप्त होना है। उक्त प्राप्त होने वाली पी.पी.एल. कंपनी से विपणन संघ के डबल लॉक केन्द्र अशोकनगर को 400 मैट्रिक टन, मुंगावली 50 मैट्रिक टन, पिपरई 50 मैट्रिक टन एवं एमपी.एग्रो अशोकनगर को 50 मैट्रिक टन डीएपी एवं डबल लॉक केन्द्र अशोकनगर को 20-20-0-13 (कम्पलैक्स) 146 मैट्रिक टन प्राप्त होना है। इसी प्रकार चबंल फर्टि एण्ड केमी.लिमि. की एनपीके (12-32-16 ) विपणन संघ डबल लॉक अशोकनगर को 400 मैट्रिक टन, मुंगावली को 100 मैट्रिक टन, पिपरई को 80 मैट्रिक टन एवं एमपी एग्रो अशोकनगर को 50 मैट्रिक टन प्राप्त होना है। आज़ दिनांक तक जिले के विपणन संघ के 03 डबल लॉक केन्द्रों पर यूरिया 7300 मैट्रिक टन, डीएपी ( मुंगावली 112 मैट्रिक टन तथा पिपरई 130 मैट्रिक टन) कुल 242 मैट्रिक टन तथा टीएसपी 115 मैट्रिक टन, 20-20-0-13 काम्पलैक्स 410 मैट्रिक टन का भण्डारण है।

सत्ता न्यूज — सीवन तट पर किया जा रहा भव्य शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान

# 501 से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर लिया रुद्राभिषेक

सत्ता सुधार ■ सीहोर

शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा 501 से अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर रुद्राभिषेक किया। मंगलवार को यज्ञाचार्य पंडित पवन व्यास और पंडित कुणाल व्यास के मार्गदर्शन में सुबह भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ ही दोपहर में हनुमान चालिसा, सुंदरकांड और राम चरित्र मानस पाठ आदि का आयोजन किया जाएगा। पंडित श्री व्यास ने सोमवार को बताया कि रुद्राभिषेक करना शिव आराधनाओ में सर्वश्रेष्ठ तरीका माना गया है। रुद्राभिषेक के रुद्राष्टक अध्यायी पाठ के मंत्रों का वर्णन ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद में आया है। रुद्र का मतलब होता है कि जो संसार के जीवों के कष्टो को देखकर जिसका हृदय द्रवित हो जावे, उसे रूद्र कहते हैं। कलयुग में भगवान शिव का पार्थिव र्पजन र्कष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने किया था। शनिदेव ने अपने पिता र्सयदेव से शक्ति पाने के लिए काशी में पार्थिव शिवलिंग बनाकर र्पजन किया था। माता पार्वती ने भी भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए पार्थिव शिवलिंग बनाकर ही र्पजन किया था। भगवान चंद्रमा ने अपने ससुर दक्ष प्रजापति के द्वारा दिए गए श्राप को मिटाने के लिए पार्थिव शिवलिंग का ही निर्माण र्पजन किया था। इस पार्थिव शिवलिंग से सौराष्ट्र में सोमनाथ शिवलिंग ज्योतिर्लिंग के रूप में विख्यात है घुष्मा नाम की ब्राह्मण पत्नी ने पार्थिव शिवलिंग बनाकर र्पजन किया था उसी से घुश्मेश्वर महादेव प्रकट हुए जो की ज्योतिर्लिंग के रूप में विख्यात है। नर नारायण ने भारतीय शिवलिंग बनाकर र्पजन किया इस पारसी से केदारेश्वर ज्योतिर्लिंग प्रकट हुआ। अत रुद्राभिषेक परमात्मा को सन्मुख प्रकट कर उनकी भक्ति प्राप्त करने का एकमात्र उपाय है।



### डॉ.अम्बेडकर महिला पोलोटेक्निक कालेज शिक्षिका बिना सूचना के मुख्यालय से गायब

**सीहोर।** भोपाल नाका स्थित अजा के लिये डॉ.अम्बेडकर योजनान्र्तगत संचालित महिला पोलोटेक्निक कॉलेज की शिक्षक एंव वार्डन बिना सूचना के मुख्यालय से गायब रहती है। सुबह 11ः30 बजे कक्ष क्रमांक 15,16 में जाकर देखा तो उक्त शिक्षिका नदारद मिली। छात्राओं द्वारा बताया गया कि मेडम द्वारा शुक्रवार को क्लास ली गई थी। शनिवार एंव सोमवार को मेडम नही आई है, उनके मोबाईल नम्बर 9926008892 से सम्पर्क करने पर मोबाईल स्वीच ऑफ रहता है। प्राचार्य से सम्पर्क करने पर सम्पर्क नही हो सका। उक्त शिक्षिका कई वर्षों से प्रतिनियुक्ति पर पोलोटेक्निक कालेज सीहोर में पदस्थ है, जबकि उनकी मूल पदस्थापना बुरहानपुर पोलो टेक्निक कालेज में है। क्लास रूम की छात्राओं ने जानकारी दी गई। श्री खंगराले ने मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री प्रमुख सचिव, जिले के कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की।

# सेहराई में सौन्दर्य करण के बाद उप डाकघर का लोकार्पण



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

मुंगावली तहसील के ग्राम सेहराई में सोमवार को सौंदर्य कृत उप डाकघर के नवीनीकरण के बाद लोकार्पण किया गया। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिराज सिंधिया के निर्देश पर विधायक बृजेंद्र सिंह यादव द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी की मौजूदगी में रिबन काटकर सौंदर्य कृत उप डाकघर का लोकार्पण किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र जैन जनपद सदस्य अमरीश बैस सहित मंडल पदाधिकारी एवं डाकघर का स्टाफ उपस्थित रहा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि डाक विभाग सामाजिक आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि यह लोगों को एक दूसरे से जोड़ता है, वित्तीय रूप से सशक्त बनाता है, और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है।

## ब्रीफ न्यूज

### डिजिटल ठगी:प. बंगाल से पकड़ाया 17वां आरोपी, बोला वहां कई गैंग

**इंदौर।** शहर की शेयर कारोबारी महिला को चार दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 1.60 करोड़ रुपए की ठगी करने वाली गैंग के 17वें आरोपी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। अभी तक गुजरात, यूपी, मप्र के 15 और एक पश्चिम बंगाल के आरोपी को पकड़ा था। यह 17वां आरोपी भी प. बंगाल के नॉर्थ 24 परगना का रहने वाला है। आरोपी ने कबूला कि उसके इलाके की कई गैंग सक्रिय है, जो पूरे देश में ऑनलाइन ठगी कर रही हैं।
क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार आरोपी का नाम स्वपन मोदक है। आरोपियों ने शहर की शेयर कारोबारी वंदना गुप्ता (59) को 9 नवंबर से 12 नवंबर तक डिजिटल अरेस्ट रखा था। ठगी के बाद वंदना ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि गैंग ने सीबीआई, आरबीआई और पुलिस अधिकारी बताकर मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने का डर दिखाया था। क्राइम ब्रांच ने जब आरोपी अभिषेक चक्रवर्ती निवासी कूच बेहर (प. बंगाल) को पकड़ा था तो उसने कबूला था कि उससे स्वपन मोदक ने उसे अच्छे प्रॉफिट का लालच देकर गैंग में शामिल किया था। मोदक ने कई लोगों को गैंग में शामिल किया।आरोपी 12वीं तक पढ़ा है। वह अपने इलाके में लोगों को लोन दिलाने के नाम से संपर्क करता है। फिर रुपयों का लालच देकर बैंक खाता देने के लिए तैयार करता है। खाताधारक को दूसरे राज्य भेजने के लिए फ्लाइट टिकट व होटल आदि सभी व्यवस्था वही करता है। इसके बदले उसे कुल ठगी का 1 से 2 प्रश कमीशन मिलता है।

### लोटस वैली के लिए हातोद से पांच किमी सड़क बनेगी

**इंदौर।** वर्तमान रास्ता संकरा व जर्जर हो चुका, नया मार्ग सीमेंट-कांक्रीट से टू लेन बनेगा, दूरी 2 किमी घटेगी। शहर के समीप आकर्षक प्राकृतिक पर्यटन स्थल लोटस वैली गुलावट जाने की राह आसान होगी। इसके लिए हातोद से गुलावट मार्ग का नवनिर्माण कर टू लेन किया जा रहा है। यह सड़क इंदौर-देपालपुर रोड से सीधे लोटस वैली को जोड़ेगी। इससे पर्यटकों को हातोद गांव की संकरी सड़कों से भी मुक्ति मिलेगी। गुलावट को एक सुंदर व्यू पॉइंट और फोटोग्राफी पर्यटन के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन व पर्यटन विभाग योजना तैयार कर रहे हैं। सड़क मार्ग पर कुछ स्थानों पर अतिक्रमण हटाना पड़ेंगे। वर्तमान में यहां पहुंचने के लिए हातोद गांव से या इंदौर-देपालपुर रोड पर पुराने पेट्रोल पंप के सामने कच्चे रास्ते से जाना होता है। 5 किमी की सीमेंट-कांक्रीट की सड़क बनाने पर 10 करोड़ रुपए खर्च आएगा। इसमें ग्राम गुर्दाखेड़ी और सड़क की शुरुआत में कुछ स्थानों पर जमीन की जरूरत होगी। लोटस वैली इंदौर से 20 किमी दूर यशवंत सागर के बैक वाटर और गंभीर नदी का क्षेत्र है। सरकार ने यशवंत सागर को रामसर साइट घोषित किया है। यह स्थान प्रवासी पक्षियों को तो आकर्षित करता है, अब इसके बैक वाटर में स्थित गुलावट गांव में करीब 300 एकड़ में फैली लोटस वैली को भी संवारने की योजना है। कमल की लाल-गुलाबी छटा बेखरती सुबह के इस अनूठे आनंद को संवारने के लिए सरकार इसकी सीमाएं चिह्नित कर रही है।

मौसम वैज्ञानिकों ने अभी तापमान में इजाफा होने के आसार जताए हैं

# 48 घंटे में पारा 2 डिग्री लुढ़का, आज से इजाफे के आसार

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर में दो दिनों में दिन और रात के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट आई है। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों ने रविवार को तापमान में बढ़ोतरी के आसार जताए थे, लेकिन दोपहर में 24 किमी की रफ्तार से चली हवा के कारण तापमान लुढ़क गया। इससे गर्मी से कुछ राहत रही। इस अप्रैल में यह पहली बार है कि दिन और रात का तापमान सामान्य पर आया है। मौसम वैज्ञानिकों ने अभी तापमान में इजाफा होने के आसार जताए हैं।



शनिवार को दिन का तापमान 40.2 (+2) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था जबकि रात का तापमान 23.6 (+2) डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को 39.4 (0) डिग्री और रात का तापमान 22.6 (0) डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार सुबह से मौसम पूरी तरह साफ है।

धूप खिलने के साथ गर्मी से हल्की राहत है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि एक हफ्ते तक मौसम पूरी तरह से साफ रहने वाला है। सुबह 6 से शाम तक धूप रहेगी। दोपहर में उत्तर-पश्चिमी हवा चलने से राहत मिलती रहेगी। 5 साल की बात की जाए तो 2022 के अप्रैल में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इस बार 18 अप्रैल को 41.7 डिग्री सबसे ज्यादा रहा। अप्रैल के अंतिम तीन दिनों में पारा 42 डिग्री के आंकड़े को छू सकता है। दरअसल दो साल से अप्रैल में प्री-मानसून की एक्टिविटी बहुत कमजोर बनी हुई है। पिछले 10 दिनों में दो-तीन बार बादल छाए लेकिन एकाध मिनट बूंदाबांदी ही हुई। 15 मई के बाद प्री-मानसून की गतिविधि तेज होने लगेगी। उल्लेखनीय है कि 15 जून के बाद से मानसून सक्रिय होने की शुरुआत हो जाती है। बहरहाल सोमवार को राजस्थान से जुड़े जिलों में गर्म हवाएं भी चल सकती है। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया कि अगले कुछ दिन तक पारे में बढ़ोतरी का दौर रहेगा।

# तलावली चांदा पर हर रोज लग रहा जाम राहत के लिए दो नए अंडरपास बनाए

## अंडरपास सिर्फ 4 मीटर चौड़ा होने से एक बार में सिर्फ एक ही वाहन यहां से गुजर पाता है

सत्ता सुधार ■ इंदौर

शहर के तलावली चांदा अंडरपास पर प्रतिदिन सुबह-शाम सैकड़ों वाहनों की कतार लगती है, जाम के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों को राहत देने के लिए रेलवे ने इसके समीप ही दो नए अंडरपास बनाए, लेकिन तकनीकी दिक्कत बताकर एक साल बाद भी उसे चालू नहीं किया। अब रेलवे जल्द ही यहां आरओबी का काम शुरू करने की बात कह रहा है। जब तक आरओबी बन नहीं जाता सिंगापुर टाउनशिप सहित आसपास की 50 से ज्यादा टाउनशिप के हजारों लोगों को जाम की परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अंडरपास सिर्फ 4 मीटर चौड़ा होने से एक बार में सिर्फ एक ही वाहन यहां से गुजर पाता है। इस कारण भी वाहनों की कतार लग जाती है। बारिश आते यहां अंडरपास में पानी भर जाता है, दो महीने तक लोगों को इसी पानी से होकर गुजरना होता है। कैलोदहाला, तलावली चांदा और मांगलिया रेलवे क्रॉसिंग पर



आरओबी बनाए जाना हैं। इनमें से सिर्फ मांगलिया क्रॉसिंग पर काम शुरू हो सका है। वह भी धीमी गति से चल रहा है।

### 3 किमी का चक्कर लगाकर आओ, फिर जाम से सामना

रहवासियों अरुण शर्मा व अन्य ने बताया कि रेलवे पटरी के दूसरी ओर लसूडिया से मांगलिया तक कैलोद हाला, तलावली चांदा सिंगापुर टाउनशिप और मांगलिया क्रॉसिंग है। इन्हें क्रॉस करके ही दूसरी ओर जा सकते हैं। तीन साल पहले रेलवे ने सिंगापुर टाउनशिप के समीप अंडर पास बनाकर कुछ राहत दी थी। अब इस पर वाहनों की संख्या बढ़ने से मुश्किल और बढ़ गई है। क्रॉसिंग से आने के लिए दो से तीन किमी का चक्कर लगाना होता है। वह भी बंद होने पर जाम लगा मिलता है। तलावली चांदा अंडरपास की चौड़ाई भी सिर्फ 4 मीटर है, इस कारण एक बार में एक वाहन ही निकल सकता है। पटरी के इस पार कुछ क्षेत्र नगर निगम में हैं तो कुछ पंचायतों में। इसलिए सड़कें भी अच्छी नहीं है। जनप्रतिनिधि और अफसर दौरा कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी है। तलावली चांदा स्थित सिंगापुर टाउनशिप आरओबी का निर्माण भी जल्द शुरू होगा। इस साल इसे बजट में ले लिया है। अब इसकी डीपीआर डिजाइन पर काम चल रहा है। इसमें करीब एक साल का समय लगेगा। अफसरों का कहना है, सिहंस्थ से पहले इसे बनाना है। इसलिए जल्द काम शुरू होगा।

देवास नाका निरंजनपुर से लसूडया मोरी, तलालवी चांदा, मांगलिया, निपानिया, कैलोद हाला आदि क्षेत्रों में बायपास, एबी रोड व उज्जैन रोड के बीच आवासीय विकास और बसाहट तेजी से हो रही है। 3 साल में इन क्षेत्रों में 50 से ज्यादा टाउनशिप बन गई हैं। रेलवे के लिहाज से इस ट्रैक का दोहरीकरण हो चुका हैं। इंदौर, उज्जैन देवास के बीच भविष्य में यह व्यस्ततम ट्रैक रहेगा। रेल की संख्या बढ़ेगी । तीनों ही क्रॉसिंग मुख्य सड़कों पर है। इसलिए इनका निर्माण जरूरी है।

# छोटा गणपति मेट्रो सब स्टेशन का विरोध, रहवासियों-व्यापारियों ने कियी प्रदर्शन



### 45 मकानों को हटाने की सूची जारी होने के बाद रहवासी और दुकानदारों में नाराजगी का माहौल

सत्ता सुधार ■ इंदौर

एमजी रोड स्थित छोटा गणपति क्षेत्र में बनने वाले सब स्टेशन के खिलाफ विरोध शुरू हो गया है। मेट्रो प्रबंधन द्वारा 45 मकानों को हटाने की सूची जारी किए जाने के बाद स्थानीय रहवासी और दुकानदारों में नाराजगी का माहौल है। इसके विरोध में 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे छोटा गणपति मंदिर के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। मेट्रो प्रबंधन की ओर से जारी की गई सूची में एमजी रोड स्थित महंत परिसर, तंबोली बाखल, मल्हारगंज और टोरी कॉर्नर के कुछ मकान शामिल हैं। यहां के व्यापारियों और रहवासियों का कहना है कि मल्हारगंज, छोटा गणपति और बड़ा गणपति के बीच आधे किलोमीटर की दूरी है, ऐसे में इस क्षेत्र में सब स्टेशन की कोई आवश्यकता नहीं है। उनका कहना है कि अगर यह सब स्टेशन यहां स्थापित होता है तो इसका स्थानीय लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा, क्योंकि यहां अधिकांश मकान और दुकानें पुश्तैनी हैं। धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक और राष्ट्रीय कवि सत्यनारायण सत्तन, सामाजिक कार्यकर्ता किशोर कोडवानी, शेखर गिरी आदि ने संबोधित किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया तो वे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इस आंदोलन के लिए छोटा गणपति सब स्टेशन हटाओ संघर्ष समिति÷ का गठन किया गया है, जिसमें शेखर गिरी, अशोक चौहान (चांदू), मनोज श्रीवास्तव, छोटे शर्मा, राजेश महंत, रुक्मणि शिंदे समेत कई अन्य व्यापारी और रहवासी शामिल हैं।

# डंपर के पहियों में फंसे एक्टिवा सवार दंपति, लोगों ने जेसीबी और जैक की मदद से निकाला



सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर नगर निगम के डंपर ने एक्टिवा सवार दंपती को रौंद दिया। इससे दंपती एक्टिवा सहित डंपर के पहियों में फंस गए। दोनों के पैर पहियों के बीच में फंस गए। इस बीच पति को तड़पता देख पत्नी ने हाथ थामा और कहा, आप घबराना मत। अभी हमें बाहर निकाल लेंगे। उन्हें निकालने के लिए जेसीबी भी बुलाई गई, लेकिन निकाला नहीं जा सका। इसके बाद लोगों ने जैक मंगाकर डंपर को ऊंचा किया और दोनों को बाहर निकाला। हादसा रविवार दोपहर में जिंसी चौराहा के पास हुआ। लोगों के मुताबिक, डंपर ड्राइवर लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। हादसे के बाद वह फरार हो गया। घायल दंपती के नाम तेजस (31) और रीनल (30) हैं। दोनों को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल ले जाया गया। दोनों के ही पैर काफी जख्मी है। यहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें एक प्राइवेट अस्पताल रेफर किया है। लोगों का कहना है कि यहां ई-रिक्शा बेतरतीब तरीके से खड़े रहते हैं, जिससे ट्रैफिक बिगड़ता है और दुर्घटनाएं होती हैं। आज भी हादसा इन्हीं परिस्थितियों में हुई।

### मुंबई के रहने वाले हैं दंपति

दंपति का पूरा नाम तेजस-रीनल गुप्ता है। वे मूलत÷ मुंबई के रहने वाले हैं।दोनों कंपनी सेक्रेटरी हैं। रीनल का मायका शिक्षक नगर, इंदौर का है। वे कुछ दिनों से इंदौर में थे। रविवार दोपहर को आइसक्रीम लेने के लिए वहां से गुजर रहे थे। तभी डंपर बिना साइड दिए मुड़ गया, जिससे यह दुर्घटना हुई। दोनों एक निजी अस्पताल के आईसीयू में एडमिट हैं।

### लोटस वैली के लिए हातोद से पांच किमी सड़क बनेगी

**इंदौर।** वर्तमान रास्ता संकरा व जर्जर हो चुका, नया मार्ग सीमेंट-कांक्रीट से टू लेन बनेगा, दूरी 2 किमी घटेगी। शहर के समीप आकर्षक प्राकृतिक पर्यटन स्थल लोटस वैली गुलावट जाने की राह आसान होगी। इसके लिए हातोद से गुलावट मार्ग का नवनिर्माण कर टू लेन किया जा रहा है। यह सड़क इंदौर-देपालपुर रोड से सीधे लोटस वैली को जोड़ेगी। गुलावट को एक सुंदर व्यू पॉइंट और फोटोग्राफी पर्यटन के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन व पर्यटन विभाग योजना तैयार कर रहे हैं। सड़क मार्ग पर कुछ स्थानों पर अतिक्रमण हटाना पड़ेंगे। वर्तमान में यहां पहुंचने के लिए हातोद गांव से या इंदौर-देपालपुर रोड पर पुराने पेट्रोल पंप के सामने कच्चे रास्ते से जाना होता है। 5 किमी की सीमेंट-कांक्रीट की सड़क बनाने पर 10 करोड़ रुपए खर्च आएगा। इसमें ग्राम गुर्दाखेड़ी और सड़क की शुरुआत में कुछ स्थानों पर जमीन की जरूरत होगी।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी- पीसीसी चीफ ने सेंट्रल जेल में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे से की मुलाकात

## बोले- न्याय की लड़ाई सड़क पर भी लड़ेंगे

सत्ता सुधार ■ इंदौर

सेंट्रल जेल में बंद कांग्रेस पार्षद और नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे से प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और पीसीसी चीफ ने मुलाकात की। उन्होंने चौकसे से कहा कि आपके साथ पूरा कांग्रेस परिवार है। हम न्याय की लड़ाई कानून के साथ-साथ सड़क पर भी लड़ेंगे।

सेंट्रल जेल में मुलाकात के बाद हरीश चौधरी ने मीडिया से कहा, ÷चिंटू चौकसे के खिलाफ राजनीतिक द्वेष भावना के चलते मुकदमे दर्ज किए गए हैं। ऐसा ही माहौल पूरे मध्यप्रदेश में है। कांग्रेस परिवार चिंटू चौकसे के साथ खड़ा है। बीजेपी के नेता और पदाधिकारी जो कर रहे हैं, वह पूरा प्रदेश देख रहा है। चौकसे के भतीजे को भी गंभीर चोटें आई हैं। यह झगड़ा सत्ता के अहंकार में ये लोग मानवता भी भूल गए। हम यह लड़ाई सिर्फ कोर्ट में नहीं,



सड़क पर भी लड़ेंगे। चौकसे पर दर्ज पूरा मुकदमा ही गलत है। 307 (हत्या के प्रयास) का यह मामला जानबूझकर रचा गया है।

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा, एसपी, कलेक्टर, टीआई या पुलिस विभाग, सभी बीजेपी की दिहाड़ी पर काम कर रहे हैं। ये न्याय नहीं कर रहे, बल्कि बीजेपी की नौकरी कर रहे हैं। इन लोगों को अपनी कुर्सी इतनी प्यारी है कि सर्विस बुक के नियम तक भूल गए हैं। पटवारी ने आगे कहा, ÷चिंटू चौकसे का कोई वीडियो ऐसा सामने नहीं आया है, जिसमें वह किसी को मारते हुए दिखे हों। वह तो समझाते हुए नजर आए हैं। फिर भी उनका नाम एफआईआर में डाला गया, यह अगर राजनीतिक द्वेष नहीं है तो क्या है? चौकसे का भतीजा अब भी अस्पताल में भर्ती है और बेहोश है। फिर दोनों के खिलाफ एकसाथ एफआईआर क्यों की गई? दोनों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया?

## सियासी तीर

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा-

# सरकार ने पांच लाख लाड़ली बहनों के नाम योजना से हटाए गए

सत्ता सुधार ■ इंदौर

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार कर्ज लेकर खर्च कर रही है। सरकार का कोई विजन नहीं है। बस आयोजनों पर अनाप-शनाप खर्च किया जा रहा है। आर्थिक तौर पर सरकार की सांसे फूलने लगी है। लाड़ली बहना योजना में 21 वर्ष पुरे कर चुकी युवतियों को जोड़ना चाहिए था, लेकिन पांच लाख लाड़ली बहनों के नाम काट दिए गए। यह आंकड़ा सरकार ने विधानसभा में रखा है।




पटवारी ने कहा कि ईडी की चार्जशीट में सोनिया और राहुल गांधी का नाम खिले जाने पर कहा कि मोदी सरकार ईडी का उपयोग अपने लिए कर रही है। जिन कंपनियों पर पहले ईडी ने शिकंजा कसा था, उसमें से ज्यादातर कंपनियों ने भाजपा के इलेक्टोरल बांड लिए। ईडी की जांच वाले कई नेता भी भाजपा में जा चुके है। एजेंसियों को दुरुपयोग देश की जनता भी समझ चुकी है। मोदी सरकार के दूसरे देशों से रिश्ते खराब हो चुके है। आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है, लेकिन देश की जनता का ध्यान उन मुद्दों से हटाना चाहती है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि ईडी की चार्जशीट सार्वजनिक नहीं की जा रही है। सरकार का इरादा साफ है कि किसी भी तरह कांग्रेस को बदनाम किया जाए। विपक्ष की आवाज लोकसभा और राज्यसभा में दबाई जाती है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ों यात्रा के जरिए यह संदेश देशवासियों तक पहुंचाया कि डरो मत। मोदी सरकार फिर डराकर देश में राज करना चाहती है। सरकार नागरिकों के बीच अपनी विश्वासनीयता खो चुकी है, इसलिए असली मुद्दों के बजाए धार्मिक, जातिगत मुद्दे उठाए जाते है, लेकिन कांग्रेस हर हाल में संविधान को बचाएगी। हर देशवासी की आस्था संविधान में है।

### दूसरे पक्ष पर एफआईआर क्यों नहीं

पटवारी ने नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे को गिरफ्तार किए जाने के सवाल पर कहा कि अधिकारी भी भाजपा के एजेंट बनकर काम कर रहे है। चौकसे के भतीजे के सिर में भी गहरी चोट आई है, लेकिन उनकी शिकायत पर दूसरे पक्ष के खिलाफ केस दर्ज नहीं हुआ। चौकसे तो मौके पर भी नहीं थे, लेकिन उन्हें आरोपी बनाया गया। कांग्रेस इसकी लड़ाई सड़क पर लड़ेगी।

# सुभाष मार्ग 80 फीट तो छावनी 60 फीट ही बनेग, आज से लगाए जाएंगे निशान

**इंदौर।** सुभाष मार्ग की सड़क को लेकर पिछले कई वर्षों से माथापच्ची जारी है। नगर निगम अधिकारी क्षेत्र में नपती करने पहुंचते हैं और हंगामा शुरू हो जाता है। अब नगर निगम मालवा मिल से पाटनीपुरा के पैटर्न पर चौड़ाई कम कर पहले चरण में सड़क बनाने की तैयारी में है। अफसरों का कहना है कि आज से नसी कर निशाने लगाए जाएंगे और मास्टर प्लान की निर्धारित चौड़ाई तो कम नहीं करेंगे, मगर मौके पर ली गई जमीन के आधार पर काम शुरू कराएंगे।

शहर की कई सड़कों के निर्माण कार्यों का मामला इसलिए झमेले में पड़ा हुआ है कि वहां सड़क की चौड़ाई को लेकर रहवासी लामबंद हो जाते हैं और इसी के चलते मामला उलझन में पड़ जाता है। सुभाष मार्ग की सड़क इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। निगम सौ फीट चौड़ी सड़क बनाना चाहता है और रहवासी अस्सी फीट की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे कई मकान बच जाएंगे। मामले को लेकर जनप्रतिनिधियों ने भी रहवासियों का पक्ष लिया है। अब नगर निगम इस मामले में पहले चरण में सड़क को अस्सी फीट चौड़ी बनाने की तैयारी में है और इसके साथ ही छावनी की सड़क को भी 60 फीट चौड़ाई के मान से बनाया जाएगा। इसको लेकर सहमति बन चुकी है और आज से ही निशान लगाने की कार्रवाई शुरू होगी।

## ब्रीफ न्यूज

### अति वर्षा, अग्निकाण्ड, लू (तापघात) की सूचना देने के लिये कंट्रोल रूम निर्धारित

**मुरैना।** मुरैना जिले में ग्रीष्मकाल में अग्निकाण्ड, लू (तापघात) तथा वर्षाकाल में अतिवर्षा एवं कोटा वैराज से पानी छोड़े जाने के कारण अप्रिय स्थिति न बने, इसके लिये तत्काल संदेश देने हेतु कलेक्टर अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष नंबर 07532-222557 है। प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी ने बताया कि मानसून विभाग से प्राप्त सूचना अनुसार बाढ़ आने की स्थिति निर्मित हो सकती है। इन परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये जिला स्तर पर 21 अप्रैल 2025 सोमवार से आपदा नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रुम) की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष कमांक 07532-222557 है। कंट्रोल रुम पर अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उन्हे निर्देशित किया है कि किसी भी प्रकार की आपदा की जानकारी, शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जाये, ताकि समयावधि में ही कार्यवाही की जा सके।

### मदिरा दुकानों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु उड़नदस्ता दल गठित किया गया

**मुरैना।** जिले में अवैध मदिरा विक्रय एवं संचालित को रोकने के लिये 59 कम्पोजिट मदिरा दुकानों पर प्रभावी कार्यवाही के लिये जिला आबकारी अधिकारी जितेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया है। जिसमें उड़नदस्ता दल प्रभारी सुरेन्द्र सिंह राठौर होंगे। सहायक के रूप में आबकारी उप निरीक्षक वर्धमान जैन, संतोष कुमार शर्मा, सुनील सेमर, आबकारी मुख्य आरक्षक दिलीप भदौरिया, कमलेश शर्मा, आरक्षक के रूप में आशाराम शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, महेश चन्द्र शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, सुश्री ज्योति कुशवाह, शेलेन्द्र बरेलिया, आनंद भदौरिया, सुश्री गुलफराज बानो और सुश्री रोहिणी को नियुक्त किया है। उडनदस्ता दल अपने कार्य के साथ-साथ दल प्रभारी के नेतृत्व में आपसी समन्वय से संपूर्ण जिले में कार्य संपादित कर, कार्य प्रतिवेदन प्रति सप्ताह जिला आबकारी कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करना, जिले में संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों पर आवश्यक अभिलेख यथा दुकान का लायसेंस, लायसेंस पर दुकान की चतुर्सीमा का अंकन, दुकान पर कार्यरत विक्रयकर्ताओं के विभाग द्वारा नौकरनामा स्वीकृत कराया जाना, कम्पोजिट मदिरा दुकानों पर संबंधित मदिरा दुकान हेतु जारी परिवहन परमिट अनुसार मदिरा स्कंध का सत्यापन करना एवं कम्पोजिट मदिरा दुकानों पर मदिरा का विक्रय शासन द्वारा निर्धारित एम.एस.पी. एवं एम.आर.पी. के मध्य सुनिश्चित कराया जाना, मदिरा विक्रय दरों का उल्लंघन पाये जाने पर तत्काल लायसेंसी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

# चिन्नौनी थाना पुलिस के कर्मचारियों का रेत माफिया से एंट्री फीस लेते हुए वीडियो वायरल, दोनों पुलिस कर्मी निलंबित

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के चिन्नौनी थाना अंतर्गत होराबरा घाट रेत माफिया से एंट्री फीस लेकर उत्खनन करवाने वाले थाने के दो पुलिस कर्मचारी का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें निलंबित कर दिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया गया कि जिले के कुछ थाने के पुलिस कर्मचारी रेत माफिया से मिले हुए हैं और उनके द्वारा संरक्षण देकर अवैध वसूली की जा रही है। यह वीडियो आने के बाद इस बात की पुष्टि हो गई है कि पुलिस की मिली भगत से ही रेत माफिया फल-फूल रहा है।

मुरैना जिले के कुछ थानों की पुलिस द्वारा रेत माफिया से मिलकर चंबल नदी से





रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन कराया जा रहा है, जिसके वीडियो कई बार वायरल हुए हैं। रविवार-सोमवार को एक और वीडियो रेत माफिया का सामने आया, जिसमें चिन्नौनी थाना क्षेत्र के होराबरा घाट पर उक्त थाने के दो पुलिसकर्मी एंट्री फीस लेकर रेत के ट्रैक्टर ट्रॉली को निकाल रहे थे। उक्त वीडियो के सामने आते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और यह वीडियो अधिकारियों तक पहुंच गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ द्वारा वीडियो में दिखाई दे रहे थाने के पुलिस आरक्षक अवधेश सिंह सिकरवार एवं कोक सिंह रावत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उनके विरुद्ध विभागीय जांच की जा रही है।

वायरल वीडियो में चंबल नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर रहे माफियाओं के साथ दो पुलिसकर्मी नजर आ रहे थे और सीमा पार करने के लिए उनसे एंट्री फीस ले रहे थे। वीडियो बनाते समय लगभग आधा सैकड़ा ट्रैक्टर ट्रॉली घाट पर मौजूद दिखाई दे रहे हैं। यही नहीं जलीय जीवों की जान खतरे में डालकर रेत माफिया द्वारा पनडुब्बी से रेत निकाला जा रहा है और वीडियो में बीच नदी में पनडुब्बी भी नजर आ रही है।

### थाने के सामने से निकलते हैं रेत माफिया, पुलिस नहीं आती नजर

हाल ही में समाचार पत्र सत्ता सुधार द्वारा चिन्नौनी थाना के सामने से गुजरते हैं वहां और पुलिस थाने पर दिखाई नहीं देती शीर्षक से एक समाचार प्रकाशित किया गया था, जो सही साबित हुआ। वायरल वीडियो में पुलिस के ही कर्मचारी रेत माफिया से मिले हुए दिखाई दिए हैं। स्थिति यह है कि सुबह शाम उक्त थाने के सामने से दर्जनों की संख्या में रेत के ट्रैक्टर ट्रॉली निकलते हैं तथा जब वह निकलते हैं तो पुलिस थाने से गायब हो जाती है। ऐसे ही चंबल नदी से सटे ज्यादातर स्थानों की यही स्थिति है।

# किसानों ने मुक्त व्यापार समझौते के विरोध में गांव-गांव में किया पुतला दहन

## अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस वापस जाओ के लगाये नारे

सत्ता सुधार ■ मुरैना

सोमवार को तीन दिन के भारत प्रवास पर अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस आ रहे हैं। वह भारत में मुक्त व्यापार समझौते की राह प्रशस्त करेंगे। कृषि के क्षेत्र में डेयरी, पशुपालन, गेहूं, मछली पालन आदि कई क्षेत्रों में मुक्त व्यापार एग्रीमेंट (एफ टी ए)के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगे। जल्दी ही यह समझौते अमेरिका और भारत सरकार के बीच में हो जाएंगे। जिसके चलते देश की पूरी कृषि अर्थव्यवस्था खतरे में पड़ जाएगी। अमेरिकी कृषि उत्पादों से बाजार पट जाएंगे। यह मुक्त व्यापार समझौते अत्यंत घातक,देश विरोधी और किसान विरोधी हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने दिल्ली में मीटिंग करके पूरे देश के किसानों से जे डी वेंस की यात्रा के विरोध के साथ-साथ व्यापक तौर पर विरोध कार्यवाहियां आयोजित करने, ट्रंप व मोदी सरकार के पुतले जलाने का आह्वान किया है। इसी कड़ी में मुरैना जिले में विभिन्न स्थानों पर दर्जनों गांवों में पुतले जलाए गए व जे डी वेंस वापस जाओ के नारे लगाए गए। यह भी नारा किसानों ने लगाया कि भारत देश बिकाऊ नहीं है, हम देश नहीं बिकने देंगे।



इस मौके पर विभिन्न गांव में किसानों के बीच मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष गयाराम सिंह धाकड़ ने कहा कि हमारे देश में अतिथि देवो भवः की परंपरा है। परंतु जिस मकसद से अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस आए हैं वह मकसद देश के किसानों और देश की अर्थव्यवस्था के खिलाफ है। इसलिए हम उनकी यात्रा का विरोध कर रहे हैं। हमारे देश में ईस्ट इंडिया कंपनी भी व्यापार करने के लिए आई थी और बाद में हम उपनिवेश हो गए और लगभग 200 साल तक अंग्रेजों ने राज किया। हमें इतिहास से सबक लेते हुए देश को बचाने के लिए, खेती किसानी को बचाने के लिए अमरीकी उपराष्ट्रपति की यात्रा का विरोध करने के साथ-साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में कृषि डेयरी, पशुपालन, मछली पालन और अन्य कृषि कार्यो को शामिल करने का विरोध करते हैं। यह समझौता एक पक्षीय और अमेरिका के हित में होगा। यह देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर देगा और कृषि क्षेत्र को किसानों को तबाह कर देगा। इसलिए किसान पूरे देश में इसका विरोध कर रहे हैं। यह विरोध कार्यवाहियां तीनों दिन जारी रहेगी। हमने अंग्रेजी उपनिवेश का भी विरोध किया, भीषण संघर्ष और भारी कुर्बानियों के बाद जीत हासिल की, आजादी मिली। साम्राज्यवाद के खिलाफ इस संघर्ष में भी हमारे देश की ही जीत होगी। किसानों की इन विरोध कार्यवाहियों का नेतृत्व सरवन लाल धाकड़, सुरेश धाकड़, सियाराम धाकड़, राम सिंह धाकड़, राम प्रकाश धाकड़, पवन सिंह, बनवारी लाल,रामलखन धाकड़ सिंचाई अध्यक्ष, नारायण सिंह, नरोत्तम सिंह नागर, अशोक कुमार, जगन्नाथ सिंह पूर्व जनपद सदस्य, रामकुमार श्रीवास पूर्व सरपंच आदि ने किया।

### वाहन वसूली गिरोह का आतंकः हार्वेस्टर चालक पर जानलेवा हमला, 4 लाख रुपये लूटे

**मुरैना।** जिले के जौरा थाना अंतर्गत वाहन वसूली गिरोह का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला सोमवार सुबह जौरा क्षेत्र के बिलगाव गांव के पास सामने आया, जहां डबरा से हार्वेस्टर लेकर खेत पर जा रहे एक किसान पर जानलेवा हमला कर दिया गया। हमलावरों ने न केवल उसकी बेरहमी से पिटाई की, बल्कि उसके पास रखे 4 लाख रुपये भी लूट लिए। घटना सुबह करीब 7 बजे की है। घायल युवक की पहचान 42 वर्षीय जाहर सिंह त्यागी निवासी बदरपुरा के रूप में हुई है। जाहर सिंह अपने हार्वेस्टर से फसल काटने के लिए खेत की ओर जा रहे थे, तभी बिलगांव के पास करीब एक दर्जन अज्ञात लोगों ने रास्ता रोक लिया। हमलावरों ने पहले दो हार्वेस्टर सड़क पर तिरछे खड़े कर ट्रैफिक जाम किया और फिर जाहर सिंह पर पत्थर के खण्डे से वार किया। इसके बाद उन्होंने लाठियों से दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। जाहर सिंह के भाई शिव कुमार त्यागी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने योजना बनाकर हमला किया और लूट को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद इलाके में दहशत फै ल गई और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। गंभीर रूप से घायल जाहर सिंह को पहले जौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# जिले में 21 से 26 अप्रैल तक मनाया जायेगा फायर सेफ्टी सप्ताह



सत्ता सुधार ■ मुरैना

भारत सरकार के निर्देशानुसार मुरैना जिले में 21 से 26 अप्रैल 2025 तक फायर सेफ्टी सप्ताह यूनिट टू इग्नाइट ए फायर सेफ इण्डिया एकजुट हो अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें, थीम में मनाया जायेगा। इसके अंतर्गत शासकीय चिकित्सालय के साथ-साथ प्राइवेट नर्सिंग हॉम और अस्पतालों में फायर सेफ्टी सप्ताह के दौरान निम्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। जिसमें 21 एवं 22 अप्रैल को बेविनार जो राज्य स्तर भोपाल से आयोजित किया जायेगा। 23 अप्रैल को सभी संस्थाओं पर मॉकड्रिल आयोजन किया जायेगा, जिससे अग्निकांड की घटनाओं को रोका जा सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय ने बैठक लेकर समस्त शासकीय एवं अशासकीय अस्पतालों के चिकित्सा अधिकारियो को निर्देशित किया है कि वह उपरोक्त सप्ताह के दौरान शासन के दिये गये निर्देशानुसार गतिविधियां आयोजित करना सुनिश्चित करें। 23 अप्रैल को सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में मॉकड्रिल आयोजित करे एवं 25 अप्रैल को जनजागृति करें। पोस्टर मेकिंग एवं फायर सेफ्टी विज, रोल प्ले फोटोग्राफी विडियोग्राफी कर सोशल मीडिया पर शेयर करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिलेण्डर रिफिलिंग, इलेक्ट्रिक ऑडिट एवं फाइव ऑडिट अपडेट करवाये। सभी संस्था प्रभारी समस्त स्टाफ के साथ फायर सेफ्टी की शपथ लेना सुनिश्चित करें।

# चंबल डिवीजन ने लगातार दूसरी बार अंडर-18 वनडे एसएम खान टूर्नामेंट जीता



### चंबल डिवीजन ने फाइनल मुकाबले में ग्वालियर डिविजन को चार विकेट से हराया

**मुरैना।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-18 एस एम खान एक दिवसीय टूर्नामेंट में ग्वालियर को फाइनल मुकाबले में 4 विकेट से हराकर टूर्नामेंट पर कब्जा किया।

भोपाल की फे थ ग्राउंड पर चल रहे फाइनल मुकाबले में सोमवार की सुबह ग्वालियर की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फै सला किया और चंबल के गेंदबाजों की शानदार गेंदबाजी के चलते ग्वालियर की पूरी टीम को 49.5 ओवरो मे 171 रनों पर समेट दिया। चम्बल की तरफ से अनुराग पाराशर, उदय यादव और शिखर अग्रवाल ने 2-2 विकेट लिये। 172 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुये चम्बल ने 48.4 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लगातार दूसरी बार अण्डर-18 वनडे टूर्नामेंट की विजेता बनी। चम्बल की तरफ से मनल चौहान ने सर्वाधिक 42 और करण तोमर ने 36 रन की पारी खेली। मनल चौहान को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। चम्बल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन की इस जीत पर चम्बल डिवीजन के अध्यक्ष ज्योतिरादित्य सिंधिया व कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत मेहता एवं सचिव चम्बल डिवीजन तस्लीम खान सहित सिलेक्शन समिति के चेयरमैन अशोक यादव ने टीम के सभी खिलाड़ियों और टीम के कोच आशीष सविता, मैनेजर रवि अवस्थी और ट्रेनर राजेश तोमर को बधाई दी है।



# 7 दिवसीय निरार वाली माता मेले का आयोजन संपन्न

**जौरा।** विधानसभा जौरा की प्रसिद्ध देवी निरार माता मेले का 7 दिवसीय आयोजन संपन्न हुआ। निरार माता मेले में हजारों की संख्या में भक्तगण मैया के दर्शन करने के लिए जंगल स्थित माता के दरबार में पहुंचे। मेले में आए हुए भक्तों के लिए त्यागी नगर जौरा की तरफ से सभी भक्तों के लिए मीठे आम का ठंडा शरबत और भंडारे की समुचित व्यवस्था की गई। मान्यता के अनुसार मैया के दर्शन करने से आंखों के रोग, चर्म रोग व सभी तरह के दुःखों का निवारण मैया के दरबार में होता है। इस दौरान गिर्राज त्यागी पूर्व सदस्य जिला पंचायत के मार्गदर्शन में त्यागी नगर जोरा के सभी धर्म प्रेमियों के द्वारा ठंडा शरवत व प्रसादी का वितरण किया गया। जिसमें भोगीराम त्यागी, राहुल शुक्ला, बलराम जैन, नरेंद्र जैन, राहुल त्यागी, बृजेश त्यागी, कमलेश त्यागी, कन्हैया लाल त्यागी, रिंकू त्यागी बदरपुर, सत्येंद्र त्यागी, जयराम त्यागी, एस कुमार त्यागी, लोकेश त्यागी, वासुदेव त्यागी, माता शरण त्यागी, आसाराम सविता, शशि त्यागी, रिंकू त्यागी, देवकी त्यागी जलालपुर, रोहित त्यागी, मोहन त्यागी, प्रवीण त्यागी, गौरव त्यागी व मयंक त्यागी का विशेष सहयोग रहा।

# नपा कर्मचारियों द्वारा चुंगी नाकों पर की जा रही अवैध बसूली



सत्ता सुधार ■ सबलगढ़

नगर पालिका कर्मचारियों के द्वारा लोडिंग वाहन एवं ट्रैक्टरों को निकालने के जो निर्धारित शासन का शुल्क से ज्यादा बसूल किया जा रहा है। अभी हाल में एक लोडिंग वाहन के चालक से 200 रूपए लिए गए थे और इसकी जानकारी नगर पालिका सीएमओ एवं एसडीएम सबलगढ़ को दी गई। शासन द्वारा निर्धारित शुल्क 30 रूपए है जब कि लोडिंग वाहन से नगर पालिका कर्मचारी 100 से 200 रूपए तक बसूल कर रहे हैं और उनको पर्ची भी नहीं दी जा रही। रात के समय दूसरा रसीद कट्टा चला रहे हैं। वह पर्ची मांगते हैं तो बोल देते हैं कि नंबर लिखा है इस पर बात करा देना। इस तरह का खेल सबलगढ़ चुंगी नाके पर चल रहा हैं। रात्रि में तो अन्य क्षेत्र का ट्रैक्टर निकालने के एवज 300 रूपए तक ले लेते हैं। सूत्रों की मानें तो सबलगढ़ नगर पालिका प्रशासन की मिली भगत से यह खेल चल रहा है। इस तरह की अवैध बसूली के वीडियो एवं फोटो सबलगढ़ नगर पालिका सीएमओ प्रीतम मांझी को भेज दिए गए, उसके बाद भी उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### इनका कहना है...

मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है, आपके द्वारा पता चला है, मेंरे द्वारा नोटिस निकाल कर कार्रवाई की जायेगी।

**-प्रीतम मांझी, सीएमओ, नगरपालिका सबलगढ़**

## दीप शक्ति नैचुरल फूड प्रोडेक्ट और नवीन ऑर्गेनिक घी के द्वारा रुद्र शर्मा ने कराया निःशुल्क प्रीमियर शो

# केसरी चैप्टर 2 जैसी फिल्में हर हिंदुस्तानी को देखनी चाहिएः देवेन्द्र प्रताप

सत्ता सुधार ■ मुरैना

बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार एक बार फिर चर्चा में हैं. उनकी नई फिल्म 'केसरी चैप्टर 2 हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे और आर. माधवन भी अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं। दर्शकों और समीक्षकों से फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। दीप शक्ति नैचुरल फूड प्रोडेक्ट और नवीन ऑर्गेनिक देशी घी के द्वारा रुद्र शर्मा के सहयोग से ग्वालियर स्थित डीबी मॉल के आई नोक्स सिनेमा घर में केसरी चैप्टर 2 फिल्म का प्रीमियर शो कराया गया। जिसमें शहर के गणमान्य लोगों को निःशुल्क फिल्म दिखाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर रामू रहे। मंच का संचालन



गुरुकुल फाउंडेशन के चेयरमैन आकाश बरुआ ने किया।

उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि केसरी चैप्टर 2 फिल्म की कहानी 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड और सर सी. शंकरन नायर के संघर्ष पर आधारित है। हमें इस फिल्म के माध्यम से बताया गया है कि किस प्रकार अंग्रेजों के द्वारा हमारे ऊपर अत्याचार किए गए। में सबसे पहले कार्यक्रम आयोजक रुद्र रवि शर्मा, भूपेंद्र बालोठिया, नवीन शुक्ला एवं नरेंद्र राजपूत का आभार व्यक्त करना चाहता हूँ जिनके द्वारा ग्वालियर शहर के लोगों को देश और राष्ट्र हित की फिल्म निःशुल्क दिखा रहे हैं। उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए रुद्र शर्मा ने कहा कि यदि शहर के लोग हमारा सपोर्ट करेंगे, तो जल्द हम ग्वालियर में बड़ा कार्यक्रम भी करेंगे। जिसमें देश-विदेश के सुपर स्टारों को बुला सकें। इस अवसर पर फिल्म के सेकण्ड शो में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया ने कहा ,कि देश भक्ति के साथ इतिहास से जुड़ी फिल्में बनती रहना चाहिए, जिससे हमारे युवाओं को जानकारी मिल सके।

# माथुर वैश्य महिला मंडल ने पोरसा मुक्तिधाम के डॉ गुप्ता का किया सम्मान



सत्ता सुधार ■ पोरसा

मुक्तिधाम पोरसा महालोक पर गर्भ ग्रह में जहाँ सत्यम, शिवम्, सुंदरम और ज्ञान, वैराग्य व भक्ति के दर्शन होते है। वहाँ सोमवार को महाकाल पर विशेष 108 औषधियों और पंचामृत से बाहर से पधारे माथुर वैश्य महिला मंडल पिनाहट माथुर वैश्य महिला मंडल की महलाओं ने अभिषेक किया। इस दौरान मुक्तिधाम की सुन्दरता को देखते ही माथुर वैश्य महिला मंडल पिनाहट की महिलाओं के मुख से निकल ही गया कि महाकाल की इतनी सुंदर रचना है तो वह कितने सुंदर होंगे। पिनाहट से आई महलाओं ने महाकाल के मंच पर डॉ अनिल गुप्ता व श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता और महेश पेंगोरिया का शॉल और कृष्णम की माला से सम्मान किया और कहा कि यहाँ की हरियाली ऊँ हरि शरणम् फुब्बरा, झरना, पक्षी, खरगोश व मछली को देख कर मन अत्यंत खुश हुआ है। उन्होंने जय महाकाल का उद्घोष कर कहा कि जब झूला का अनुभव लिया तो बचपन याद आ गया।

## ब्रीफ न्यूज

### चारूवा गोशाला में भूसा मशीन मोटर दान

**हरदा/चारूवा।** ग्राम चारूवा में जनपद अध्यक्ष श्रीमती रानू दशरथ पटेल के द्वारा चारूवा गोशाला में गौ माता के लिए पानी की होज बनवाने को लेकर 1 लाख रुपये रामकुमार मेश्राम द्वारा भूसे के लिए एक बड़ी गोहन बनवाने की एवं संजय फुलेर कमताडा वालों की ओर से 40 हजार रुपये कीमत की भूसा मशीन के लिए मोटर दान की है। इस दौरान भूसे की गोहान पानी की होज निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सेठ नर्मदाप्रसाद जानी रोलगांव वालों द्वारा 200 टैंक भूसे की व्यवस्था को लेकर गौशाला समिति की ओर से प्रशंसा की गई।

### गुर्जर छात्रावास में आज से गणगौर उत्सव

**हरदा/टिमरनी।** गुर्जर छात्रावास टिमरनी परिसर में 22 से 30 अप्रेल तक गणगौर महोत्सव का आयोजन किया जायेगा है। रामजीवन, संतोष, विनोद पाटिल परिवार की ओर से इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। आज मंगलवार को खड़ा रखना एवं स्थापना होगी। गणगौर महोत्सव के दौरान प्रतिदिन गणगौर मंडलों की ओर से भक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।महिला मंडलों की प्रस्तुतियां प्रतिदिन शाम 6.40 बजे से रात 9.30 बजे तक होंगी। इसके बाद पुरुष मंडलों की प्रस्तुतियां होंगी। विनोद पटेल मित्रमंडल ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि आयोजन में सपरिवार शामिल होकर माता के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### ट्रैक्टर वाहन से संबंधित प्रकरण के निराकरण हेतु पत्र जारी

**शहडोल।** उप वनमण्डलाधिकारी, उप वन मंडल जयसिंहनगर मुकुल सिंह ठाकुर द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वन परिक्षेत्र जयसिंहनगर अन्तर्गत बीट कनाडीखुर्द के कक्ष क्रमांक पी.एफ. 391 में वनभूमि से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जानें के फलस्वरूप भा.व.अ. 1927 की धारा 33 (1) ख, 52 के तहत पंजीकृत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 9972/17 दिनांक 25.01.2023 से अभिग्रहित वाहन पावर ट्रैक ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन नंबर डच् 54 । 5792 (ट्राली सहित) के संबंधित आरोपी शिवम राव पिता रामनरेश राव साकिन जयसिंहनगर जिला-शहडोल किसी अन्य आपराधिक मामले में जेल में बन्द हैं, तथा ट्रैक्टर के वाहन स्वामी श्री चन्द्रशेखर पिता बाला प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम बरबसपुर थाना उमरिया तहसील मानपुर जिला उमरिया की मृत्यु हो चुकी है, वाहन स्वामी की मृत्यु हो जानें के कारण उनके वैधानिक उत्तराधिकारी या, किसी अन्य अधिकृत व्यक्ति के द्वारा उक्त वाहन का स्वामित्व धारित किए जानें के सम्बन्ध में अभ्यावेदन तथा वैधानिक दस्तावेज आज दिनांक तक प्रस्तुत नहीं किए जानें के कारण उक्त प्रकरण के निराकरण सम्बन्धी कार्यवाही प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डल आधिकारी जयसिंहनगर के कार्यालय में लंबित है। उपरोक्त अभिग्रहीत ट्रैक्टर के मृतक वाहन स्वामी के वैधानिक उत्तराधिकारी अथवा अन्य कोई अधिकृत व्यक्ति जो उक्त वाहन का वैध स्वत्वाधिकार रखता हो, तो प्रकरण का निराकरण के सम्बन्ध में वैध दस्तावेजों सहित अभ्यावेदन इस विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी जयसिंहनगर जिला-शहडोल के कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें।

# भवनों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाएं : कलेक्टर

## जिला योजना समिति के सदस्यों का निर्वाचन 23 को

सत्ता सुधार ■ हरदा

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भू जल स्तर में वृद्धि के उद्देश्य से सभी शासकीय कार्यालय एवं अन्य बड़े भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कराएं तथा सभी हेण्डपम्पों व ट्यूबवेल के आसपास सोख्ता गढ्डे बनवाएं। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के सीएमओ को दिये। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व सुश्री रजनी वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

**अतिक्रमण हटा कर, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुधारें :** कलेक्टर श्री जैन ने एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के ग्रामों व नगरों में ई-केवायसी व समग्र लिंकिंग की कार्यवाही की लगातार मॉनिटरिंग करने के संबंध में भी निर्देश दिये। उन्होने नालों, नहरों व बांधों के आसपास से अतिक्रमण हटवाने के लिये राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर श्री जैन ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होने तथा उसके लिये आवश्यक तैयारी करने के संबंध में भी सभी सीएमओ व जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देश दिये। उन्होने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिये कहा। कलेक्टर श्री जैन ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि मीडिया में प्रकाशित जनसमस्याओं से संबंधित समाचारों को संज्ञान में लेकर उनसे संबंधित समस्याओं का निराकरण करने की त्वरित कार्यवाही की जाये ।



**जिला योजना समिति के सदस्यों का निर्वाचन 23 को :** जिला योजना समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु सदस्यों का सम्मेलन आगामी 23 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। कलेक्टर श्री जैन ने बताया कि जिला पंचायत सदस्यों का सम्मेलन जिला पंचायत, नगर पालिका तथा नगर परिषद के निर्वाचित सदस्यों का सम्मेलन नगर पालिका हरदा में तय किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 12 बजे से 12:30 बजे तक सदस्यों से नाम निर्देशन प्रारूप प्राप्त किये जायेंगे। दोपहर 12:30 से 1:30 तक नाम निर्देशन प्रारूपों की जांच की जायेगी। दोपहर 1:30 से 2 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की वापसी होगी। मतपत्र तैयार करने का कार्यवाही 2 से 3 बजे तक की जायेगी। दोपहर 3 से 4 बजे तक मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होगी तथा 4 से 4:30 बजे के बीच मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जायेगी।

### नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी तरीके से लगाएं रोक

कलेक्टर श्री जैन ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिये कि नरवाई की घटनाओं की लगातार मॉनिटरिंग कर उन्हें रोकने के लिये प्रभावी कार्यवाही की जाए। इसके लिये उन्होने सभी पंचायत सचिवों, पटवारियों, ग्राम रोजगार सहायकों के मोबाइल नम्बर, भारत सरकार के फायर एलर्ट सिस्टम पर अपलोड कराने के निर्देश दिये ताकि कोई भी अग्नि दुर्घटना होने पर संबंधित पटवारी, सचिव या रोजगार सहायक को उसकी तुरन्त सूचना एसएमएस के माध्यम से मिल सके। उन्होने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि अवैध रूप से ट्यूबवेल उत्खनन के मामलों में प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होने सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में बिजली और पेयजल की व्यवस्था के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग को निर्देश दिये।

# जिला अस्पताल में रेफर-रेफर का खेल रातभर प्रसूता को लेकर भटकते रहे परिजन

## विवाद के बाद मिला इलाज

सत्ता सुधार ■ शहडोल

जिला अस्पताल में दर्द से तड़प रही प्रसूता को ड्यूटी डॉक्टर ने जिला अस्पताल से रेफर कर दिया। इस पर उसके परिजनों ने विरोध किया, ड्यूटी डॉक्टर ने कहा कि एनेस्थीसिया डॉक्टर ना होने की वजह से यहां ऑपरेशन नहीं हो सकता है। इसके बाद काफी हंगामा हुआ, अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद फिर प्रसूता का जिला अस्पताल में ही सुरक्षित ऑपरेशन किया गया। ड्यूटी डॉक्टर की बातचीत का एक वीडियो सामने आए हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि उमरिया जिले के मानपुर की रहने वाली प्रसूता रूपाली केवट को परिजन लेकर सोमवार की रात 2 बजे जिला अस्पताल शहडोल लाए थे। प्रसूता हाई रिस्क होने की वजह से मानपुर के डॉक्टरों ने महिला को रेफर किया था। परिजनों को उसे उमरिया जिला अस्पताल ले जाना था, लेकिन उसे शहडोल जिला अस्पताल लेकर आ गए।

### समाजसेवी भी मौके पर पहुंचे

प्रसूता को लेकर परिजन दोबारा जिला अस्पताल पहुंचे और ड्यूटी डॉक्टर के बीच तीखी नोंकझोक भी हुई। उसका एक वीडियो सामने आया है। जानकारी लगते ही शहर के कुछ समाजसेवी भी मौके पर पहुंचे, जो मरीज के परिचित थे। विनय केवट ने बताया की रूपाली के पति मेरी परिचित हैं। मुझे उनके पति का फोन आया था कि जिला अस्पताल के डॉक्टर ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। तो मैं रात में अपने एक सहयोगी के साथ जिला अस्पताल पहुंचा था।




### जिला अस्पताल में हुआ ऑपरेशन

विनय ने बताया मुझे जिला अस्पताल में डॉक्टर पूर्वी श्रीवास्तव ड्यूटी पर मिलीं। मैंने पूछा मैडम ऑपरेशन कर दीजिए तो ड्यूटी डॉक्टर ने कहां मैं सर्जन नहीं हूं। मैं ऑपरेशन नहीं कर सकती। इसके बाद सिविल सर्जन को समाजसेवियों ने मामले की रात में ही जानकारी दी। सिविल सर्जन डॉक्टर शिल्पी सराफ के हस्तक्षेप के बाद ड्यूटी डॉक्टर ने एनेस्थीसिया और गाइनेकोलॉजिस्ट को रात में इसकी खबर दी। जिसके बाद सुरक्षित ऑपरेशन प्रसूता का जिला अस्पताल में किया गया।

### जिला अस्पताल में लोड अधिक

सिविल सर्जन ने बताया कि जिला अस्पताल में 24 घंटे में 15 से अधिक ऑपरेशन होते हैं।जिला अस्पताल में एनेस्थीसिया डॉक्टरों की कमी है, यहां एक ही डॉ मनोज जायसवाल हैं। मेडिकल कॉलेज में भी एक ही एनेस्थीसिया डॉक्टर होने की वजह से जिला अस्पताल में लोड अधिक रहता है। जिला अस्पताल में उमरिया,अनूपपुर और डिंडोरी जिले के मरीज आते हैं। जिसकी वजह से रात में कुछ दिक्कतें होती हैं। लेकिन हम कोशिश करते हैं कि मरीजों को परेशानी ना हो। मानपुर से रेफर आई महिला के परिजन और ड्यूटी डॉक्टर के बीच कुछ बहस हुई थी, लेकिन जब मुझे जानकारी मिली तो मैने प्रसूता महिला का जिला अस्पताल में ही ऑपरेशन करवाया है जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

### जिले में एनेस्थीसिया डॉक्टरों की कमी नहीं

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले में कई एनेस्थीसिया डॉक्टर हैं। जिसमें ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सिंहपुर सुनील स्थापक और धनपुरी मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर सचिन कारकुर शामिल है। इन डॉक्टरों की भी अगर जिला अस्पताल में सप्ताह में एक-एक दिन ड्यूटी लगाई जाए तो समस्या कम हो सकती है।

### मेडिकल कॉलेज के गायनी विभाग का गेट बंद, अधिकारी ने कहा आरोप गलत

परिजनों ने बताया कि जिला अस्पताल के गायनिक विभाग में ड्यूटी में तैनात डॉक्टर पूर्वी श्रीवास्तव से उनकी मुलाकात हुई। ड्यूटी डॉक्टर पूर्वी श्रीवास्तव ने यह कहा कि मैं सर्जन नहीं हूं। मैं ऑपरेशन नहीं कर सकती। आप मरीज को कहीं और ले जाइए। परिजनों ने कहा कि यह संभागीय मुख्यालय का जिला अस्पताल है, मरीज को हम इतनी रात में कहां लेकर जाएं। जिसे ड्यूटी डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के गायनी विभाग मरीज को लेकर पहुंचे थे, लेकिन वहां गेट बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी किसी ने गेट नहीं खोला। इसके बाद वह पुनः जिला अस्पताल प्रसूता को लेकर पहुंच गए। वहीं मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉक्टर नागेंद्र सिंह का कहना है कि परिजनों का आरोप निराधार हैं। गायनी विभाग का गेट बंद नहीं था, परिजन शायद आए ही नहीं होंगे, मैं सीसीटीवी में दिखाता हूं, अगर ऐसा हुआ होगा तो हम कार्रवाई करेंगे।

# बीएमसी द्वारा तोड़े गए मुंबई विले पार्ले स्थित जैन मंदिर का पुनर्निर्माण कराए महाराष्ट्र सरकार

### भारतीय जनता पार्टी जैन समाज पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर मित्रता को जारी करें

सत्ता सुधार ■ खंडवा

पूरे देश का जैन समाज द्वारा पिछले दिनों की जा रही है, और सरकार से मांग की जा रही है कि जैन समाज को न्याय मिलना चाहिए, जो कार्य अनुचित है, समाज के सुनील जैन ने कहा है कि पूरे देश में समाज द्वारा की जाने वाली घटनाएं पिछले दिनों की हैं, इसी तरह के अखिल भारतीय जैन समाज के सदस्य के रूप में, इसी तरह के अखिल भारतीय जैन समाज के सदस्य, बोहरा खंडवा, प्रदेश अध्यक्ष दद्दा जावरा, प्रदेश अध्यक्ष मंगल नाहर, शाजापुर के प्रमुख स्वामी, दयानंद स्वामी खंडवा, प्रदेश अध्यक्ष, अटल बिहारी वाजपेयी बोथरा, धार जैन ने एकहार संयुक्त प्रेस के आंकड़ों में बताया कि पिछले दिनों तीन विपक्षी अवैयिक घटनाएं जैन समाज की कहानियों से जुड़ी हैं। सिंगोली के पास कछला गांव में रात्रि विश्राम के दौरान तीन साधुओं के साथ असाध्य कर अ सामाजिक विले कोर्ट द्वारा गंभीर रूप से रोके जाने के बाद मुंबई विले पार्ले पूर्व में स्थित 30 वर्ष पूर्व में स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर शराब मठ और बीएमसी के अनुयायियों से मिली भगत से दिया गया था। अहिंसा प्रिय जैन समाज की तुलना कल एक वर्ग विशेष से कर कहा गया है रावण बनकर जैन समाज खड़ा रहेगा, इन घटनाओं को लेकर समाज बनता है, समाज के सुनील जैन ने बताया कि जैन समाज देश के विकास और प्रगति में सबसे अहम योगदान देता है। परम शांति प्रिय समाज अहिंसा परमो धर्म पर चलने वाले समाज के बारे में इस तरह की ओछी पैगाम रखने वाले दोनों पार्टियों को पार्टी से अलग किया जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की इसी सोच का समर्थन नहीं किया जा सकता। इन कहानियों में जैन समाज के आंदोल के संस्थापक जैन चोपड़ा, विजय बोहरा, दिलीप माउंटेनिया, सुनील जैन, विजय सेठी, रोहित मेहता, नवीश बोथरा, पंकज छाबड़ा, प्रमोद जैन प्रेमांशु जैन, चंद्रकांत सांड सहित जैन समाज के अनुयायी शामिल हैं। शब्दों में निंदा करें हुवे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वी. डी. शर्मा से अनुरोध करें कि आप तत्काल निंदा करें, हुवे उन्हें पार्टी से मुक्त करें। साथ ही विले पार्ले पूर्व में स्थित 30 साल पुराना श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर को हाई कोर्ट के राज्य के बाद के षड्यंत्र में शामिल किया गया है।

# पुलिस अधीक्षक सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों ने किया देर रात थाना व चौकियों का आकस्मिक निरीक्षण





सत्ता सुधार ■ शहडोल

पुलिस महानिदेशक महोदय, मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेशभर के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को अपने जिला अंतर्गत समस्त थाना एवं चौकियों का आकस्मिक निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में दिनांक 19.04.25 के देर रात्रि पुलिस महानिरीक्षक शहडोल जोन द्वारा थाना कोतमा, जिला अनूपपुर एवं उप पुलिस महानिरीक्षक शहडोल रेंज द्वारा थाना खैरहा, जिला शहडोल का निरीक्षण किया एवं क्षेत्र भ्रमण कर थाना निरीक्षक कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिशानिर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा थाना जयसिंहनगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर मे हवालात, मालखाना, रिकॉर्ड रूम, सी.सी.टी.वी, संधारित विभिन्न रजिस्टर, थाने पर रखे बलवा ड्रिल सामग्री को भी चेक किया गया एवं जरायम व व्ही.सी.एन.वी रजिस्टर को चेक कर उसमे पाई गई कमियों को पूर्ण करने हेतु टीप अंकित की गई। थाना प्रभारी एवं बीट प्रभारियों को निगरानी एवं गुंडा बदमाशों को नियमित रूप से चेक करने की हिदायत दी गई। ड्यूटी पर उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी से चर्चा कर थाना प्रभारियों को बेहतर व सुदृढ़ पुलिसिंग तथा आमजन हेतु पुलिस की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इसी प्रकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री अभिषेक दीवान द्वारा थाना जैतपुर का औचक निरीक्षण किया गया एवं बीट प्रभारियों एवं कर्मचारियों को महत्त्वपूर्ण निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक शहडोल के नेतृत्व में जिले के अन्य राजपत्रित अधिकारियों द्वारा भी अपने-अपने अनुभाग के थानों का रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। थाना एवं थाने के रिकार्ड का रख रखाव व आमजन हेतु बेहतर सुविधा एवं सुदृढ़ पुलिसिंग हेतु यह औचक निरीक्षण निरंतर जारी रहने के निर्देश दिए गये है।

### युवा टीम द्वारा चलाया गया पक्षी मित्र अभियान सराहनीय: पुलिस उप महानिरीक्षक

**शहडोल।** पुलिस उप महानिरीक्षक शहडोल रेंज सुश्री सविता सोहाने को युवाओं ने गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए सकोरा व तुलसी का पौधा भेंट किया। इस अवसर पर डीआईजी शहडोल रेंज सविता सोहाने ने कहा कि पक्षी मित्र अभियान व भीषण गर्मी में जल प्रदान करना युवा टीम उमरिया की सराहनीय पहल है। डीआईजी ने कहा कि पानी अनमोल है, इसके बिना जीवन संभव नहीं है। दिनों दिन बढ़ती गर्मी के चलते आज बेजुबान पशु-पक्षियों के समक्ष दाना और पानी की समस्या आ गई है। हम इंसान को भूख और प्यास की तड़प व्याकुल कर देती है, तब यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि बेजुबान पशु-पक्षियों की क्या हालत होती होगी। उन्होंने कहा कि गर्मी के चार महीने हम उनके लिए अपने घर और आसपास दाना-पानी की व्यवस्था कर दें, तो इससे बड़ा पुण्य का और कोई दूसरा काम नहीं होगा। जिस प्रकार हम अपने घरों में छोटे बच्चे का पालन पोषण कर उसके युवा होने में अपनी पूरी सामर्थ्य क्षमता का योगदान देते है। पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण हेतु हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरत और हरा-भरा बनाए रखने के लिए कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण का कार्य हम सभी मिलकर करते हैं उसी प्रकार हम सभी को पशु पक्षियों के संरक्षण का भी कार्य करना होगा जिससे हमारा पर्यावरण संतुलित रहे ।इस अवसर पर पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, शिखा बर्मन व सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# साहित्य वह होता है जो संवेदनाएं उत्पन्न करता है : ऋषि मिश्रा

**वीर शिवाजी महाराज पर केंद्रित व्याख्यान का हुआ आयोजन**



सत्ता सुधार ■ हरदा

शिवाजी महाराज की गाथाओं को हिंदवी स्वराज के संकल्प को अपनी कविताओं के माध्यम से कवि भूषण ने भारत में पहुंचाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रभुशंकर शुक्ल वहीं मुख्य अतिथि अखिल भारतीय साहित्य परिषद राष्ट्रीय ऋषि मिश्रा थे। विशिष्ट अतिथि राकेश सक्सेना, सारस्वत अतिथि नपाध्यक्ष श्रीमती भारती राजू कमेड़िया, मुख्य वक्ता प्रान्त मंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद आशुतोष शर्मा साथ ही मराठा समाज के अध्यक्ष विभाजी राव वाबले व मुकेश शांडिल्य उपस्थित थे।

**शिवाजी की वीरता पर डाला प्रकाश :** लोमेश गौर ने बताया कि इस अवसर पर श्री मिश्रा बोले की साहित्य वह होता है जो संवेदनाएं उत्पन्न करता है। वे अखिल भारतीय साहित्य परिषद इकाई द्वारा वीर शिवाजी महाराज की वीरता पर एक व्याख्यान आयोजन में बोल रहे थे। अतिथियों व नगर के प्रबुद्धजनों का स्वागत नपाध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण के माध्यम से किया। मुख्य वक्ता श्री शर्मा ने वर्तमान परिवेश में शिवाजी महाराज के आदर्श और विचारधारा की आवश्यकता पर अपनी बात रखी। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए डॉ शुक्ल ने भी महाराज शिवाजी की वीरता पर प्रकाश डाला।

**कविता के से शिवाजी महाराज को किए श्रृद्धा सुमन अर्पित :** कवि श्री शांडिल्य ने शिवाजी महाराज को समर्पित कविता का पाठ किया। जिला इकाई के जयकृष्ण चांडक, शिरीष अग्रवाल, आशीष साकल्ले व कपिल दुबे के साथ अन्य साहित्यकार, मराठा समाज व नगर के प्रबुद्धजनों ने अपनी उपस्थिति से शिवाजी महाराज को श्रृद्धा सुमन अर्पित किए व जय शिवाजी का उद्घोष किया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेश चौबे द्वारा किया गया।

**नामकरण होगा :** आयोजन में शामिल मराठा समाज द्वारा महाराज शिवाजी के नाम पर किसी चौराहे के नामकरण करने की मांग की गई। समाज के ज्ञानेशवर काले ने कहा कि सामज लंबे समय से इसकी मांग कर रही रही। जिस पर नपाध्यक्ष ने कहा कि महाराज के नाम पर चौराहे का नामकरण किया जायेगा। इसके लिए समाज के लोग, नगरपालिका की टीम और वह खुद भ्रमण कर जगह की तलाश करेंगे।

### मदिरा के अवैध विक्रय के विरुद्ध कुल 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में कार्यवाही की। आबकारी विभाग के दल ने ग्राम छीपानेर, करताना के शीतल ढाबा व दरबार ढाबा, अबगाँव खुर्द के सागर ढाबा तथा हरदा शहर दूध डेयरी मोहल्ला, टंकी मोहल्ला व सरदार मोहल्ला में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 5 बीयर की बोतल, 42 पाव देशी शराब 11 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 390 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर कुल 8 प्रकरण दर्ज किये।

**अभियान** | मेयर की उपस्थिति में आम जन के सहयोगी से सूर्यकुंड पर साफ-सफाई अभियान हुआ

# जल पुनः के इस पुण्य कार्य में आम जन की भी मुस्कान जरूरी: महापौर

सत्ता सुधार ■ खंडवा

जल है तो कल हैं, कल आज बचाएं जल सुरक्षित करें, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश शासन 30 मार्च से 30 मार्च तक जल गंगा से लेकर पूरे प्रदेश में जल गंगा तक जारी रहेगा, जिसके तहत हमारे पुराने जल संसाधनों को पुनर्जीवन प्रदान करना है, समाज सेवी और प्रचारक सुनील जैन ने बताया कि इस अभियान की घोषणा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खंडवा में झीलोदयन पर प्लास्टिक योजना के तहत प्लास्टिक रोपन की शुरुआत की थी।

अभियान के तहत रविवार को खंडवा की प्राचीन मंदिर सूरजकुंड पर साफ-सफाई एवं पर्यावरणरोपण का लाभ उठाया गया। कार्यक्रम में महाधिवक्ता अमृता अमर यादव ने कहा कि जल ही जीवन है, बम को बचाना हम सबका दायित्व है। आज हम देख रहे हैं कि गर्मी के दिनों में पानी को लेकर कई जगहों पर संकट पैदा हो रहा है, जल संरक्षण के लिए प्रशासन अपना काम कर रहा है, लेकिन आम जनता के सहयोग से भी प्रशासन अपना काम कर रहा है, लेकिन आम जनता का सहयोग भी बहुत जरूरी है कि हम अपने पुराने जल भंडार को जीवित रखें, जिसमें जल स्तर में कमी ना आए और जलप्रदाय की क्षमता बनी रहे, मेयर ने कहा कि यह एक दो दिन का अभियान नहीं है, हम या प्रयास करें कि हमारे क्षेत्र में एक ऐतिहासिक स्मारक है, इस महत्वपूर्ण स्मारक में सभी आवश्यक रसायन और रसायन शामिल हैं। धन्यवाद इस अभियान में अपना ही सहयोग प्रदान किया गया। प्रवक्ता जैन ने बताया कि रविवार को सनकुंड पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव, राकेशसंतोष जैन, सुनील नारायण सचिन सिटोले, जोन प्रभारी जाकिर अहमद, भुवन श्रीमाली, प्रमिला शर्मा, आशा उपाध्याय, ज्योति दशोरे, नियोयादव एवं क्षेत्रवासियों द्वारा श्रमदान कर अभियान की स्थापना की गई, जिसमें वार्ड प्रमुख रईस खान, अनिल पुरी, आईईसी के सदस्य सुनील पुरी शामिल रहे। अंत में मेयर ने सभी उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता की शपथ दिलाई।



# पोषण सखी महिलाओं को कर रहीं पोषण के प्रति जागरूक

**हरदा।** जिले में 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण अभियान के तहत जिले के ग्रामीण अंचलो में स्व-सहायता समूह के सदस्यो के द्वारा ग्राम स्तर पर रैली, रंगोली, चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि पोषण पखवाड़े के तहत पोषण सखियों द्वारा गतिविधियां आयोजित कर गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं, किशोरी बालिकाओं को पोषण के संबंध में आंगनवाडी कार्यकर्ता सदस्य के साथ समन्वय कर जागरूक कर रही है। जिले में 18 पोषण सखियो के द्वारा गर्भवती महिलाओं के घर जाकर उन्हें समझाया जा रहा है कि बच्चे के जन्म के बाद के पहले 1000 दिनों में बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देना चाहिए।



# सफाई व्यवस्था की करें प्रोपर मॉनिटरिंग लापरवाही करने पर रहे कार्यवाही के लिए तैयार

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



सफाई व्यवस्था की संबंधित अधिकारी प्रोपर मॉनिटरिंग करें, मुख्य रोड पर कहीं भी गंदगी नहीं दिखनी चाहिए तथा सफाई व्यवस्था में कार्यरत रोड स्वीपिंग एवं अन्य मशीनों की लगातार मॉनिटरिंग होत तथा संसाधनों का दुरुपयोग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने आज स्वास्थ्य विभाग एवं सफाई व्यवस्था की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए।

बाल भवन के टीएलसी में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता, मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी कार्यशाला पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी रोड स्वीपिंग मशीन राकेश कश्यप, स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान, भीष्म पमनानी, अजय ठाकुर, दीपेन्द्र सिंह सहित सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, सभी जोनल स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निगमायुक्त संघ प्रिय ने रोड स्वीपिंग मशीनों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठकर इनके प्रोपर रूढ बनायें, कोई भी क्षेत्र छूटे न तथा सभी मुख्य सड़कें कवर हों एव सभी मशीनों का पूर्ण उपयोग हो। यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही मशीनों की सही मॉनिटरिंग एवं उपयोग की जानकारी हेतु आगे पीछे कैमरे लगवाये जाएंगे तथा किसी एक सक्षम अधिकारी को सभी मशीनों की जिम्मेदारी दी जाए। इसके लिए प्रस्ताव तैयार करें। इसके पश्चात वार्ड वार सफाई कर्मचारियों एवं बीट की जानकारी ली जिसमें अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पूर्ण विस्तृत जानकारी के साथ डाटा उपलब्ध करायें तथा कर्मचारियों का युक्त युक्तिकरण करें। जहां अधिक कर्मचारी हो वहां से जहां कम कर्मचारी हैं वहां उपलब्ध करायें। इसके साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों का दिए तथा यह भी निर्देश दिए कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों से जितने घर कवर हो रहे हैं उसके अलावा अन्य शेष घरों से भी कचरा उठाने की व्यवस्था को प्रोपर करें तथा उसके लिए प्रस्ताव दें। वहीं बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए कि संबंधित डब्ल्यूएचओ, जेडएचओ, स्वास्थ्य अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही प्रस्तावित करें।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज से

**ग्वालियर।** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के आह्वान पर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी मंगलवार से अनिश्चितकालीन हडताल पर रहेंगे। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष धर्मवीर शुक्ला ने बताया कि 7 अप्रैल से 13 अप्रैल तक समस्त संविदा कर्मचारी कालीपट्टी बांधकर अपने कर्तव्य स्थल पर कार्य कर रहे थे। 16 अप्रैल को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया फिर भी शासन द्वारा हमारी मांगों का कोई निराकरण नही किया गया। मांगों के निराकरण नही होने के कारण मंगलवार से मध्यप्रदेश के 32 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अनिश्चितकालीन हडताल पर रहेंगे। जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह चरमरा सकती हैं। जिसके लिए पूर्ण रूप से मध्यप्रदेश सरकार जिम्मेदार होगी। मंगलवार से होने वाली हड़ताल का शुभारम्भ हनुमान जी को ज्ञापन देकर किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में संविदा स्वास्थ्य कर्मी भाग लेंगे।




## श्री राजा बाक्षर का 11 दिवसीय उर्स कल से

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक माने जाने वाले श्री राजा बाक्षर का 11 दिवसीय उर्स 23 अप्रैल से 2 मई तक राजा बाक्षर की गोठ दौलतगंज स्थित मंदिर प्रांगण में मनाया जाएगा। उक्त जानकारी मंदिर के गद्दी नशीन तरुण सूर्यवंशी ने एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की 23 तारीख को सुबह 6 बजे न्याज, उसके बाद श्री जी का अभिषेक सुबह 9:00 बजे, आरती दोपहर 2:00 बजे न्याज एवं फकीरों का लंगर रात्रि 8 में चादरपोशी, उसके बाद महाआरती की जाएगी। आरती के बाद मशहूर कलाकार युसूफ निमाजी एवं सलमान अजमेरी द्वारा कव्वाली आयोजित की जाएगी। वहीं 24 अप्रैल से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

# प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक हुई

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा की बैठक जीएच 918 दीनदयाल नगर में सायंकाल 5 बजे सरनाम सिंह जादौन अध्यक्ष प्रांतीय सलाहकार समिति मध्यप्रदेश की अध्यक्षता आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम सरकार का रवैया पेंशनर्स के प्रति अच्छा नहीं होने से सभी पेंशनर्स ने एकजुट होकर के छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश की पुनर्गठन की धारा 2000 की 49/6/को विलोपित करने की मांग मध्यप्रदेश सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार की जाये तथा विरोध दर्ज कराया जाये। केंद्रीय पेंशनर्स के समान 55 प्रतिशत महंगाई राहत मध्यप्रदेश के पेंशनर्स को तुरंत स्वीकृत की जाये। 32 माह एवं 27 मा का एक लंबित एरियर तुरंत दिया जाये। अन्य लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा कर विस्तार से चर्चा की गई। तदुपरांत सभी पेंशनर्स 1 में 2025 को श्रमिक दिवस के दिन जिला स्तरीय सभी पेंशनर्स एकत्रित होकर के कलेक्टर ग्वालियर के माध्यम से ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपे जाने का भी तय किया गया। जिला स्तर पर पेंशनर्स का संयुक्त मोर्चे का गठन किया जाये, जो स्वेच्छा से मोर्चे में शामिल होना चाहते हैं, उनको शामिल किया जाये। बैठक में मोहन सिंह कुशवाह प्रांतीय महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष, सतनाम सिंह जादौन, बलराम सिंह सिकरवार, आरपी शर्मा, कमल किशोर पाराशर, सुधीर सिंह कुशवाह, हवलदार सिंह भदौरिया, जनक सिंह नरवरिया, होम सिंह नरवरिया, मुन्नालाल दीक्षित, विजेंद्र सिंह राजावत, केशव सिंह परमार, महेश शर्मा, श्रीकृष्ण स्वरूप शर्मा, रामबरन सिंह कुशवाह, संत कुमार जैन, शाशिभूषण जामवाल, इंजी. राजकुमार शर्मा, संतोष सिंह राठौर, एलएस चौहान, कमलेश सिंह राठौर, शैलेंद्र कुमार शर्मा, उमेश तिवारी, एमपी शुक्ला, अरविंद सिंह चौहान, आसाराम शर्मा, अशोक सिंह चौहान, कालीचरण दीक्षित आदि उपस्थित थे।

# श्री वैदिक फाउण्डेशन ने गरीब बस्ती में कपड़े वितरित किए

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



श्री वैदिक फाउंडेशन के द्वारा डीडी नगर गरीब बस्तियों में गर्मियों के कपड़े वितरित किये गये। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउण्डेशन की अध्यक्ष व समाजसेविका नीरू त्रिपाठी के द्वारा की गयी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच संघ के अध्यक्ष जीतेन्द्र शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि अनेक परिवार जिनके पास कपड़ों की कमी है, वह लगातार परेशान होते रहते हैं तथा उनके पास पहनने व रहने के लिए पर्याप्त जगह नहीं रहती है, ऐसे में हम सब का कर्तव्य बन जाता है कि हम उनकी संभव मदद कर उनका सहयोग करें। उन्होंने बताया कि श्री वैदिक फाउंडेशन लगातार नीरू त्रिपाठी की अध्यक्षता में पूरे वर्ष कार्य करता रहता है तथा शहर में अनेक जगहों पर समाजसेवा के कार्य इस संगठन के द्वारा किये जाते हैं। कार्यक्रम के संयोजक राइटर समाजसेवी कृष्णकान्त तिवारी ने बताया कि फाउंडेशन के द्वारा केवल वस्त्र वितरण ही नहीं बल्कि प्रत्येक समाज सेवा के कार्य में फाउंडेशन के प्रत्येक सदस्य बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेता है और पूरे शहरवासियों से भी अनुरोध करता हूं कि बच्चे गरीब बेसहारा तथा पीड़ित परिवारों के साथ कंधे से कंधा लगा करके सहयोग प्रदान करें जिससे उनको परिवार की कोई भी कमी महसूस ना हो। आपको बता दें कि फाउंडेशन की अध्यक्ष समाजसेविका नीरू त्रिपाठी ने बताया कि श्री वैदिक फाउंडेशन के द्वारा यह निश्चित किया गया है कि शहर में जितनी भी जगह गरीब बस्तियां गरीब झोपड़ी या गरीब टपके के निवास रहते हैं उनको यथासंभव जीवनयापन की समस्त सामग्री प्रदान की जाएगी। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक सदस्य महीने में अपनी बचत के माध्यम से तथा संगठन के द्वारा लोगों की सहायता जरूर करेगा। इस मौके पर कोचिंग संचालक अमित खमरिया, ददरौआ धाम भक्त मण्डल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चन्द्र गोस्वामी, योग शिक्षक मोन्टू गोस्वामी, योगेश बिहारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पूर्व लोकसभा अध्यक्ष से सौजन्य भेंट की

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



इन्दौर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन एवं पद्मविभूषण से सम्मानित ताई से इंदौर में सौजन्य भेंट की। सुधीर गुप्ता जिला उपाध्यक्ष भाजपा महानगर एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम द्वारा इस अवसर संगठन पर चर्चा एवं ताई द्वारा अपने संगठन अनुभव से अवगत कराया।

## कैंसर हॉस्पिटल पर भोजन वितरण किया



**ग्वालियर।** लायंस क्लब ग्वालियर आस्था द्वारा सेवा गतिविधि प्रसादम के तहत कैंसर हॉस्पिटल पर भोजन वितरण किया गया। जिसका लगभग 300 लोगों ने लाभ लिया। सेवा गतिविधि लायन वंदना जाजू की अध्यक्षता में की गई तथा प्रसादम की संयोजिका लायन सरोज अग्रवाल रही। गतिविधि में पूर्व जॉन चेयरपर्सन लायन ज्योति, आईपीपी लायन रश्मि अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष लायन संगीता जौहरी, सचिव लायन वंदना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन सुनीता गुप्ता, उपाध्यक्ष लायन सीमा बंसल, लायन सुमन गोयल आदि सदस्य उपस्थित रहे। सर्व देव सेवा समिति से मोहन सिंह नगीना वाले तथा राजेश शिवहरे भी उपस्थित रहे।

## लालता मिश्रा भृगु भार्गव ब्राह्मण समाज समिति के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त



**ग्वालियर।** भृगु भार्गव ब्राह्मण समाज समिति के प्रदेश अध्यक्ष पं. आज्ञाराम चौधरी ने लालता प्रसाद मिश्रा (फौजी नेता) को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। श्री मिश्रा अब प्रदेश के सभी जिलों में जिला अध्यक्ष एवं उनकी सहमति पर संभागीय अध्यक्ष नियुक्त करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि लालता प्रसाद मिश्रा ने संगठन की सेवा करते हुए समाज हित में अद्वितीय काम किए हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता, अनुशासनप्रियता और सेवा भावना को देखते हुए यह नियुक्ति निश्चित ही संगठन को नई दिशा प्रदान करेगी।

# सेवार्थ जनकल्याण समिति के सदस्यों ने किया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



सेवार्थ जन कल्याण समिति के सदस्यों ओमप्रकाश दीक्षित, मनोज पांडे, जेपी नामदेव, राकेश श्रीवास्तव द्वारा बच्चों के रोजगार उन्मुखीकरण हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भ्रमण किया। बच्चों के रोजगार हेतु जानकारियां एकत्रित की गईं, जिससे बच्चे स्कूली शिक्षा के उपरांत अपने स्वयं के रोजगार, व्यापार या बड़ी-बड़ी कंपनियों में नौकरी हेतु किस पाठ्यक्रम को करें। जिससे वे भविष्य में अपने पैरों पर खड़े हो सकें, इसकी जानकारी ली गई। समिति के सदस्यों ने आईटीआई के सभी क्लास रूम का भ्रमण करके जानकारियां एकत्रित कीं, यह मध्य प्रदेश का प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान है। यहां अंतरराष्ट्रीय मानकों के मुताबिक एनएसक्यूएफ लेवल 5 की ट्रेनिंग देने की सुविधा उपलब्ध है। यहां कई ट्रेड्स जैसे इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक, एसी मैकेनिक, मशीनिस्ट, रेफ्रिजरेशन, ड्राफ्ट्समैन, वेल्डर, टर्नर, स्टेनोग्राफर इत्यादि स्किल कोर्सेज ,मध्य प्रदेश एवं केंद्र सरकार के माध्यम से करवाए जाते हैं। इसके उपरांत बच्चे अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में अपना रोजगार ले सकें। इस कैंपस में वाई-फाई, स्मार्ट क्लासरूम, मॉडर्न मशीनरी, बड़ी-बड़ी कंपनियों के अतिरिक्त विदेश में भी ऑन दी जॉब ट्रेनिंग, मध्य प्रदेश एवं केंद्र शासन की विभिन्न छात्रवृतियां, हॉस्टल की सुविधा, कैंपस प्लेसमेंट की सुविधा बहुत कुछ ऐसी विशेषताओं युक्त कैंपस ग्वालियर में न्यूनतम फीस के साथ मौजूद है। दिव्यांग बच्चों के लिए प्रशिक्षण तथा हॉस्टल की सुविधा, बच्चे ऐसी सुविधाओं का अवश्य फायदा उठाएं। इस कैंपस में लड़कों के साथ लड़कियां भी बराबर ट्रेनिंग लेती हैं, यहां आठवीं, दसवीं 12वीं और ग्रेजुएशन वाले छात्र भी ट्रेनिंग ले रहे हैं। जिसके माध्यम से वे बहुराष्ट्रीय कंपनियां, रेलवे, एनटीपीसी, ओएनजीसी, इंडियन ऑयल जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियों में अपने जॉब कर सकते हैं। समिति के सदस्यों के आग्रह पर आईटीआई का स्टाफ सेवार्थ पाठशाला में भ्रमण कर बच्चों को इसके बारे में जानकारी देगा। इसके अतिरिक्त मई माह में बस के द्वारा पात्र बच्चों का एक भ्रमण का आयोजन रखा जाएगा। जिससे बच्चे वहां की कार्यशाला एवं कॉलेज कैंपस को स्वयं देखकर निर्धारण कर सकें कि उन्हें किस ट्रेड में ट्रेनिंग लेकर अपने भविष्य को संवारना है।

## कैट एवं पुलिस के बीच सौहार्दपूर्ण क्रिकेट मैच 11 मई को



**ग्वालियर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) यूथ विंग के प्रदेश प्रभारी आकाश जैन ने बताया कि कैट और पुलिस के मध्य सौहार्दपूर्ण क्रिकेट मैच 11 मई को खेला जायेगा। पुलिस महानिरीक्षक अरविन्द सक्सैना, पुलिस उप महानिरीक्षक अमित सांघी से भेंटकर 11 मई की तिथि निर्धारित की। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में व्यापारियों और पुलिस के मध्य सौहार्दपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन कैट की यूथविंग द्वारा किया जा रहा है। कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, थाना स्तरीय व्यापारिक समिति के ग्वालियर चम्बल संभाग के संयोजक अज्ञात गुप्ता, एस.एस.शुक्ला, कैट मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष पवन जैन शिवपुरी ने गत अधिकारियों से मुलाकात कर ग्वालियर जोन के चारों जिलों में सौहार्दपूर्ण क्रिकेट मैच कराये जाने की बात रखी। इसी श्रृंखला में 11 मई से यह आयोजन प्रारंभ होगा। तत्पश्चात ग्वालियर, डबरा, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर एवं अन्य तहसील स्तर पर भी व्यापारी इस सौहार्दपूर्ण मैच में भागीदारी करेंगे।

## भाजपा युवा नेताओं ने की जिला उपाध्यक्ष से भेंट

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

भारतीय जनता पार्टी के युवा नेताओं ने हाल ही में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक जादौन (बाबा) से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संगठनात्मक विषयों पर विचार विमर्श हुआ और युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक के दौरान अशोक जादौन ने कहा, भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि यह एक विचारधारा और परिवार है। इसकी मजबूती का आधार इसके समर्पित कार्यकर्ता है। हर कार्यकर्ता का योगदान पार्टी को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर अमित श्रीवास्तव जिला सह संयोजक आईटी, अनिल सोनी मंडल संयोजक आईटी, जसवंत कुशवाह मंडल प्रभारी, राजीव श्रीवास्तव जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ नमो नमो मोर्चा सहित भाजपा के युवा नेता उपस्थित थे। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और सभी युवा नेताओं ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण दोहराया।



## वृक्ष आश्रम में बोनसाई व देखरेख कार्यशाला हुई



**ग्वालियर।** पर्यावरण दूत फाउंडेशन द्वारा संचालित वृक्ष आश्रम में बोनसाई एवं पौधों के रखरखाव की कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर नीतू बंसल ने बोनसाई कला–कटिंग, छंटाई, वायरिंग व मिट्टी चयन की संक्षिप्त तकनीक बताई। रोहित उपाध्याय ने वृक्ष आश्रम के कार्यों एवं नवीन योजना की जानकारी प्रदान की। वहीं मधु शर्मा, आभ, राहत, सबनम, सुदीप सक्सेना, ब्रजेश गुप्ता, हिरदेश सिंह ने पौधों की कटाई छंटाई, खाद में मदद प्रदान की और वृक्ष आश्रम को हरा-भरा बनने के लिए कार्य किया गया। 27 अप्रैल को यूनिवर्सिटी थाना के पास महलगांव रोड, सिटी सेंटर में सस्टेनेबल गार्डनिंग पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली 28 को

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



कांग्रेस की संविधान बचाऔ रैली का आयोजन आगामी 28 अप्रैल को ग्वालियर में किया गया है। रैली में अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल होंगे। रैली की तैयारियों को लेकर विधानसभा प्रभारी बनाए गए है। इसके साथ ही सभी कांग्रेस पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशी अपने-अपने वार्ड के प्रभारी होंगे। यह सभी प्रभारी अपनी विधानसभा एवं वार्डों में गली-मौहल्लों में घर-घर जाकर प्रत्येक नागरिक से संपर्क करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने बैठक में कहा कि ग्वालियर में 28 अप्रैल को संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। जिला प्रबंध कार्यकारिणी का प्रत्येक सदस्य और हर ब्लॉक अध्यक्ष रैली को विशाल बनाने की तैयारियों में जुट जाये। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जहां लगातार देश के संविधान को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं। सत्ता के नशे में चूर कुछ ताकतें संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को चोट पहुंचा रही हैं, जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। ऐसे समय में चुप रहना, आंख मूंद लेना देश के भविष्य से गद्दारी होगी। इसलिए कांग्रेस पार्टी ने तय किया है अब नहीं सहेंगे और संविधान की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाएंगे। बैठक में पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, विधायक डॉ. सतीश सिह सिकरवार, विधायक सुरेश राजे, प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, राहुल शर्मा, दशरथ सिंह गुर्जर, संजय सिंह राठौर, महेन्द्र चतुर्वेदी, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे, सुरेन्द्र यादव, रविन्द्र सिंह चैहान, राजा गुर्जर, श्रीमती मीनू परिहार, सौरभ जैन, अनिरूद्ध सिंह तोमर आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल एवं आभार व्यक्त सेवादल अध्यक्ष हरेन्द्र गुर्जर ने किया।

# दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने संरक्षण सभा का आयोजन किया

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



दिव्य ज्योति जागृति संस्थान (डीजेजेएस) एक अध्यात्मिक एवम् सामाजिक संस्था है, जिसके संस्थापक एवं संचालक गुरुदेव आशुतोष महाराज है। संस्थान द्वारा चलाये जा रहे 9 सामाजिक प्रकल्पों मे से एक प्रकल्प संरक्षण जो मां प्रकृति को समर्पित है। इस प्रकल्प के अंतर्गत संस्थान बहुत से कार्य कर रहा है, जिसके मध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, कि किस प्रकार प्रतेक मानव मां प्रकृति के संरक्षण मे अपना योगदान दे सकते हैं। संस्थान बहुत सी रैली, वर्कशॉप, नुकड़ नाटक आदि के मध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचा रहा है। संरक्षण प्रकल्प के अंतर्गत ग्वालियर के इटालियन गार्डन में संरक्षण सभा का आयोजन किया गया। इस कार्य मे रैली, एक्विटीज, डांस के मध्यम से लोगों को मां पृथ्वी के प्रति जागरूक किया गया। छोटे छोटे बच्चो ने रैली के मध्यम से लोगो को संदेश दिया की यदि मानव जीवन को बचाना है तो प्रकृति को संरक्षित करना होगा। साध्वी मदालसा भारती, साध्वी रंजीता भारती एवं साध्वी आकांक्षा भारती द्वारा बहुत सी एक्विटीज के माध्यम से जन समाज को समझाया की थ्रीआर क्या है एवं उनका किस प्रकार उपयोग कर हम वेस्ट को कम कर सकते हैं। 300 से भी अधिक लोगों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया।

## नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 17 वार्ड क्रमांक 38 भवन क्रमांक स्थान गोकुलधाम बेलदारपुरा में स्थित है जो कि श्री रामभरोसे कुशवाह/पिता श्री रामप्रसाद कुशवाह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक ....... पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक MP14260202024A1789038 दिनांक 21/06/2024 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढोलीबुआ का पुल के पास क्षेत्र क्रमांक 17 आवेदन दिनांक 17/04/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 71/2010/57663/57858 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 21.04.2025

आवेदक का नाम
श्रीमती अनीता रावत
पति श्री भूपेन्द्र सिंह रावत
गोकुलधाम बेलदारपुरा वार्ड–38

## ब्रीफ न्यूज

### विराट सबसे अधिक बार 50 से ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**मुल्लांपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली अब आईपीएल में सबसे अधिक बार 50 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। विराट ने इसके साथ ही डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया है। आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में मार्को जैन्सन की गेंद पर एक रन बनाने के साथ ही आईपीएल में अपना 59 वां अर्धशतक पूरा किया वहीं उनके नाम 8 शतक है। इस प्रकार देखा जाये तो विराट ने 260 मैचों में 67 बार पचास से अधिक रन बनाये हैं। वहीं वॉर्नर के नाम 66 अर्धशतक हैं। तीसरे नंबर पर शिखर धवन 53 व चौथे पर रोहित शर्मा 45 और पांचवे पर केएल राहुल के 43 अर्धशतक हैं। आईपीएल में लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट का रिकार्ड काफी अच्छा है। इस बार आईपीएल में विराट ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 59 रन बनाये जबकि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 62 व पंजाब किंग्स के खिलाफ 50 रन बनाये।

### आईपीएल में रनों के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंचे रोहित

**मुम्बई।** मुम्बई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गये है। रोहित ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले में अपनी अर्धशतकीय पारी के साथ ही पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन को पीछे छोड़ दिया। रोहित के अब कुल 6786 रन हो गये हैं। वहीं धवन के 6769 रन थे। विराट कोहली 8326 रनों के साथ ही पहले स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर 6565 रनों के साथ चौथे और पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना 5528 रनों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। वहीं आईपीएल में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच की बात करें तो पूर्व दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एबी डिविलियर्स इसमें शीर्ष पर हैं।

### रॉयल्स को प्लेऑफ में पहुंचने अब जीतने होंगे छह मैच

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्य की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और उसे 8 मैचों में से 6 में हार का सामना करना पड़ा है। इससे टीम अंकतालिका में आठवें स्थान पर खिसक गयी है और उसके प्लेऑफ्स में पहुंचने की राह बेहद कठिन हो गयी है। इसके बाद भी अभी रॉयल्स के लिए प्लऑफ के रास्ते बंद नहीं हुए हैं हालांकि एक और हार से वह जरुर बाहर हो सकती है। रॉयल्स के अभी केवल चार अंक हैं पर उसका नेट रन रेट अच्छा है। इसी कारण वह सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स से आगे बनी हुई है। इन दोनो टीमों के भी 4-4 अंक हैं। सनराइजर्स और सीएसके ने अभी तक 7-7 मैच खेले हैं, जबकि राजस्थान रॉयल्स ने 8 मैच खेले हैं। राजस्थान का अब अगर प्लेऑफ में पहुंचना है तो उसे बाकि बचे हुए छह मैच जीतने होंगे। इसके बाद टीम के 16 अंक हो जाएंगे।



मार्क डिमेया में एवीसी वुमंस चैम्पियंस लीग में खेलती हुई खिलाड़ी।

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारियों में लगी है भारतीय महिला हॉकी टीम

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



भारतीय महिला हॉकी टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभी से तैयारियों में लगी है। हॉकी इंडिया ने टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ड्रैग फ्लिक ताइके ताइकेमा से भी करार किया है। इसी के तहत ताइकेमा टीम की इस कमजोरी को भी कम करने में लगे हैं। ताइकेमा ने भुवनेश्वर में प्रो लीग से पहले सात दिवसीय शिविर में भी भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं।

# सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

## शाम 7.30 बजे से होगा मैच, ऐसे में इस मैच में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा

**एजेंसी ■ लखनऊ**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी हालांकि सुपर जाइंट्स को उसके घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। दोनो ही टीमों के 10-10 अंक हैं पर बेहतर औसत के कारण दिल्ली दूसरे और सुपर जाइंट्स पांचवे स्थान पर है। ऐसे में इस मैच में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। दोनो ही टीमों के कप्तान इस मैच से अपनी लय हासिल करने उतरेंगे। सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत का बल्ला खामोश है जो लखनऊ के लिए परेशानी का कारण है। उन्होंने अभी तक 8 मैच में केवल 106 रन बनाए हैं जिसमें 63 रन की एक पारी भी शामिल है। उनका स्ट्राइक रेट 98 है जो चिंता का विषय है। वहीं दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल भी अभी तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बल्लेबाजी में उन्होंने 159 के स्ट्राइक रेट से 140 रन बनाए हैं लेकिन उनकी गेंदबाजी प्रभावहीन रही है। वह अभी तक सात मैच में केवल एक विकेट ले पाए हैं और उनका इकोनॉमी रेट 9.36 है। इस मैच में जीत के लिए दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों को भी रन बनाने होंगे। अब तक दिल्ली के सलामी बल्लेबाज इस सत्र में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। अब उसके बल्लेबाजों फाफ डु प्लेसी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल को रन बनाने होंगे। करुण नायर का प्रदर्शन हालांकि अब तक अच्छा रहा है। मध्यक्रम में केएल राहुल का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है जिसे वह बनाये रखना चाहेंगे। गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, आवेश खान और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाज है जिनका सामना करना सुपर जाइंट्स के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा। आवेश ने पिछले मैच में लखनऊ को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत दिलायी थी। उसी प्रदर्शन को अब वह दोहराना चाहेंगे। वहीं दूसरी ओर लखनऊ की टीम के पास मिशेल मार्श, निकोलस पूरन और एडेन माक्रम जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर सकते हैं।



इसके अलावा कैपिटल्स के पास मिशेल स्टार्क जैसा तेजी गेंदबाज व कुलदीप यादव जैसा स्पिनर है। विपराज निगम और मुकेश कुमार ने भी इनका अच्छा साथ दिया है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

**लखनऊ सुपर जाइंट्सः-** ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन माक्रम, मिशेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हैंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, मयंक कुलकर्णी, अर्शीन यादव।

**दिल्ली कैपिटल्सः-**अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकांडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुशमंथा चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल, माधव तिवारी।

# आईपीएल अंक तालिका में फिर शीर्ष टीमों में पहुंची आरसीबी



**एजेंसी ■ मुम्बई**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम एक बार फिर आईपीएल अंकतालिका में शीर्ष चार में पहुंच गयी है। आरसीबी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 7 विकेट मिली जीत के साथ ही अंकतालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं मुम्बई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर जीत के साथ ही अंक तालिका में छठा स्थान हासिल किया है। है। मुंबई इंडियंस की टीम के लगातार तीसरी जीत के बाद 8 मैचों में 4 जीत के साथ ही कुल 8 अंक हो गये हैं। दूसरी ओर सीएसके की टीम 8 में से 2 ही मैच जीत पाई है और 4 अंक के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। उसका प्लेऑफ तक पहुंचना अब असंभव हो गया है। वहीं आरसीबी की टीम पंजाब के खिलाफ मैच से पहले टीम पांचवें स्थान पर थी पर जीत के साथ ही वह ऊपर आयी है। बेंगलुरु के 8 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक हैं और तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। पंजाब और लखनऊ सुपर जाइंट्स के भी 8 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक हैं पर नेट रन रेट के कारण ये पीछे हो गयी हैं। पंजाब चौथे जबकि लखनऊ पांचवें स्थान पर है। इसके अलावा गुजरात टाइटंस अभी भी पहले स्थान पर है।


वहीं सबसे अधिक रनों के साथ ही ऑरेंज कैप पर निकोल्स पूरन का कब्जा बना हुआ है। पूरन के 8 पारियों में 52.57 की औसत और 87 के स्कोर के साथ 368 रन हैं जिसमें 4 अर्धशतक भी शामिल हैं। गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन उन्हें कभी भी पीछे कर सकते हैं। सुदर्शन ने अब तक 7 पारियों में 365 रन बनाए हैं। वहीं सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप अभी भी गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा के पास है। हुए हैं। कृष्णा ने 7 इनिंग्स में 7.44 की ईकोनॉमी के साथ 14 विकेट लिए हैं।

# सुंदर पिचाई ने की वैभव की जमकर प्रशंसा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

आईपीएल में सबसे कम उम्र 14 साल में डेब्यू कर रिकार्ड बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी की सर्च इंजन गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भी जमकर प्रशंसा की है। वैभव ने आईपीएल कैरियर की पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर सभी को हैरान कर दिय था। वैभव को गत वर्ष हुई नीलामी में राजस्थन रॉयल्स ने एक करोड़ से अधिक राशि में खरीदा था। पिचाई ने वैभव की प्रशंसा में एक पोस्ट किया जिसमें उन्होंने लिखा कि कैसे वो इस बल्लेबाजी को खेलते हुए देखने का इंतजार कर रहे थे। वैभव ने अपने पहले ही मैच में 20 गेंदों पर 34 रन की शानदार पारी खेली जिसमें तीन छक्के शामिल थे। इस बल्लोज ने निडर होकर





गेंदबाजों का सामना किया। वैभव ने यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी निभाई। वैभव को इस मैच में चोटिल कप्तान संजू सैमसन की जगह उतारा गया था। इस मुकाबले की अंतिम गेंद पर लखनऊ सुपर जायंटस ने जीत हासिल कर ली थी। वैभव ने तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर की पहली ही गेंद पर जैसे ही छक्का लगाया पूरा स्टेडियम वैभव-वैभव करने लगा। वैभव ने अपनी पारी में 3 छक्के और 2 चौके लगाये। इस दौरान वैभव का स्ट्राइक रेट 170 का रहा। पिचाई ने सोशल मीडिया पर वैभव की तारीफ करते हुए लिखा, 'आठवीं क्लास के बच्चे को आईपीएल में खेलते देखने के लिए उठा। क्या शानदार डेब्यू किया है।' वैभव आईपीएल शुरू होने के बाद पैदा होने वाले वह एकमात्र क्रिकेटर हैं। उन्होंने 14 साल 23 दिन की उम्र में आईपीएल डेबयू किया। इससे वह आईपीएल में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले ये रिकार्ड प्रयास रे बर्मन के नाम था। प्रयास ने साल 2019 में 16 साल और 157 दिन की उम्र में आईपीएल डेब्यू किया था। वैभव आईपीएल में छक्का लगाने वाले भी सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे रियान पराग के नाम था। पराग ने 17 साल और 161 दिन की उम्र में छक्का लगाया था।



ब्रिटेन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए इपिसविच टाउन और आर्सेनल के खिलाड़ी।

**घोषणा** श्रेयस और ईशान की वापसी, कई नये खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया

# बीसीसीआई ने सालाना केन्दीय अनुबंध घोषित किये

**एजेंसी ■ मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2024-25 के लिए केन्द्रीय अनुबंध की घोषणा कर दी है। इसमें 34 खिलाड़ियों को रखा गया है। श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की वापसी हुई है जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को प्रमोट किया गया है। अय्यर और ईशान को पिछले साल केन्द्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद श्रेयस ने काफी अच्छा प्रदर्शन कर टीम में वापसी की जिससे बाद से ही उन्हें अनुबंध मिलना तय माना जा रहा था। वहीं ईशान की अब तक टीम इंडिया में वापसी नहीं हुई है और घरेलू स्तर पर भी उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है, ऐसे में उनको अनुबंध मिलना हैरानी की बात है। बीसीसीआई के अनुसार टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा सबसे ऊपर ए प्लस ग्रेड में बने रहेंगे। श्रेयस को ग्रेड बी



और ईशान को ग्रेड सी में रखा गया है। वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को को लाभ हुआ है और वह बी से ग्रेड ए में प्रोमोट हुए हैं। ऋषभ ने वापसी के बाद काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। चैम्पियंस ट्रॉफी में भी उन्होंने प्रभावित किया था। इसके अलावा वरुण चक्रवर्ती, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल जैसे नए खिलाड़ियों को भी अनुबंध में शामिल किया गया है।

**ग्रेड ए प्लसः-** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा

**ग्रेड एः-** मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत

**ग्रेड बीः-** सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर

**ग्रेड सीः-**रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसीद कृष्ण, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, नितीश कुमार रेड्डी। इशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा

**वेतनः-** ग्रेड ए प्लस में 7 करोड़ रुपए जबकि ग्रेड ए में 5 करोड़ रुपए और ग्रेड बी में 3 करोड़ रुपए व ग्रेड सी में एक करोड़ रुपए दिये जाते हैं।

### खराब दौर में भी अपनी क्षमताओं पर संदेह नहीं किया : रोहित

**मुंबई।** आक्रामक सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि खराब दौर में भी उन्हें कभी भी अपनी क्षमताओं पर संदेह नहीं हुआ। रोहित ने आईपीएल के शुरुआती मैचों में विफल रहने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ शानदार अर्धशतक लगाकर दिखाया है कि उनका खेल कौशल सही है। रोहित ने इस मैच में 45 गेंदों पर ही नाबाद 76 रन बना दिये। इसमें चार चौके और छह छक्के शामिल थे। इससे पहले के मैचों में वह काफी कम रन बना पाये थे। रोहित ने कहा, 'लंबे समय तक रन नहीं बन पाने के बाद लोग अपनी ही क्षमता पर संदेह करते है।

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075



सत्ता सुधार




# लखनऊ में इस सीजन में पहली बार पारा 40 पार

- प्रदेश में गर्मी का कहर... अभी और बढ़ेगा तापमान
- बुंदेलखंड, दक्षिणी जिलों में गर्म हवा ने झुलसाया
- चुभने वाली गर्मी से परेशान काशीवासी

**झुलसाने वाली तपन**

| जिला | तापमान |
|---|---|
| प्रयागराज | 44 डिग्री |
| वाराणसी | 43 डिग्री |
| झांसी | 42.2 डिग्री |
| आगरा | 42.2 डिग्री |
| लखनऊ | 41 डिग्री |

## उत्तर प्रदेश के लखनऊ, प्रयागराज, आगरा समेत 9 शहरों का तापमान 40 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में गर्मी का कहर शुरू हो गया है। सोमवार को बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को परेशान किया। सोमवार को लखनऊ, हमीरपुर, प्रयागराज, आगरा, बांदा,उरई आदि में अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। लखनऊ में इस सीजन में पहली बार पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा। शहर में दोपहर 2:30 बजे पारा 41 डिग्री सेल्सियस पर पहुच गया। वहीं, कई जिलों में सोमवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा और सीजन में पहली बार वहां पारा 40 डिग्री सेल्सियस के सूचकांक तक पहुंचा। मौसम विभाग का कहना है अगले चार-पांच दिनों तक उत्तर प्रदेश में यूं ही गर्मी की मार जारी रहने वाली है।



### पांच डिग्री तक बढ़ेगा पारा

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का अनुमान है। वहीं, बुंदेलखंड और दक्षिण के कुछ जिलों के लू की चपेट में आने के संकेत हैं। मंगलवार को झांसी व कुछ अन्य जिलों में तापमान के 45 डिग्री तक पहुंच जाने का अनुमान है।

### प्रदेश में आज से चलेगी लू

मौसम विभाग के मुताबिक 26 अप्रैल तक मौसम के शुष्क और साफ रहने की संभावना है। 22 से 24 अप्रैल तक कहीं-कहीं उष्ण लहर ( लू) चलने का पूर्वानुमान है। आगरा में बढ़ते तापमान और हीट वेव को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर कक्षा 8वीं तक के सभी स्कूलों का समय बदल कर सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक कर दिया गया है।

### वाराणसी में तीसरी बार 40 के पार पारा

इधर, काशी में मौसम ने लोगों का हाल अभी से बेहाल कर दिया है। अप्रैल में ही जून जैसी गर्मी पड़ने लगी है। तेज धूप और गर्मी के चलते घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सोमवार की सुबह तेज धूप के साथ हुई। सुबह 7 बजे ही दोपहर की तरह धूप चुभने लगी। आलम ये है कि पिछले दो दिन से तेज धूप होने के बाद पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया। तेज धूप और हवा में नमी खत्म होने से दिन से 24 घंटे में ही अधिकतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 40.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### हर कोई गर्मी से परेशान

हर कोई गर्मी से परेशान हो गया है। पूरे दिन हवा नहीं चली, इस वजह से धूप भी बहुत असरदार रही। रात में भी गर्मी से किसी तरह की कोई राहत नहीं मिली। पिछले सप्ताह पश्चिमी विक्षोभ की वजह से सुबह और रात में हवा में नमी से लोगों ने राहत महसूस की। अधिकतम तापमान भी औसत से नीचे आ गया था। मौसम में इस बदलाव की वजह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी तेजी से ऊपर आया है।

### बिजनौर में तेज बारिश जमकर गिरे ओले

बिजनौर जिले के कई हिस्सों में सोमवार को मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ भारी ओलावृष्टि हुई। नूरपुर क्षेत्र के मोरना गांव में करीब 3 इंच तक ओलों की परत जम गई, जिससे खेतों में सफेदी की चादर सी बिछ गई। वहीं स्योहारा समेत जिले के अन्य ग्रामीण इलाकों में भी ओलावृष्टि जारी है। तेज हवाओं के चलते बिजनौर शहर में कई जगहों पर पेड़ गिर गए, जिससे सड़क मार्ग बाधित हुआ और बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही। खराब मौसम के चलते जनजीवन प्रभावित बना हुआ है।

# नगर निगम की बोर्ड बैठक में एक देश-एक चुनाव का प्रस्ताव पास

## अटल सभागार में गूंजा जय श्री राम का नारा

सत्ता सुधार ■ मेरठ

मेरठ नगर निगम की बोर्ड बैठक सोमवार को चौधरी चरण सिंह विवि के अटल सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सांसद अरुण गोविल ने एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव रखा, जिसे बहुमत के आधार पर पार्षदों ने पास कर दिया। प्रस्ताव पास होते ही जय श्री राम के नारे अटल सभागार में गूंजने लगे। बैठक में महापौर हरिकांत अहलूवालिया, ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज व भाजपा के सभी पार्षद और विपक्ष के पार्षद मौजूद रहे। एआईएमआईएम पार्षद फजल करीम सहित मुस्लिम लीग के पार्षद ने भी प्रस्ताव का बहिष्कार किया। इस दौरान भाजपा पार्षद अरुण मचल ने विरोध कर रहे एआईएमआईएम पार्षद फजल करीम के हाथों से माइक छीन लिया। जिसको लेकर कहासुनी हो गई। हालांकि मामला थोड़ी देर में ही शांत हो गया।



### धन और समय दोनों की हानि

प्रस्ताव रखते हुए सांसद अरुण चंद्र प्रकाश गोविल ने कहा की वर्तमान समय में एक राष्ट्र एक चुनाव की जरूरत है। ऐसा कोई वर्ष नहीं होता। जिसमें चुनाव नहीं होते हैं। साल भर में 2 से 3 महीने चुनाव में खराब हो जाते हैं। धन और समय दोनों की हानि होती है। एक राष्ट्र एक चुनाव होने से इन सबसे बच्चा जाएगा। राष्ट्र संबंध उन्नति की ओर बढ़ेगा। कांग्रेस की सरकार ने कभी इस विषय पर नहीं सोचा उन्हें तो बार-बार चुनाव कराने की बुरी लत लग गई थी।

### अभियान चलाया गया

ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि यह जनमत संग्रह नगर निगम नगर पालिका नगर पंचायत सभी से कराया जा रहा है। प्रदेश के अन्य नगर निगमो में भी या अभियान चलाया गया है।

# ग्वालियर में मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए छात्रों की पहली पसंद वरदानी क्लासेस

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

ग्वालियर के शैक्षणिक परिदृश्य में वर्धानी क्लासेस एक भरोसेमंद और लोकप्रिय नाम बन चुका है। संस्थापक एवं सीईओ डॉ. करण वर्धानी के मार्गदर्शन में यह संस्थान NEET और IIT-JEE जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावशाली तैयारी करवाता है। संस्थान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि छात्रों की सोच, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को भी मज़बूत किया जाता है। 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह संस्थान फाउंडेशन कोर्स के साथ-साथ बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक समग्र तैयारी कराता है।



डॉ. करण वर्धानी
निर्देशक, वर्धानी बायोलॉजी क्लासेज




# यूपी के भदोही में 6459 पति पत्नी ले रहे सम्मान निधि

## फर्जीवाड़ा आया सामने, अब सरकार करेगी रिकवरी

एजेंसी ■ भदोही

केंद्र की महत्वकांक्षी पीएम किसान सम्मान निधि योजना में गड़बड़ी सामने आई है। जिले में 6459 पति-पत्नी योजना का लाभ लेते पाए गए। फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री बनाने के दौरान ऐसे दंपती पकड़ में आए हैं। निदेशालय से सूची आने के बाद कृषि विभाग सत्यापन करा रहा है। 2024 किसानों का सत्यापन भी हो चुका है। 6459 में 3229 को निधि के पोर्टल से हटा दिया जाएगा। 30 अप्रैल तक सत्यापन पूर्ण होने पर मई में इनको रिकवरी नोटिस दिया जाएगा। अब तक दो हजार से अधिक किसानों के घर पहुंचकर



सत्यापन किया जा चुका है। जांच में पति और पत्नी दोनों सम्मान निधि लेते पाए गए तो एक सदस्य की सम्मान निधि रोकने के साथ वसूली भी होगी। इसके लिए उन्हें नोटिस भेजा जाएगा। इसमें पत्नी की सम्मान निधि जारी रह सकती है और पति की रोकी जाएगी।

### जिले में 46 हजार लाभार्थी

गौरतलब है कि जिले में दो लाख 46 हजार पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी हैं। एक लाख 95 हजार को योजना की 19वीं किस्त भी मिल चुकी है। जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य चल रहा है। इसमें उनकी खेती संग परिवार और पता आदि का लेखा-जोखा रहेगा। फॉर्मर आईडी और आधार से शासन स्तर पर जिले के 6459 पति-पत्नी की सूची तैयार की गई है, जिनके द्वारा किसान सम्मान निधि का दोहरा लाभ लिया जा रहा है। कृषि निदेशालय से दंपतियों की भेजी गई सूची का परीक्षण करने के लिए विभाग सत्यापन कराने में लगा है।

# बरात से लौट रहे पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत

## तेज रफ्तार ट्रक बाइकों में मारी टक्कर

**रामपुर।** बिलासपुर में नैनीताल रोड पर बरात से वापस लौटते समय बाइक सवार पिता पुत्र और पुत्रवधु को भूसे से भरे ट्रक ने रौंद दिया। इससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में ले लिया। हादसे में मृत केमरी थाना क्षेत्र के सुनारखेड़ा के रहने वाले हैं। यह हादसा बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के धावनी हसनपुर गांव के पास का है। केमरी थाना के सुनारखेड़ा गांव निवासी मियां जान (68) अपने बेटे मोहम्मद आमीन (37), उनकी बहू शकीना बी (35) रविवार की रात में बिलासपुर में किसी रिश्तेदार के यहां बरात में



शामिल होने गए थे। रात करीब 11 बजे तीनों लोग दो बाइकों से वापस लौट रहे थे। धावनी हसनपुर गांव के पास मियां जान फोन पर किसी से बाइक रोककर बात करने लगे। उनको रुका देखकर आमीन और उनकी पत्नी शकीना रुक गईं। तीनों लोग बाइक खड़ा कर बातें करने लगे। इस बीच बिलासपुर से आते भूसे से भरे ट्रक ने तीनों को रौंद दिया। इसमें तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मय ट्रक के फरार हो गया। घटना की जानकारी पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

### नियम से होती है थानेदारों की तैनाती, भ्रामक बयान न दें

**लखनऊ।** थानेदारों की तैनाती में भेदभाव के सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान की डीजीपी प्रशांत कुमार ने निंदा करते हुए कहा कि जिम्मेदार पद पर बैठे लोगों को ऐसे भ्रामक बयान देने से बचना चाहिए। डीजीपी ने कहा कि सोशल मीडिया में थानेदारों की तैनाती में जाति को लेकर कुछ पोस्ट वायरल हो रही है। उन्होंने बताया कि थानेदारों की तैनाती शासन के नियमों के अनुरूप की जा रही है।




# सेवा सुरक्षा बहाली के लिए लखनऊ में भरी हुंकार

## प्रदेशभर के शिक्षक, बोले- उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं



सत्ता सुधार ■ लखनऊ

सेवा सुरक्षा की बहाली के लिए सोमवार को शिक्षकों ने अपनी आवाज बुलंद की। प्रदेश भर से इको गार्डेन में एकत्र हुए शिक्षकों ने शिक्षक सेवा सुरक्षा की धारा 12,18, एवं 21 को नए आयोग में जोड़ने की मांग की। प्रदर्शनकारियों की अगुवाई कर रहे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 12, 18 एवं 21 को यूपी माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 से निष्कासित कर दिया गया है। इन तीनों धाराओं के उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में न होने से प्रदेश भर के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब से तीनों धाराएं समाप्त की गई है, प्रदेश में शिक्षकों का निलंबन और बर्खास्तगी का सिलसिला शुरू हो गया है। शिक्षक सेवा सुरक्षा के अभाव में भयभीत हैं। उन्होंने कहा कि सेवा सुरक्षा प्रदान करते हुए अशासकीय माध्यमिकों का पूरी तरह राजकीयकरण किया जाए। प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुमार कुशवाहा ने कहा कि सहायक अध्यापक से प्रवक्ता पद पर पदोन्नति बीते डेढ़ वर्ष से बंद है।




**स्वात्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुब्बारा फाटक, जिंसी नाला नं.2 ग्वालियर से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न.** 9893126900, 7869966100 स्थानीय संपादक **विनय कुमार अग्रवाल* मोबाईल न. 9425112345** आर.एन.आई. नं. 71276/99 डाक पंजीयन क्रमांक-552 विधिक सलाहकार, श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, सभी विवादों के लिए न्यायालयीन क्षेत्र ग्वालियर मान्य होगा, **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।** फोन- 0751-4925449, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910